रांची
बुधवार, 14 मई, 2025
ज्येष्ठ, कृष्ण, द्वितीया, संवत् 2082
स्थापित : 1991, संस्थापक : बलबीर दत्त
वर्ष : 34, अंक : 177
पृष्ठ : 12, मूल्य : 3.00

# देश प्राण

सच की ताकत

सत्यस्य शक्तिः सर्वोपरि

contact@deshpran.in | Desh Pran | Desh Pran | Desh Pran | @deshpran | @deshpran | Desh Pran | www.deshpran.com

## सुविचार

जीवन को सही दिशा देने के लिए सही ज्ञान होना जरूरी है।

## इतिहास के पन्नों में

### 14 मई



**जन्म दिवस**

**दादा साहेब फाल्के**

जन्म : 14 मई, 923 ई.
मृत्यु : 30 दिसम्बर, 2018 ई.

मृणाल सेन भारतीय फि ल्मों के प्रसिद्ध निर्माता व निर्देशक थे। इनकी अधिकतर फिल्में बांग्ला भाषा में हैं। बंगाली, उड़िया, तेलुगु और हिंदी फि ल्मों में समान रूप से सक्रिय रहे मृणाल सेन भारत में समानांतार सिनेमा आंदोलन के अग्रणी माने जाते हैं। पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने मेडिकल रिप्रेंजेंटेटिव, पत्रकारिता और साउंड रिकॉर्डिंग सरीखे कई काम किये। फिल्मों में जीवन के यथार्थ को रचने से जुड़े और पढ़ने के शौकीन मृणाल सेन ने फिल्मों के बारे में गहराई से अध्ययन किया और सिनेमा पर कई पुस्तकें भी प्रकाशित कीं, जिनमें शामिल हैं– 'न्यूज ऑन सिनेमा' (1977) तथा 'सिनेमा, आधुनिकता' (1992)। मृणाल सेन ने फि ल्मों में निर्देशन की शुरुआत 1956 में बंगाली फिल्म 'रात भोरे' से की। 1958 में उनकी दूसरी सफल फिल्म 'नील आकाशेर नीचे' आई।

# हम घर में घुसकर मारेंगे, बचने का मौका नहीं देंगे : पीएम मोदी

## पंजाब के आदमपुर एयरफोर्स स्टेशन पर प्रधानमंत्री में जवानों में भरा जोश

### भारत शांति के पक्ष में है, लेकिन शत्रु को धूल चटाने के लिए भी तैयार

**नयी दिल्ली, 13 मई (हि.स.) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को पंजाब के आदमपुर स्थित एयरफोर्स स्टेशन पर वायुसेना और अन्य बलों के जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सदैव शांति के पक्ष में है, लेकिन आक्रमण होने पर वह शत्रु को धूल चटाने के लिए भी सदैव तैयार है।

प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का श्रेय तीनों सेनाओं के आपसी समन्वय को देते हुए कहा कि आप सभी ने वाकई कोटि-कोटि भारतीयों का सीना चौड़ा कर दिया है। हर भारतीय का माथा गर्व से ऊंचा कर दिया है। आपने इतिहास रच दिया है। ऑपरेशन सिंदूर कोई सामान्य सैन्य अभियान नहीं है। ये भारत की नीति, नीयत और निर्णायक क्षमता की त्रिवेणी है। उन्होंने कहा, मैनपावर के साथ-साथ ऑपरेशन सिंदूर में मशीनों का समन्वय भी शानदार था। चाहे वो भारत का पारंपरिक एयर डिफेंस सिस्टम हो जिसने अनेक युद्ध देखे हैं या फिर आकाश जैसे हमारे मेड इन इंडिया प्लेटफॉर्म्स हों- इन सभी को एस-400 जैसी आधुनिक और सक्षम डिफेंस सिस्टम ने अभूतपूर्व ताकत दी है। एक मजबूत रक्षा कवच भारत की पहचान बन गया है। पाकिस्तान की तमाम कोशिशों के बावजूद, चाहे वो हमारे एयरबेस हों या दूसरे डिफेंस इंफ्रास्ट्रक्चर- इन पर कोई असर नहीं पड़ा। इसका श्रेय आप सभी को जाता है। मुझे आप सभी पर गर्व है।



उन्होंने कहा कि आज भारत की तीनों सेनाएं- थलसेना, नौसेना और वायुसेना अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित हैं। उन्होंने कहा, हम केवल हथियारों से नहीं, अब ड्रोन और डेटा से भी लड़ाई लड़ते हैं। आप सभी ने जटिल प्रणालियों को बेहद दक्षता से संचालित किया है, यह आपकी अभूतपूर्व क्षमता का प्रमाण है।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' बना युवा पीढ़ी का प्रेरणा स्रोत

प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने भारत के आत्मविश्वास को नई ऊंचाई दी है। हर क्षण, हर फैसला हमारी सेनाओं के शौर्य और कौशल की मिसाल है। यह सिद्ध करता है कि भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना किसी भी चुनौती का मुकाबला करने में सक्षम हैं। प्रधानमंत्री ने इसे 'मानव शक्ति और मशीन शक्ति' के तालमेल का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए कहा, उन्होंने कायरों की तरह वार किया, लेकिन भूल गए कि सामने हिंद की सेना खड़ी है।

### न्यूक्लियर ब्लैकमेल का किया मुकाबला

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब हमारी सेनाओं ने दुश्मन के परमाणु ब्लैकमेल की धमकी को निष्फल किया तब ह्यभारत माता की जयह्ल का जयघोष आसमान से धरती तक गूंज उठा। उन्होंने कहा, जब हमारे ड्रोन दुश्मन की किलाबंदियों को तोड़ते हैं और मिसाइलें सटीकता से हमला करती हैं, तब दुश्मन के कानों में सिर्फ एक आवाज गूंजती है- भारत माता की जय। उन्होंने गुरुगोबिंद सिंह का उद्धरण देते हुए कहा कि 'सवा लाख से एक लड़ाऊं, चिड़ियों सों मैं बाज तड़ऊं तबे गोबिंदसिंह नाम कहाऊं' यह हमारी परंपरा है, जब बहनों-बेटियों का सिंदूर छीना गया, तो हमारे जवान आतंकियों के घर में घुसकर उन्हें कुचलने गए। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब पाकिस्तान की सेना और आतंकवादी यह समझ चुके हैं कि भारत से टकराने का परिणाम 'विनाश' और 'महाविनाश' ही है।

### 'भारत माता की जय' नारा नहीं, सैनिकों की शपथ

अपने संबोधन के अंत में प्रधानमंत्री ने सैनिकों को नमन करते हुए कहा, मैं यहां आपकी वीरता को नमन करने आया हूं। 'भारत माता की जय' केवल एक नारा नहीं, बल्कि हर भारतीय सैनिक की उस शपथ का प्रतीक है, जिसमें वे देश के लिए अपना जीवन समर्पित करते हैं।

# सीबीएसई 12वीं के नतीजे घोषित, लड़कियों का जलवा

### 88.39 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण, लड़कियों का प्रतिशत 5.94 ज्यादा



**नयी दिल्ली, 13 मई (हि.स.) :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने मंगलवार को 12वीं कक्षा के नतीजे घोषित कर दिए। इस बार कुल 88.39 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। लड़कियों का परीक्षा परिणाम लड़कों से 5.94 प्रतिशत बेहतर रहा। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने बताया कि कक्षा 12वीं की परीक्षा के लिए कुल 17,04,367 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था और 16,92,794 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इनमें से 14,96,307 विद्यार्थी सफल हुए हैं। इस साल 88.39 प्रतिशत उम्मीदवार परीक्षा में सफल हुए हैं, जो पिछले साल के 87.98 प्रतिशत से थोड़ा अधिक है। इस साल लड़कियों के उत्तीर्ण होने का प्रतिशत लड़कों से 5.94 प्रतिशत ज्यादा रहा। विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम पिछले साल से 0.41 प्रतिशत अधिक है। इस बार की परीक्षा में 91.64 प्रतिशत लड़कियों ने और 85.70 प्रतिशत लड़कों ने सफलता हासिल की है। वहीं, 'ट्रांसजेंडर' उम्मीदवारों के उत्तीर्ण होने का प्रतिशत 100 प्रतिशत रहा है, जो पिछले साल 50 प्रतिशत था।

1.1 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। परीक्षा में इस बार कुल 1,11,544 विद्यार्थियों ने 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए हैं, जबकि 24,867 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं।

उन्होंने बताया कि 1.29 लाख से अधिक उम्मीदवारों को पूरक परीक्षा देनी होगी। 2025 में सीबीएसई कक्षा 12 के लिए कुल 1,29,095 विद्यार्थियों को कम्पार्टमेंट श्रेणी में रखा गया है, जो 2024 में 1,22,170 से थोड़ा अधिक है, जो कुल विद्यार्थियों का 7.63 प्रतिशत है। जवाहर नवोदय विद्यालय 99.29% उत्तीर्ण दर के साथ संस्थागत परिणामों में सबसे आगे रहे। केंद्रीय विद्यालय 99.05% और केंद्रीय तिब्बती स्कूल 98.96% का स्थान रहा। सीबीएसई 12 के परिणामों में विजयवाड़ा 99.60% उत्तीर्ण प्रतिशत के साथ शीर्ष स्थान पर है। त्रिवेंद्रम ने 99.32% और चेन्नई ने 97.39% के साथ रीजन के अनुसार तीसरे स्थान पर है।

### हर साल 23 सितंबर को मनाया जाएगा आयुर्वेद दिवस, अधिसूचना जारी

**नयी दिल्ली :** देश में अब हर साल अब 23 सितंबर को आयुर्वेद दिवस मनाया जाएगा। इस संबंध में केन्द्र सरकार ने अधिसूचना जारी कर दी है। पहले हर वर्ष धनतेरस के दिन यह दिवस मनाया जाता था, जोकि हिंदू महीने कार्तिक (आमतौर पर अक्टूबर या नवंबर) में मनाया जाने वाला एक त्योहार है। चूंकि धनतेरस की तारीख हर साल बदलती रहती है, इसलिए आयुर्वेद दिवस के पालन की कोई निश्चित वार्षिक तिथि नहीं थी। इस संबंध में 27 मार्च 2025 की राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से अधिसूचना जारी की गई है।

### मुंगेर में गंगा में नहाने के दौरान पांच लोग डूबे, तीन की मौत

**पटना :** मुंगेर जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के कल्याणचक में मंगलवार को गंगा नदी में नहाने के दौरान बड़ा हादसा हो गया। यहांगंगा में नहाने के दौरान एक ही परिवार के पांच लोग गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। स्थानिय नाविकों ने दो लोगों बचा लिया, लेकिन तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई। दिल्ली में काम करने वाले संजय यादव अपनी पत्नी रेणु देवी, दो बेटी और दो बेटे 20 वर्षीय सालू कुमारी, 18 वर्षीय मांडवी कुमारी, 16 वर्षीय हर्ष कुमार और 12 वर्षीय अमन कुमार के साथ मुंगेर अपने घर कल्याणचक एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए आए थे।

## इंडिगो विमान में बम की धमकी, कोलकाता हवाईअड्डे पर हाई अलर्ट

### यात्रियों में मची अफरातफरी, सुरक्षित स्थान पर पहुंचाये गये

**कोलकाता, 13 मई (एजेंसियां) :** कोलकाता के नेताजी सुभाषचंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर आज उस वक्त हाईअलर्ट जारी कर दिया गया। जब इंडिगो विमान में बम होने की धमकी मिली। इसके बाद कोलकाता-मुंबई इंडिगो फ्लाइट में सवार यात्रियों को सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया. एयरपोर्ट पर एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन करके दावा किया कि विमान में बम है।

खबर है कि यह कॉल यात्रियों के चेक-इन करने के बाद आई. फ्लाइट को दोपहर 1.30 बजे उड़ान भरनी थी और शाम 4.20 बजे मुंबई में उतरना था। आपातकालीन प्रोटोकॉल के तहत सभी 195 यात्रियों को विमान से उतरने के लिए कहा गया और विमान को आइसोलेशन बे में ले जाया गया। एयरपोर्ट के एक अधिकारी ने बताया कि विमान से सामान उतार दिया गया और गहन तलाशी ली गई, जबकि बम निरोधक दस्ते ने गहन तलाशी के लिए विमान में प्रवेश किया। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने भी धमकी के बाद कोलकाता एयरपोर्ट पर सुरक्षा बढ़ा दी है। धमकी भेजने वाले का पता लगाने के प्रयास जारी हैं। इस महीने की शुरुआत में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पाकिस्तान स्थित आतंकी समूहों को निशाना बनाकर ऑपरेशन सिंदूर शुरू किए जाने के बाद से यह भारतीय एयरपोर्ट पर बम की दूसरी घटना है। इसी तरह की घटना 6 मई को हुई थी, जब मुंबई एयरपोर्ट को चंडीगढ़ से आने वाली इंडिगो फ्लाइट के बारे में बम की धमकी मिली थी। बाद में पुष्टि हुई कि वह कॉल फर्जी थी। इंडिगो ने एक बयान जारी कर कहा कि कोलकाता से मुंबई जाने वाली फ्लाइट को उड़ान से पहले बम की धमकी मिली। सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए विमान को एक आइसोलेशन बे में ले जाया गया और पूरी तरह से जांच की गयी। भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुए सैन्य संघर्ष के कारण पूरे भारत में हवाई अड्डों पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।




## ट्रंप सऊदी अरब पहुंचे, एयरफोर्स वन को छह फाइटर जेट ने किया एस्कॉर्ट

**रियाद (सऊदी अरब) :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मंगलवार सुबह सऊदी अरब पहुंचे। उनके एयरफोर्स वन के सऊदी अरब के हवाई क्षेत्र में प्रवेश करते ही छह लड़ाकू विमानों ने एस्कॉर्ट किया। राष्ट्रपति ट्रंप के विमान एयरफोर्स वन में सवार पत्रकारों ने बताया कि उड़ान के अंतिम आधे घंटे तक छह एफ-15 विमान एक दूसरे के करीब उड़ते रहे।

'न्यूयॉर्क पोस्ट' की खबर के अनुसार, ट्रंप के डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ डैन स्कैविनो ने हवा में ही असामान्य एस्कॉर्ट का फुटेज एक्स पर किया। उन्होंने लिखा, एस्कॉर्ट के लिए और राष्ट्रपति ट्रंप के साथ खड़े होने के लिए धन्यवाद। हम सभी इसकी सराहना करते हैं। जल्द ही आपसे ग्राउंड पर मुलाकात होगी, धन्यवाद।



'एबीसी न्यूज' के अनुसार, सऊदी अरब पहुंचते ही ट्रंप की मध्य पूर्व की आधिकारिक यात्रा शुरू हो गई। इस दौरान वो और उनके राजनयिक रूस और यूक्रेन के अलावा गाजा पट्टी में शांति के लिए प्रयास जारी रखेंगे। सऊदी के लड़ाकू विमानों ने एयर फोर्स वन को लैंड करने के लिए एस्कॉर्ट किया। एयर फोर्स वन की सीढ़ियों से उतरते समय ट्रंप को 21 तोपों की सलामी दी गई। क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने बैंगनी कालीन पर राष्ट्रपति का स्वागत किया।

## शोपियां में मुठभेड़, मारा गया लश्कर-ए-तैयबा का प्रमुख

**शोपियां, 13 मई (हि.स.) :** दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के शुकरू केलर इलाके में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा का प्रमुख दो अन्य आतंकवादियों के साथ मारा गया। विशेष सूचना के आधार पर केलर इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया गया था। इसी दौरान मंगलवार को आतंकवादियों से मुठभेड़ हो गई। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा का ऑपरेशनल चीफ कमांडर शाहिद कुट्टे और उसके दो अन्य साथी आतंकवादी मारे गये हैं।

सूत्रों के मुताबिक शोपियां के चोटीपोरा हीरपोरा का निवासी शाहिद मोस्ट वांटेड आतंकवादियों में से एक था जो 8 मार्च 2023 को आतंकी रैंक में शामिल हुआ था। वह कई आतंकी घटनाओं में शामिल रहा था। वह 8 अप्रैल 2024 को डेनिश रिसॉर्ट पर गोलीबारी की घटना में शामिल था, जिसमें दो जर्मन पर्यटक और ड्राइवर घायल हो गए थे। वह बेगबाग कुलगाम में भाजपा सरपंच और टीए कर्मी की हत्या में भी शामिल रहा था।

## 'विश्व समुदाय भारत और पाक को एक दृष्टि से नहीं देखता'

**नई दिल्ली, 13 मई (हि.स.) :** विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने भारत और पाकिस्तान को एक ही पलड़े पर नहीं तोला, बल्कि आतंकवाद के शिकार भारत और प्रयोजक पाकिस्तान के बीच साफ अंतर किया।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में कहा कि कुछ पक्षों की यह धारणा गलत है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सहित विश्व नेताओं ने भारत और पाकिस्तान को एक ही पलड़े पर तौला अथवा एक साथ जोड़कर देखा। वास्तविकता इससे उलट है। पहलगाम आतंकी हमले के तुरंत बाद विश्व नेताओं ने इस घटना की निंदा करने के साथ ही आतंकवाद के शिकार भारत और प्रायोजक पाकिस्तान में साफ अंतर किया।

उल्लेखनीय है कि मीडिया, राजनीति और कुटनीतिक हलकों में यह धारणा बनी है कि दशकों बाद विश्व समुदाय भारत और पाकिस्तान को समान स्तर पर आंक रहा है।




### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का दिखा बड़ा असर

# चीन की रक्षा कंपनी चेंगदू के शेयर में भारी गिरावट

### एविक चेंगदू एयरक्राफ्ट के शेयर इंट्राडे ट्रेड में 9.31% तक गिरकर 86.93 युआन पहुंचे

**इस्लामाबाद, 13 मई (हि.स.) :** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ऑपरेशन सिंदूर पर 12 मई की रात आठ बजे राष्ट्र के नाम संबोधन में दिये गये कड़े संदेश का आज चीन की रक्षा कंपनी चेंगदू एयरक्राफ्ट कॉर्पोरेशन पर बड़ा प्रभाव पड़ा। जे-10 लड़ाकू विमान निमार्ता चेंगदू के एविक एयरक्राफ्ट के शेयरों में भारी गिरावट देखी गई। एविक चेंगदू एयरक्राफ्ट के शेयर इंट्राडे ट्रेड में 9.31 प्रतिशत तक गिरकर 86.93 युआन पर पहुंच गए। आज दोपहर तक गिरावट कुछ कम हुई। बावजूद इसके शेयर 7.51 प्रतिशत नीचे 88.66 युआन पर बना रहा।



पाकिस्तान के अखबार द नेशन ने चीन की रक्षा कंपनी चेंगदू एयरक्राफ्ट कॉर्पोरेशन के शेयरों में बड़ी गिरावट की खबर दी है। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेशमंत्री इशाक डार भारत के साथ हालिया सैन्य संघर्ष में चीन की रक्षा कंपनी के जे-10 लड़ाकू विमानों के उपयोग का दावा कर उसकी शेखी बघार चुके हैं। खबर में कहा गया है कि नरेन्द्र मोदी के संबोधन के बाद भारतीय रक्षा शेयरों में उछाल आया है।

अन्य मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी की टिप्पणी के बाद मंगलवार को चीन की रक्षा कंपनियों के शेयरों में समग्र रूप से गिरावट देखने को मिली, जबकि ज्यादातर भारतीय रक्षा कंपनियों के शेयरों में बहुत अच्छी तेजी देखी गई। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में कहा था कि भारत अब आतंकवाद और व्यापार को एक साथ स्वीकार नहीं करेगा। इसका शेयर बाजार में असर हुआ है।

बाजार विश्लेषकों का कहना है कि एविक चेंगदू एयरक्राफ्ट का शेयर पहले काफी तेजी से ऊपर गया और मुनाफावसूली के कारण इसमें गिरावट आई। निवेश विशेषज्ञों के अनुसार, अगर शेयर 73 युआन के आसपास स्थिर होता है, तो यह निवेश का अच्छा मौका हो सकता है। उन्होंने निवेशकों को सलाह दी है कि वे कीमतों की चाल पर बारीकी से नजर रखें और सोच-समझकर निर्णय लें।

प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्र के नाम संबोधन में यह भी कहा कि पाकिस्तान के ड्रोन और मिसाइल भारतीय वायु रक्षा प्रणाली के सामने पूरी तरह बेअसर साबित हुए। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने नया आयाम गढ़ा है। भविष्य की कार्रवाई पाकिस्तान के व्यवहार पर निर्भर करेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य कैबिनेट की बैठक 15 को

कैबिनेट की बैठक 15 मई को होगी. बैठक प्रोजेक्ट भवन में शाम चार बजे से शुरू होगी.यह जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने दी .इस बैठक में कई अहम फैसले लिए जाने की संभावना है जानकारी के अनुसार बैठक में नई उत्पाद नीति को मंजूरी मिल सकती है।

### डीसी ने सुनी लोगों की समस्याएं, त्वरित कार्रवाई के निर्देश

रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सोमवार को समाहरणालय परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया. शहर और ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। किसी ने जमीन से जुड़ी शिकायत की, तो किसी ने नौकरी, दस्तावेज या अन्य व्यक्तिगत परेशानियों को साझा किया.उपायुक्त ने प्रत्येक व्यक्ति की बात ध्यानपूर्वक सुनी और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही जांच कर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। डीसी मंजूनाथ भजन्त्री ने सभी मामलों में निष्पक्ष जांच और शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया.उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनहित से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ काम करें।

### सीएम हेमंत सोरेन ने सीबीएसई के विद्यार्थियों को दी बधाई

रांची, 13 मईः मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सीबीएसई (केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड) के 10वीं और 12वीं की परीक्षा में सफल होने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी है। उन्होंने परीक्षा में असफल होने और अपेक्षा के अनुरूप परिणाम मिलने वाले विद्यार्थियों को निराश नहीं होने और कड़ी मेहनत करने की सलाह दी है। सीएम ने सभी विद्यार्थियों के अभिभावकों, शिक्षकों और स्कूल प्रबंधनों को भी बधाई दी। सीएम हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ह्यएक्सह्न पर ट्वीट कर कहा, ह्लसीबीएससी 12वीं और 10वीं परीक्षा में सफल होने वाले सभी छात्र-छात्राओं को बहुत-बहुत बधाई और जोहार। परीक्षा में अपेक्षा के अनुरूप जिन्हें परिणाम नहीं मिल पाया वो निराश न हों, कड़ी मेहनत करते रहें। आप सभी का भविष्य उज्ज्वल हो यही कामना करता हूं। आज इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं के अभिभावकों, शिक्षकों और स्कूल प्रबंधनों को भी मैं हार्दिक बधाई देता हूं, जोहार करता हूं।

### खनिज ढुलाई में लगे हैं दूसरे राज्यों के 84 हजार वाहन

रांची, 13 मईः झारखंड के खदानों से खनिज ढुलाई में दूसरे राज्यों के 84,070 वाहन लगे हुए हैं। इसमें सबसे अधिक बिहार के 18,862 वाहन हैं। दूसरे नंबर पर उत्तरप्रदेश से निबंधित 6493 वाहन खनिज ढुलाई में लगे हैं। पश्चिम बंगाल के 6405 वाहन, उड़ीसा के 3481 वाहन, नागालैंड के 3428 और छत्तीसगढ़ के 2407 वाहन राज्य में खनिज की ढुलाई कर रहे हैं। झारखंड में खनिजों की ढुलाई में कुल 01 लाख 28 हजार 482 वाहन लगे हैं। इसमें से 01 लाख 15 हजार 121 वाहनों का पिन जेनरेट किया गया है। 13,361 वाहनों का पिन जेनरेट नहीं हो पाया है। वहीं 1678 वाहनों को काली सूची में डाला गया है। इसमें से झारखंड के सबसे अधिक 1382 वाहनों को काली सूची में डाला गया है।

# सिरमटोली फ्लाईओवर रैम्प पर जांच पूरी होने तक न हो उदघाटनः आशा लकड़ा

**देशप्राण संवाददाता**

रांची, 13 मईः सिरमटोली फ्लाईओवर रैम्प के उद्घाटन को लेकर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने सख्त रुख अपनाया है। आयोग की सदस्य आशा लकड़ा ने स्पष्ट रूप से कहा कि जब तक आयोग द्वारा जांच पूरी नहीं हो जाती, तब तक फ्लाईओवर रैम्प पर किसी भी प्रकार का कार्य या उदघाटन नहीं किया जाएगा।

आयोग ने यह भी आपत्ति जताई कि राज्य सरकार ने छुट्टी के दिन पत्र जारी कर मुख्यमंत्री के सचिव द्वारा निर्धारित बैठक को स्थगित कर दिया। अब बैठक की नई तिथि चार दिन बाद तय की जाएगी। आयोग ने दोहराया कि जांच पूरी होने तक न तो कोई कार्य योजना बनेगी और न ही उदघाटन होगा।



### आर्यभट्ट सभागार में आदिवासी संगठनों की बैठक

रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य आशा लकड़ा की उपस्थिति में जनजातीय सामाजिक संगठन और केंद्रीय समाज समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न आदिवासी संगठनों ने भाग लिया। सिरमटोली बचाओ संघर्ष समिति ने बैठक में बताया कि फ्लाईओवर रैम्प के कारण सरना स्थल का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। यह स्थल आदिवासी समुदाय के लिए धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### विकास के नाम पर छीनी जा रही आदिवासियों की धार्मिक भूमिः गीताश्री उरांव

पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जिस भरोसे के साथ मुख्यमंत्री को सत्ता सौंपी गई थी, वह अब टूट चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि विकास के नाम पर आदिवासियों की धार्मिक और सांस्कृतिक जमीनें छीनी जा रही हैं, जो निंदनीय है।

सामाजिक कार्यकर्ता कुंदरसी मुंडा ने कहा कि डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) में बदलाव आदिवासी समुदाय की सहमति के बिना किया गया, जो सीधे तौर पर संविधान का उल्लंघन है। उन्होंने बताया कि रैम्प की शुरूआत सिरमटोली चौक से 500 मीटर पहले कर दी गई है, जिससे विवाद और गहरा गया है।

### किया स्थल का निरीक्षण

बैठक के बाद, एसटी आयोग की सदस्य आशा लकड़ा ने सिरमटोली फ्लाईओवर रैम्प स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि सरकार को झारखंड की जल, जंगल, जमीन और धार्मिक स्थलों की रक्षा करनी चाहिए। इस मौके पर जगलाल पाहन, बबलु मुंडा, रवि तिग्गा, सुरेंद्र लिंडा, फुलचंद तिर्की, बहा लिंडा, आकाश तिर्की, संगीता कच्छप सहित सैकड़ों आदिवासी संगठन प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## खबरकोना

### नयी बिजली दर से जेबीवीएनएल संतुष्ट नहीं, जल्द दायर करेगा पुनर्विचार याचिका

रांची, 13 मईः झारखंड बिजली वितरण निगम (जेबीवीएनएल) झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा तय किए बिजली टैरिफ से खुश नहीं है। जेबीवीएनएल ने आयोग से 40.02 प्रतिशत बढ़ाने की पिटिशन दाखिल किया था। मगर आयोग ने 6.34 प्रतिशत की ही बढ़ोतरी की। जिसे जेबीवीएनएल अब इसे आयोग में चुनौती देने का मन बनाया है। वह जल्द ही आयोग के पास पुनर्विचार याचिका दाखिल करेगा। जिसमें आयोग के समक्ष पुनर्विचार याचिका दाखिल कर टैरिफ में संशोधन मांग की जायेगी। बतातें चलें कि आयोग ने 30 अप्रैल को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए टैरिफ का एलान किया था। जिसमें झारखंड में शहरी बिजली उपभोक्ताओं की दर में 20 पैसे और ग्रामीण उपभोक्ताओं की दर में 40 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की थी। राऊंड फीगर में 6.34 प्रतिशत बिजली टैरिफ की बढ़ोतरी की थी। नयी दरें एक मई से लागू भी हो गया है। जेबीवीएनएल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 10405.84 करोड़ रुपये और वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 11444.90 करोड़ रुपये एनुवल रेवन्यू रिक्वायरमेंट(एआरआर) की मांग की गयी थी। मगर आयोग ने क्रमशः 7981.30 करोड़ रुपये और 8980.52 करोड़ रुपये की मंजूरी दी। जेबीवीएनएल का कहना है कि बिजली खरीद में ही सात से आठ हजार करोड़ रुपये खर्च होते हैं।

# संत माईकल्स स्कूल जाजपुर के छात्रों का 10वीं और 12वीं में शानदार प्रदर्शन

## 10वी में 62 विद्यार्थियों को 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक













**मुख्य संवाददाता**

रांची, 13 मईः केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) दसवीं की परीक्षा का परिणाम मंगलवार को जारी हुआ, जिसमें संत माईकल्स स्कूल जाजपुर, रांची के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्साहवर्धक रहा। इस बार परीक्षा में कुल 295 छात्र शामिल हुए थे, जिसमें 90 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या 62, 80 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या 168 एवं 70 प्रतिशत से ऊपर अंक लाने वाले छात्रों की संख्या 233 है। छात्रा स?नेहा ने गणित एवं विज्ञान में, गौरी प्रांजल ने विज्ञान में तथा गौरव कुमार चौरसिया ने आई॰टी॰ में 100 में से 100 अंक लाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ अपने माता-पिता एवं विद्यालय का मान बढ़ाया। छात्रों ने सफलता का श्रेय अपने विद्यालय के शिक्षकों ,परिजनों एवं अपनी कड़ी मेहनत को दिया। छात्रों द्वारा लगातार उम्दा प्रदर्शन को देखते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुभाष कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए का कहा कि ₹यह शानदार परिणाम हमारे छात्रों की मेहनत, उत्साह और अदम्य संकल्प का परिणाम है।₹भविष्य में और भी बेहतर करने की प्रतिबद्धता को जताते हुए प्राचार्य ने छात्रों एवं शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

परीक्षा विभाग की ओर से शिक्षक कौशल कुमार साहू ने दसवीं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए कहा,कि आपकी मेहनत और लगन आपके अच्छे प्रदर्शन में दिखाई दिया । हमें विश्वास है कि आप भविष्य में भी अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करेंगे और देश के विकास में योगदान देंगे।

विद्यालय की छात्रा स्नेहा ने शिक्षक और स्कूल प्रबंधन को धन्यवाद देते हुए कहा कि समय-समय पर सैंपल पेपर एवं क्वेश्चन बैंक जैसे शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराकर हमें निरंतर अभ्यास करने की दिशा में प्रेरित किया, जिसका फायदा हमें परीक्षा के दौरान मिला।

छात्र अक्षित कुमार ने बताया कि कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास ही सफलता का मूल मंत्र है । अपनी सफलता का श्रेय विशेष रूप से अपने विद्यालय के शिक्षकों, अपने माता-पिता और कड़ी मेहनत की दिया।


**इन छात्रों ने अपने विद्यालय का नाम रौशन किया**


| | |
|---|---|
| प्रथम स्थान - | स्नेहा - 98% |
| द्वितीय स्थान - | अक्षित कुमार - 97% |
| तृतीय स्थान - | आस्था पराशर - 96.6% |
| चतुर्थ स्थान - | गौरी प्रांजल - 96.4 |
| पंचम स्थान - | गौरव कुमार चौरसिया - 96.2% |

## 12वीं में भी लहराया परचम









रांची, 13 मईः केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सी.बी.एस.ई) 12वीं की विज्ञान संकाय परीक्षा का परिणाम मंगलवार को जारी हुआ, जिसमें शत-प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। विद्यालय के छात्रा कीर्ति उपाध्याय 86.20% अंकों के साथ प्रथम स्थान, मान्?या कुमारी 85.40% प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान तथा तृतीय स्थान पर मुस्?कान ने 83.60% प्रतिशत अंकों के साथ अपने विद्यालय का मान बढ़ाया। परीक्षा फल को लेकर विद्यालय के छात्रों के बीच काफी खुशी एवं उत्साह का माहौल देखा गया। छात्रों ने सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों, परिजनों एवं अपनी कड़ी मेहनत को दिया। छात्रों के उम्दा प्रदर्शन को देखते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुभाष कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि छात्रों ने फिर से साबित किया कि ₹मेहनत ही सफलता की कुंजी है₹, भविष्य में और भी बेहतर करने की प्रतिबद्धता जताते हुए छात्रों एवं शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



विद्यालय की शिक्षिका संगीता सिंह ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि संत माईकल्स स्कूल अपने छात्रों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो छात्रों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा, संसाधन और समर्थन प्रदान करके उन्हें बेहतर परिणाम प्राप्त करने में मदद करता है। उन्होंने सफलता का श्रेय मेहनती शिक्षकों, समर्पित अभिभावकों और? लगनशील छात्रों को दिया। विद्यालय की छात्रा कीर्ति उपाध्याय ने कहा कि कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास से उसे सफलता मिली है। अपनी सफलता का श्रेय विशेष रूप से अपने विद्यालय के शिक्षकों, परिजनों और कड़ी मेहनत को दिया। छात्रा मान्या कुमारी ने कहा कि शिक्षक और स्कूल प्रबंधन के द्वारा समय-समय पर सैंपल पेपर, क्वेश्चन बैंक जैसे शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराया गया, जिसका फायदा उन्हें निरंतर अभ्यास में मिलता रहा।

### विशालाक्षी को मिला 92.6 प्रतिशत अंक



रांची, 13 मईः संतमाईकल्स स्कूल जाजपुर की छात्रा विशालाक्षी को सीबीएसई दसवीं की परीक्षा में 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। उसने अंग्रेजी में 91, हिन्दी में 91, विज्ञान में 92, सोशल साइंस में 93 और आईटी में 96 अंक प्राप्त किये। विशालाक्षी के इस सफलता पर स्कूल प्रबंधन में उसे उज्जवल भविष्य की बधाई दी है।

### अबुआ अधिकार मंच ने मारवाड़ी महाविद्यालय में लगाया नेत्र जांच शिविर

रांची, 13 मईः अबुआ अधिकार मंच एवं गरुड़ आई अस्पताल, रांची के संयुक्त तत्वावधान में एकदिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन मारवाड़ी महाविद्यालय, रांची में किया गया। इस कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कॉलेज कर्मचारियों के नेत्र स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें नेत्र संबंधी आवश्यक सलाह एवं उपचार प्रदान करना था। इस नेत्र जांच शिविर में बतौर अतिथि वेदांत कौस्तव, गौतम सिंह, सौमिक भट्टाचार्य उपस्थित थे। अभिषेक शुक्ला ने बताया के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और अपनी आंखों की जांच करवाई। महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकों, कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भी इस सुविधा का लाभ उठाया। कैंप में गरुड़ आई अस्पताल की विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने अत्याधुनिक उपकरणों के माध्यम से जांच की और उपस्थित लोगों को नेत्र देखभाल संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी दी।

# सचिवालय सहायकों और अन्य पदाधिकारियों की मोबाइल सुविधा होगी बहाल

**देशप्राण संवाददाता**

रांची, 13 मईः सचिवालय सहायक व पे मैट्रिक्स लेवल-9 से नीचे के राजपत्रित पदाधिकारियों की मोबाइल सेवा बहाल होगी। उन्हें 25000 रुपए तक का मोबाइल और रिचार्ज के लिए प्रति माह 500 रुपए मिलेंगे। सचिवालय सेवा के भारी विरोध के बाद प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी सहमति दे दी है। मुख्यमंत्री ने वित्त विभाग को इसके लिए संशोधित प्रस्ताव देने का आदेश दिया है। इसके बाद सचिवालय सहायक, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, सहायक अभियोजन पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा सहित अन्य पदाधिकारियों को निःशुल्क मोबाइल एवं प्रति माह पांच सौ रुपए का कूपन मिलने लगेगा। उल्लेखनीय है कि कैबिनेट द्वारा 24 जुलाई 2024 को मंत्री से लेकर राजपत्रित पदाधिकारियों को मोबाइल क्रय और रिचार्ज की सुविधा दिए जाने का फैसला लिया था। वित्त विभाग के संलेख संख्या-1715 दिनांक 15 जुलाई 2024 पर कैबिनेट ने 24 जुलाई को अपनी मुहर लगायी थी। कैबिनेट की स्वीकृति के बाद वित्त विभाग ने 30 जुलाई 2024 को अधिसूचना जारी कर मोबाइल क्रय और रिचार्ज की सुविधा दिए जाने संबंधी आदेश जारी किया था। लेकिन वित्त विभाग ने बगैर कैबिनेट की सहमति के 28 मार्च 2025 को पे मैट्रिक्स लेवेल-9 के राजपत्रित पदाधिकारियों को दी गयी उपरोक्त सुविधा को स्थगित कर दिया।

# डीजीपी अनुराग गुप्ता को मई महीने का पे-स्लिप जारी होना मुश्किल

**देशप्राण संवाददाता**

रांची, 13 मईः झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता को मई महीने से वेतन नहीं मिलेगा। महालेखाकार द्वारा डीजीपी सह आइजी के पद से लिए नया पे-स्लिप जारी नहीं किया जायेगा। सूत्रों के मुताबिक इसकी वजह केंद्र सरकार द्वारा अनुराग गुप्ता की सेवा को अवधि विस्तार नहीं किया जाना है। राज्य सरकार द्वारा किसी अधिकारी को डीजीपी सह आइजी के पद पर नियुक्त किये जाने के बाद महालेखाकार उस पदनाम से पे-स्लिप जारी करता है।

ऑल इंडिया सर्विस के अधिकारियों का सेवा इतिहास महालेखाकार के पास रहता है। इसलिए किसी पदनाम से पे-स्लिप जारी करते वक्त पर उस पर रिटायटमेंट का ब्योरा लिखा होता है। रिटायरमेंट की तिथि के बाद पहले जारी किये गये पे-स्लिप से वेतन की निकासी नहीं की जा सकती है।

ऑल इंडिया सर्विस रूल के आलोक में 60 साल की उम्र में अनुराग गुप्ता की सेवानिवृति तिथि 30 अप्रैल 2025 निर्धारित थी। सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देश के आलोक डीजीपी का कार्यकाल दो साल का निर्धारित है, भले ही वह दो साल से पहले सेवानिवृत क्यो न हो जाएं। सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देश के आलोक में रिटायरमेंट की तिथि के बाद डीजीपी के रूप में दो साल का कार्यकाल पूरा करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा अवधि विस्तार दिया जाता है।



ऑल इंडिया सर्विस के अधिकारियों को सेवा विस्तार का लाभ देने का अधिकार सिर्फ केंद्र सरकार के पास सुरक्षित है। अनुराग गुप्ता के मामले में केंद्र सरकार ने 30 मार्च के बाद सेवा में अवधि विस्तार देने से इनकार किया है। सूत्रों ने जानकारी दी है कि इस कारण महालेखाकार मई से उनका पे-स्लिप नहीं बनायेगा।

एकीकृत बिहार में रिटायरमेंट के बाद महालेखाकार द्वारा पे-स्लिप नहीं जारी करने की वजह से वेतन बंद होने के कई उदाहरण है। इसमें सबसे चर्चित उदाहरण तत्कालीन मुख्य मंत्री लालू प्रसाद के प्रधान सचिव मुकुंद प्रसाद का है। मुकुंद प्रसाद रिटायरमेंट के बाद भी मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव के रूप में कार्य कर रहे थे। केंद्र सरकार ने सेवा विस्तार नहीं दिया था। इसलिए महालेखाकार ने उनका पे-स्लिप जारी नहीं किया। इससे उनका वेतन मिलना बंद हो गया था।

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खूँटी 835210
email : witikhunti@gmail.com

महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खूँटी में शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 में नामांकन से संबंधित सूचना

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण , श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, राँची के पत्रांक– 639, एवं पत्रांक–640, दिनांक– 07.05.2025 के आलोक में NCVT से मान्यता प्राप्त खूँटी जिला के सरकारी महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खूँटी के शैक्षणिक सत्र 2025–26–2027 में नामांकन के लिए योग्य आवेदकों से जो झारखण्ड राज्य के स्थायी / स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं, और नीचे दिये गये शैक्षणिक योग्यता धारित करते हैं, उनसे ऑनलाइन (https://iti.jharkhand.gov.in) Admission tab ) आवेदन – पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

2 न्यूनतम शैक्षणिक योग्यताः– Electronic Mechanic, Drone Technician व्यवसायों में नामांकन के लिए आवेदक को दसवीं (10) कक्षा उत्तीर्णता आवश्यक है।

01.महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खूँटी में संचालित व्यवसाय एवं रिक्त सीट

| क्र0 सं0 | व्यवसाय का नाम | प्रशिक्षण अवधि | रिक्त सीटों की संख्या | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Electronic Mechanic | 02 वर्षीय | 24 | मैट्रिक पास |
| 2 | Drone Technician | 06 माह | 24 | मैट्रिक पास |

04 ऑनलाइन करने की तिथिः–

| क्र0 सं0 | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 01 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेषन एवं आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | 20.05.2025 |
| 02 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेषन एवं आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | 13.06.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक |
| 03 | औपबंधिक मेधा सूचियों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाषन | 16.06.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक |
| 04 | औपबंधिक राज्य मेधा सूचियों में शामिल आवेदकों द्वारा प्राप्तांक/ प्राप्तांक प्रतिषत, कोटि एवं अन्य प्रविष्टयों में त्रुटि सुधार की अवधि | 17.06.2025 से 19.06.2025 |
| 05 | अंतिम मेधा सूचीयों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाषन | 21.06.2025 |

Time Schedule for 1st Round of online Counseling

| Sl. No | Activity | Date | |
|---|---|---|---|
| | | Date | To |
| 1 | Choice filling of Trade (s) and/ or ITI (s) | 24-06-2025 | 01-07-2025 |
| 2 | Seat Allotment and Downloading provisional seat Allotment Letter | 04-07-2025 | 21-07-2025 |
| 3 | Admission in the Concerned ITI | 04-07-2025 | 21-07-2025 |

Time Schedule for 2nd Round of online Counseling

| Sl. No | Activity | Date | |
|---|---|---|---|
| | | Date | To |
| 1 | Choice filling of Trade (s) and/ or ITI (s) | 24-07-2025 | 30-07-2025 |
| 2 | Seat Allotment and Downloading provisional seat Allotment Letter | 04-08-2025 | 14-08-2025 |
| 3 | Admission in the Concerned ITI | 04-08-2025 | 14-08-2025 |


उक्त सूचना को Jharkhand के ITI Webportal (https://iti.jharkhand.gov.in) के Download Section के Notification Tab में देखा / Download किया जा सकता है।

नोटः– ऑनलाईन करने संबंधी किसी भी प्रकार के सहायता के लिए महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खूँटी में सम्पर्क कर सकते है

मो0 न0– 7903099566 / 8081192330

प्रभारी प्राचार्य,
महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खूँटी

PR 352214 (Labour Employment and Traning)25-26*D

स्वतंत्र हिन्दी दैनिक
देशप्राण
4, तारा टावर, रेडियम रोड, कचहरी चौक, रांची-834001, फोन : 0651-2361181/82
contact@deshpran.in | www.deshpran.com | www.deshpran.in
Desh Pran | Desh Pran | Desh Pran
@deshpran | @deshpran | Desh Pran
सुनी-सुनाई नहीं
केवल प्रामाणिक खबर


**मौसम**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| | 37.6° | 24.6° |
| | प्रातः | सायं |
| | 67% | 24% |

### प्रचंड गर्मी से जनजीवन प्रभावित, कई जिलों में तापमान 40 के पार

रांची, 13 मईः झारखंड में एक बार फिर से प्रचंड गर्मी पड़ रही है। राज्य के पलामू जिला सहित कई जिलों में तापमान 41 डिग्री पहुंच गया है, जबकि कई जिलों में तापमान 40 डिग्री के करीब पहुंच गया है। बढ़ी गर्मी के चलते दोपहर में सड़कें खाली हो जा रही है। हालांकि राजधानी रांची में फिलहाल प्रचंड गर्मी के प्रकोप से बचा हुआ है। वहीं राज्य के जिन जिलों में तापमान 40 डिग्री के करीब पहुंच गया है उनमें जमशेदपुर 40.1 डिग्री, देवघर 39, गढवा 39 और पश्चिमी सिंहभूम में तापमान 39 डिग्री शामिल है। मौसम विभाग ने 15 मई को पश्चिमी जिलों को छोड़ राज्य के शेष जिलों में बारिश होने की सम्भावना व्यक्त की है। विभाग ने 14 मई को पूर्वी और 15 मई को राज्य के पश्चिमी जिलों में लू चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। मंगलवार को रांची और आसपास के इलाकों में मौसम साफ रहा। दोपहर में प्रचंड गर्मी महसूस की गई, जबकि बीच-बीच में बादल छाने और मध्यम दर्जे की हवा चलने से लोगों को गर्मी से राहत मिली।

### ट्रेड यूनियनों हडताल 20 से, खनन सहित कई सेवाएं होंगी प्रभावित

रांची, 13 मईः ट्रेड यूनियनों और किसान संगठनों की ओर से चार लेबर कोड और किसान एवं मजदूरों की 17 सूत्री मांगों को लेकर 20 मई को देशव्यापी हड़ताल की जायेगी। हड़ताल के संबंध में सीटू के राज्य सचिव विश्वजीत डे ने मंगलवार को रांची में बताया कि झारखंड में हड़ताल से सबसे अधिक प्रभाव खनन क्षेत्र पर पडेगा। इसके अलावा स्कूलों में चलनेवाले मिड डे मील, बैंक, बीमा, स्टील और आंगनबाडी केंद्रों की सेवाएं भी प्रभावित होंगी। वहीं हडताल के समर्थन में राज्य के वामदल भी दो घंटे का चक्का जाम करेंगे। इस संबंध में वामदलों ने जिला स्तर पर 15 मई से 19 मई तक संयुक्त नुक्कड़ सभा करने, पर्चा छाप कर वितरित करने तथा 19 मई को मशाल जुलूस निकालने का निर्णय लिया है। हडताल के समर्थन में वामदल के नेता और कार्यकर्ता-हड़ताल के दिन 20 मई की सुबह 10 बजे से 12 बजे तक दो घंटे का चक्का जाम कर गिरफ्तारियां देंगे।

### नगर निगम का अतिक्रमण अभियान

रांची, 13 मईः शहर को अतिक्रमण से मुक्त कराने के उद्देश्य से रांची नगर निगम की इनफोर्समेंट टीम ने आज बड़ी कार्रवाई की। यह अभियान जगन्नाथ हॉस्पिटल के पास और सर्कुलर रोड क्षेत्र में चलाया गया, जहां नो-वेंडिंग जोन में अवैध रूप से लगे ठेले, गुमटियां और फुटपाथी दुकानों को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान नगर निगम की टीम ने मौके पर मौजूद कई अस्थायी दुकानों को जब्त किया। अधिकारियों ने बताया कि इन स्थानों को पहले ही नो-वेंडिंग जोन घोषित किया जा चुका है, बावजूद इसके वहां लगातार अवैध दुकानें लगाई जा रही थीं। नगर निगम के अनुसार, यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शहरवासियों से भी अपील की गई है कि वे अतिक्रमण न करें और नगर निगम के नियमों का पालन करें।

## झारखंड सरकार का बड़ा फैसला

# मॉनसून से पहले गरीबों को मिलेगा 3 महीने का राशन

मुख्य संवाददाता



रांची, 13 मईः झारखंड सरकार ने मॉनसून के पहले गरीबों को बड़ी राहत देने का फैसला किया है। सरकार ने फैसला लिया है कि 2.88 करोड़ राशन कार्डधारकों को जून, जुलाई और अगस्त के लिए राशन एक साथ दिया जाएगा। यह फैसला मॉनसून और बारिश-बाढ़ की आशंका को देखते हुए लिया गया है। सरकार का उद्देश्य है कि आपदा के समय भी कोई गरीब भूखा न सोए। सरकार ने सभी जिला प्रशासन को निर्देश दिया है कि राशन वितरण में कोई लापरवाही न हो और लाभुकों को समय पर और सुरक्षित ढंग से राशन मिले। खाद्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी खुद वितरण कार्यों की निगरानी करेंगे और लापरवाह अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करेंगे। सरकार ने आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने और हर प्रकार की आपदा से निपटने के लिए पूरी तैयारी की है. मंत्री ने सभी डीएसओ और एफसीआई अधिकारियों की एक आपात बैठक बुलाने का निर्देश दिया है, जिसमें अनाज की व्यवस्था, गोदामों की उपलब्धता और राशन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर चर्चा होगी।

## कांग्रेस दोहरा राजनीतिक चरित्र दिखाना बंद करेः प्रतुल

रांची, 13 मईः भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा है कि कि जब पूरा राष्ट्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अपने सेना के साथ खड़ा है। उसमें भी कांग्रेस दोहरी राजनीति कर रही है। एक तरफ राहुल गांधी देश के साथ और सरकार के हर कदम के साथ चलने का दंभ भर रहे हैं। तो वहीं दूसरी ओर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ,पवन खेड़ा ,सुप्रिया श्रीनेत लगातार मोदी सरकार की मंशा और भारतीय सैन्य क्षमता पर प्रश्न करते हुए देश का अपमान कर रहे हैं।

भारत सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि फिलहाल जो ऑपरेशन ब्रेक हुआ है उसमें किसी दूसरे राष्ट्र की मध्यस्थता नहीं है।लेकिन फिर भी कांग्रेस का एक बड़ा तबका बार-बार भारत को वैश्विक स्तर पर बदनाम करने की कोशिश कर रहा है। कांग्रेस के नेता स्वर्गीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को याद कर रहे हैं कि उन्होंने 1971 में पाकिस्तान का बंटवारा कर दिया था। ये नेता इस बात को भूल जाते हैं कि 1972 के शिमला समझौते के तहत बांग्लादेश में 93000 आत्मसमर्पण किए पाकिस्तानी सैनिकों को श्रीमती गांधी ने बिना शर्त पाकिस्तान को लौटा दिया था। जबकि ये एक्सचेंज के बदौलत पाकिस्तान ऑक्यूपाइड कश्मीर को वापस लेने का एक उपयुक्त समय था।

### सरकार ने कितने पाकिस्तान नागरिकों को डिपोर्ट किया

झारखंड सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि विदेश मंत्रालय के निर्देश के अनुसार पाकिस्तानी वीजा पर ओवर स्टे करने वाले कितने पाकिस्तानी नागरिकों को झारखंड सरकार ने चिन्हित किया है । इनमें से कितने को बाहर निकल गया? जानकारियां मिल रही है कि झारखंड सरकार इस मुद्दे में बहुत गंभीर नहीं है। राज्य सरकार को समझना चाहिए कि देश सर्वोपरि होता है।इसलिए झारखंड सरकार अविलंब अवैध तरीके से रह रहे इन पाकिस्तानी नागरिकों को झारखंड से बाहर निकालने का मार्ग प्रशस्त करे।

## राज्य के 1161 सरकारी शिक्षकों को थमाया नोटिस, 25 तक मांगा जवाब

रांची, 13 मईः राज्य के 5 जिलों के 1161 शिक्षकों को समय पर ऑनलाइन ट्रेनिंग पूरा नहीं करने पर शिक्षा विभाग ने नोटिस भेजा है। इनसे 25 मई तक जवाब मांगा गया है। जवाब संतोषजनक नहीं होने पर इनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। जिन शिक्षकों को नोटिस भेजा गया है, वे रांची, लोहरदगा, खूंटी, गुमला और सिमडेगा जिलों के हैं। सबसे ज्यादा शिक्षक रांची जिले से हैं। रांची से 417 शिक्षक, गुमला से 293 शिक्षक, सिमडेगा से 164, खूंटी से 160 और लोहरदगा से 127 शिक्षक शामिल हैं। दक्षिणी छोटानागपुर के इन जिलों के पहली से आठवीं तक के शिक्षकों को 1 अप्रैल से जे-गुरुजी ऐप के माध्यम से 24 घंटे की ऑनलाइन ट्रेनिंग करने का निर्देश दिया गया था। बाद में ट्रेनिंग पूरी करने के लिए 7 दिन का अतिरिक्त समय भी दिया गया, लेकिन इसके बावजूद 1161 शिक्षक अब तक ट्रेनिंग पूरी नहीं कर पाए।

झारखंड शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद (जेसीईआरटी) के निदेशक शशि रंजन ने कहा कि यह आचरण विभागीय आदेश की अवहेलना है। सभी डीईओ और डीएसई को निर्देश दिया गया है कि ऐसे शिक्षकों से स्पष्टीकरण लें और विभागीय नियमों के तहत कार्रवाई कर रिपोर्ट भेजें। इन शिक्षकों से 25 मई तक हर हाल में जवाब लिया जाएगा। समय पर स्पष्टीकरण नहीं देने या जवाब असंतोषजनक होने पर कठोर कदम उठाए जा सकते हैं।

# भाजपा आज निकालेगी तिरंगा यात्रा, सेना का बढ़ायेगी उत्साह



मुख्य संवाददाता

रांची, 13 मईः भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) झारखंड में तिरंगा यात्रा निकालेगी। यह यात्रा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक बैनर तले आयोजित की जाएगी। इस यात्रा में भाजपा कार्यकर्ता और आम नागरिक शामिल होंगे। 14 मई को रांची में तिरंगा यात्रा शहीद चौक से बिरसा मुंडा समाधि स्थल कोकर तक निकाली जाएगी। यह यात्रा 10.00 बजे पूर्वाह्न से शुरू होगी। इस तिरंगा यात्रा का उद्देश्य सेना का आभार जताना और उनका उत्साह बढ़ाना है। इस यात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे, जिनमें आम नागरिक, सामाजिक संगठन और प्रबुद्ध जन शामिल हैं।

### कब और कहां निकलेगी तिरंगा यात्रा?

➔ 14 मई को रांची में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी।
➔ 15 मई को प्रमंडल स्तर पर,
➔ 16 मई को जिला मुख्यालयों में
➔ 19, 20 मई को निर्धारित मंडलों में तिरंगा यात्रा के कार्यक्रम होंगे।
➔ 19 मई को पलामू, संथाल एवं हजारीबाग प्रमंडल के सभी मंडलों में
➔ 20 मई को कोल्हान और दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडल के मंडलों में तिरंगा यात्रा के कार्यक्रम होंगे।

# मुख्यमंत्री से की सहारा इंडिया के निवेशकों का पैसा दिलाने की मांग

मुख्य संवाददाता

रांची, 13 मईः मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में विश्व भारती जनसेवा संस्थान प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से सहारा इंडिया निवेशकों का पैसा वापस दिलाने, जांच आयोग का गठन और राज्य सरकार द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में हस्तक्षेप याचिका दायर करने की दिशा में पहल किए जाने का आग्रह किया । मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले में राज्य सरकार विधिसम्मत कदम उठाएगी। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों मे संस्थान के राष्ट्रीय सचिव नागेंद्र कुमार कुशवाहा, संयुक्त सचिव अशोक कुमार राम, उप सचिव प्रवीण कुमार श्रीवास्तव और रेजिना सुचिता कच्छप शामिल थे।



# संविदा कर्मियों ने खोला मोर्चा

देशप्राण संवाददाता

रांची, 13 मईः अपनी मांगों को लेकर राज्य के संविदा कर्मियों ने मोरचा खोल दिया है। झारखंड राज्य दैनिक एवं संविदा वेतनभोगी कर्मचारी महासंघ ने राज्य सरकार से संविदा, अनुबंध और एकमुश्त मासिक पारिश्रमिक पर काम करने वाले कर्मचारियों के लिए 12 सूत्री मांग-पत्र जारी किया है। साथ ही महासंघ ने चेतावनी दी है कि अगर इन मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे चरणबद्ध आंदोलन की राह पर जाएंगे।

**क्या है मांगें**

- संविदा एवं अनुबंध कर्मियों को वार्षिक अवकाश की सुविधा देना।
- लंबे समय से कार्यरत कर्मियों को स्थायी सेवा में समायोजित करना।
- नियमित सेवा में कार्यरत कर्मचारियों की तर्ज पर संविदा कर्मियों को समान वेतन व सेवा शर्तें देना।
- चयन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाना और सेवा नियमितीकरण की स्पष्ट नीति बनाना।
- कर्मियों को ईपीएफ की सुविधा देना।
- स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत सभी संविदा व अनुबंध कर्मचारियों को शामिल करना।
- कार्यकाल के आधार पर 5 और 10 वर्ष पूर्ण करने पर नियमितीकरण का लाभ देना।
- सेवा अवधि बढ़ाकर 2025 तक करना।
- राज्य सरकार द्वारा गठित झारखंड राजभाषा आयोग की अनुशंसा अनुसार वेतन पुनरीक्षण करना।
- स्वास्थ्य कर्मियों को जोखिम भत्ता देना।
- महंगाई भत्ते की दरें नियमित कर्मियों की तरह तय करना।

## नीड बेस्ड सहायक प्राध्यापक संघ ने जेट परीक्षा का किया विरोध

देशप्राण संवाददाता

रांची, 13 मईः नीड बेस्ड सहायक प्राध्यापक संघ ने जेट परीक्षा का विरोध करते हुए कहा कि सरकार को पहले से नियुक्त नीड बेस्ड सहायक प्राध्यापकों को समायोजित करना चाहिए, इसके बाद ही जेट परीक्षा का आयोजन किया जाए। नीड बेस सहायक प्राध्यापक संघ के अध्यक्ष डॉ. त्रिभुवन साही ने कहा कि राज्य के विश्वविद्यालयों में लगभग 700 प्राध्यापक वर्ष 2017-18 से काम कर रहे हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि पहले इन नीड बेस प्राध्यापकों को समायोजित किया जाए, फिर अन्य परीक्षाओं और बहाली की प्रक्रिया की जाए।

राज्य के विश्वविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर के कुल 4317 स्वीकृत पद हैं, जिनमें से 2808 पद रिक्त हैं। इस बीच, 700 नीड बेस सहायक प्राध्यापक पिछले सात वर्षों से कार्यरत हैं । डॉ. त्रिभुवन साही ने बताया कि रिक्त पदों को भरने के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने असिस्टेंट प्रोफेसर के कुल 2404 पदों के लिए वेकेंसी निकाली है। उन्होंने यह भी कहा कि वे सभी नीड बेस सहायक प्राध्यापक चाहते हैं कि इसी विज्ञापन में उन्हें समायोजित किया जाए।

डॉ. साही ने यह भी बताया कि राज्य सरकार ने वर्ष 2019 में नीड बेस प्राध्यापकों की नियमित नियुक्ति का वादा किया था। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि अधीनस्थ विश्वविद्यालयों और सभी अंगीभूत महाविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर के रिक्त पदों को भरने के लिए एक प्रगतिशील नीति बनाई जाए।

झारखंड में 17 साल पहले जेट परीक्षा आयोजित हुई थी और इसके बाद बहाली का जो सिलसिला चला था, वह अब तक विवादों में है. उन्होंने कहा कि सीबीआई इस मामले की जांच कर रही है। जब साल में दो बार नेट परीक्षा होती है, तो फिर जेट परीक्षा की आवश्यकता क्यों पड़ी? यह नीति समझ से परे है।

डॉ. साही ने यह भी सवाल उठाया कि हर साल झारखंड के कितने छात्र नेट परीक्षा पास कर रहे हैं, तो फिर जेट परीक्षा क्यों आयोजित की जा रही है जब जेट परीक्षा पास करने वाले छात्रों को झारखंड की बहाली में कोई लाभ नहीं मिलेगा, तो इसकी आवश्यकता क्या है। उन्होंने यह भी कहा कि जेट परीक्षा में पूरे भारत के अभ्यर्थी शामिल होंगे, तो फिर नेट परीक्षा का औचित्य ही समाप्त हो जाता है।

## खबर कोना

### दिखा आस्था व परंपरा का संगम

रांची, 13 मईः सोमवार को अरगोड़ा चौक में भक्ति, आस्था और परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला। मंडा पूजा के अवसर पर निकाले गए भव्य जुलूस में भोक्ता और शोक्ताइन पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे होकर सड़कों पर उतरे। रंग-बिरंगी साड़ियों में लिपटी महिलाएं, सिर पर पारंपरिक पगड़ी, मोरपंख, घुंघरू और गिलौची की माला पहने पुरुष भोक्ताओं ने मां पार्वती की जीवंत छवि को साकार कर दिया। अरगोड़ा चौक स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर के पास श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना की. ढोल, नगाड़ा और शहनाई की पारंपरिक धुनों ने वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। भोक्ताओं ने एक-दूसरे का ह्यबेथह्व (डंडी) पकड़कर झूमर नृत्य किया। नगाड़े की ताल और झांझ की संगत ने श्रद्धालुओं को भक्ति की गहराइयों में डुबो दिया। शोक्ताइन सिर पर गिलौची के फूलों और मालाओं से सजी हुईं, कसा लोटे लेकर चल रही थीं। यह दृश्य मां पार्वती और भगवान शंकर की भक्ति, आस्था और परंपरा का अनूठा प्रतीक था झ्र ऐसा प्रतीत हो रहा था, मानो स्वयं मां पार्वती धरती पर अवतरित हुई हो। राजू ठाकुर के घर पूजा शुरू होने के बाद, पटभोक्ता को विधिपूर्वक सुसज्जित रथ (ई-रिक्शा) पर ह्यकाटीह्व में सुलाया गया। आधे घंटे तक नृत्य करते हुए जुलूस मंदिर तक पहुंचा। ठाकुरगांव से आए छह विशेष शिव भक्तों ने पटभोक्ता को लेकर अरगोड़ा बुढ़ा महादेव मंदिर पहुंचाया. उनके पीछे शोक्ताइन श्रद्धापूर्वक चलती रहीं। यह दृश्य श्रद्धा, परंपरा और भक्ति का जीवंत उदाहरण बन गया। पुजारी परक्षित गोस्वामी ने बताया कि दादू घाट (अरगोड़ा तालाब) पर विशेष पूजा का आयोजन हुआ, जिसमें जल को जीवन का प्रतीक मानते हुए वरुण देव की आराधना की गई. शाम को सभी भोक्ताओं को एक-एक कर झूले पर झुलाया गया। झूले से फूल और प्रसाद गिराए गए, जिन्हें महिलाएं अपने आंचल में और पुरुष हाथों से ग्रहण कर रहे थे। मान्यता है कि इस प्रसाद को ग्रहण करने से घर में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहती है। इस आयोजन में भोक्ता मां पार्वती का स्वरूप धारण कर सती के उस रूप को जीवंत कर रहे थे, जिसमें उन्होंने भगवान शिव को पाने के लिए आत्मदाह किया था. यह परंपरा आज भी उसी आध्यात्मिक समर्पण और प्रेम की याद दिलाती है। श्री मंडा पूजा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति द्वारा आयोजित इस अवसर पर अरगोड़ा मैदान में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए. स्थानीय कलाकारों ने एक से बढ़कर एक लोकगीत, नागपुरी गीत प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया. साथ ही मेले में मिठाई, झूले और खिलौनों की सैकड़ों दुकानें सजी थीं, जहां बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी।

### कार में आग लगने से मची अफरा-तफरी



रांची, 13 मईः रांची के पुंदाग में एक कार में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। हालांकि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है लेकिन कार पूरी तरह से जलकर राख हो गई। जानकारी के अनुसार रांची के पुंदाग ओपी क्षेत्र के सेल सिटी में एक कार पार्क की गई थी। इसमें अचानक से आग लग गई। आग लगने की वजह से सेल सिटी में थोड़ी देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद सेल सिटी के हाउस गार्डों ने तुरंत आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया और आखिरकार आग पर काबू पा लिया गया। सेल सिटी में तैनात गार्ड ने बताया कि अचानक कार से धुंआ निकलने लगा। वे लोग तुरंत पानी का इंतजाम कर आग पर काबू पाने की कोशिश में जुट गए लेकिन देखते ही देखते आग की लपटें तेज होती गई। हालांकि किसी तरह सब के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया। लेकिन कार पूरी तरह से जलकर राख हो गई। कार किसकी है, इसकी जानकारी सोसाइटी के लोग इकट्ठा कर रहे हैं। स्थानीय थाने को भी मामले की जानकारी दे दी गई है।

### सम्मेलन ने भगानिया के निधन पर जताया शोक

रांची, 13 मईः समाजसेवी महेंद्र भगानिया के आकस्मिक निधन पर रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के पदाधिकारी और सदस्यों ने गहरा शोक प्रकट किया है। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने मंगलवार को शोक व्यक्त करते हुए कहा कि महेंद्र भगानिया प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के कर्मठ और उदार सदस्य थे। उन्होंने कहा कि भगानिया हमेशा जरूरतमंदों की मदद के लिए तत्पर रहते थे। उन्होंने मारवाड़ी समाज के एकता, संस्कृति और परंपराओं को बनाए रखने के लिए अनेक कार्य किये। वहीं रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, महामंत्री विनोद कुमार जैन और संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा कि महेंद्र भगानिया सरल, मिलनसार, मृदुभाषी,स्पष्टवादी और धार्मिक व्यक्ति थे। वे सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे।

## संक्षिप्त समाचार

### सीबीएसई परीक्षा में विद्यार्थियों का प्रदर्शन सराहनीय

**पिस्क नगड़ी :** विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त। सीबीएसई बोर्ड के द्वारा मैट्रिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। मैट्रिक परीक्षा में विद्यालय के विद्यार्थी अच्छे अंक से उत्तीर्ण हुए। विद्यार्थियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। विद्यालय में प्रथम स्थान - सना प्रवीण - 87% दिव्तीय स्थान - सिद्धार्थ ओझा -85% तृतीय स्थान - सोनू कुमार साहू -81% एंव प्रिया राय -80%अंक लाकर चतुर्थ स्थान पर रही। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती विद्या रानी ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई संदेश देते हुए कहा कि आपकी मेहनत और लगन रंग लाई है। यह सिर्फ एक शुरूआत है, और आगे भी आप इसी तरह सफलता के शिखर पर पहुंचे,ऐसी मेरी कामना है साथ ही उन्होंने कहा कि विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को सीबीएसई बोर्ड की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा दे रही है।

### अर्चना कच्छप ने वुशु प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम रौशन किया

**मांडर :** मांडर स्थित अमेरिकन पब्लिक स्कूल की छात्रा अर्चना कच्छप ने 4 मई 2025 को आयोजित 21वीं झारखंड सब-जूनियर वुशु (रंल्लाँ) चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रौशन किया किया। वहीं अर्चना ने रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का पुनः परिचय दिया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के निदेशक नौशाद आलम एवं जावेद अहमद, तथा प्रधानाध्यापिका रेशम बाला कुमारी ने अर्चना को बधाई दी तथा उसके उज्वल भविष्य की कामना की।

### बाघवार अकादमी का सीबीएसई परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम

**चान्हो :** सीबीएसई 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में चान्हो स्थित बाघवार अकादमी ने अपने उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन को बनाए रखते हुए एक बार फिर शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त किया। इस वर्ष विद्यालय के कुल 107 छात्र-छात्राएं 10वीं बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 60 छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी, 42 छात्र-छात्राएं द्वितीय श्रेणी, 5 छात्र-छात्राएं तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। सोनाक्षी जायसवाल - 88.6% (प्रथम स्थान), कृतार्थ खालको - 85.02% (द्वितीय स्थान), अलफीजन्नत - 85% (तृतीय स्थान), अस्तित्व आर्यन - 84.4% (चौथा स्थान), बुलबुल रानी - 82.5% (पांचवां स्थान), शांति हेंब्रम - 81.4% (छठा स्थान) प्राप्त किये। क्लास 12 में शिवम् राज 67.8 प्रतिशत लाकर प्रथम स्थान पर रहा एवं अफरीन प्रवीण और शीला उराव क्रमशः 65.6 एवं 64.4 प्रतिशत लाकर द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे।

# सीबीएसई बारहवीं परीक्षा में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर का परिणाम शत प्रतिशत रहा

देशप्राण संवाददाता


**खलारी/डकरा, 13 मई :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा के विद्यार्थियों का सीबीएसई बारहवीं परीक्षा के तीनों संकायों में परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस वर्ष कक्षा द्वादश के तीनों संकायों में कुल 58 छात्रों ने परीक्षा दिया था जिसमें विज्ञान संकाय में कुल 25 छात्रों ने परीक्षा दिया था जिनमें 16 छात्रों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण किया है, वही वाणिज्य संकाय में कुल 20 छात्रों ने परीक्षा दिया था जिसमें प्रथम श्रेणी से कुल 8 छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण किया है, तथा कला संकाय में कुल 13 छात्रों ने परीक्षा दिया था जिनमें से 4 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण किया है। जबकि शेष छात्रों ने द्वितीय श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण किया है।

विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान पर अंकिता कुमारी सिंह 83.6%, द्वितीय स्थान पर संदीप कुमार 79.6% एवं तृतीय स्थान पर रौशनी कुमारी 78.4% अंक प्राप्त कर उतीर्ण रहे। वाणिज्य संकाय




में प्रथम स्थान पर अंकित कुमार राय 78%, द्वितीय स्थान पर अंजलि महली 72.6% एवं तृतीय स्थान में अंशु कुमारी ने 72.4% अंकों से बाजी मारी। वही कला संकाय में प्रथम श्रेणी पर अंकिता कुमारी 79%, द्वितीय स्थान में अंजामी कुमारी 71.4% एवं तृतीय स्थान में राज कुमार भोक्ता ने 66.6% अंकों से बाजी मारी। इस परिणाम के विश्लेषण करने के पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य गोपाल मिस्त्री विश्वकर्मा ने सभी सफल भैया-बहनों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम पिछले वर्षों की तुलना में काफी अच्छा रहा। विद्यार्थियों के परिणाम को लेकर विद्यालय के सभी आचार्यों व दीदी जी का योगदान हमेशा की तरह सराहनीय सर्वोपरि रहा है। विद्यार्थियों के अच्छे परिणाम के लिए शिक्षकों ने ऑनलाइन-ऑफलाइन दोनों मोड़ में क्लासेस दिया तथा बच्चों के सभी प्रकार के समस्याओं का समाधान करने के लिए हमेशा तत्पर रहे हैं।

### सीबीएसई दसवीं में भी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन




**खलारी/डकरा :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा के विद्यार्थियों का सीबीएसई दसवीं परीक्षा में परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस वर्ष कक्षा दशम में कुल 132 छात्रों ने परीक्षा दिया था जिसमें 51 छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं एवं शेष छात्रों ने द्वितीय श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण किया है। सोनू कुमार ठाकुर 89.4% अंक लाकर प्रथम, अनिकेत आयुष 86% अंक लाकर द्वितीय एवं सीनू कुमारी 85.8 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में तृतीय स्थान पर उतीर्ण रहे। इस परिणाम के विश्लेषण करने के पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य गोपाल मिस्त्री विश्वकर्मा ने सभी सफल भैया-बहनों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम पिछले वर्षों की तुलना में काफी अच्छा रहा। विद्यार्थियों के परिणाम को लेकर विद्यालय के सभी आचार्यों व दीदी जी का योगदान हमेशा की तरह सराहनीय एवं सर्वोपरि रहा है। विद्यार्थियों के अच्छे परिणाम के लिए शिक्षकों ने ऑनलाइन-ऑफलाइन दोनों मोड़ में क्लासेस दिया तथा बच्चों के सभी प्रकार के समस्याओं का समाधान करने के लिए हमेशा तत्पर रहे हैं। इस परीक्षा के परिणाम से सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस शुभ घड़ी में विद्यालय के प्रधानाचार्य के अलावा सभी आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित रहें।

## खबर कोना

### सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में महात्मा एन. डी. ग्रोवर डीएवी पब्लिक स्कूल का शत-प्रतिशत परिणाम

**बुंडू:** महात्मा एन. डी. ग्रोवर डीएवी पब्लिक स्कूल, बुंडू ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रदर्शन करते हुए सीबीएसई की 10वीं बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत सफलता हासिल की है। मंगलवार, 13 मई को घोषित परिणाम में स्कूल के सभी 31 छात्र सफल घोषित किए गए, जिससे विद्यालय परिसर में हर्ष का माहौल है। विद्यालय की टॉपर सृष्टि कुमारी और मानव साहित्य ने 92% अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं शौर्य शर्मा ने 91%, शुभम कुमार साहू ने 89%, और आदित्य कुमार गुप्ता ने 87% अंक अर्जित किए। उल्लेखनीय है कि 17 छात्रों ने 75% से अधिक अंक हासिल किए हैं, जो विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को दशार्ता है। विद्यालय प्रबंधन समिति ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण तथा प्रबंधन समिति ने सभी सफल छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय ने एक बार फिर साबित कर दिया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुशासित वातावरण में ही सच्ची सफलता का जन्म होता है।

### मांडर पुलिस ने दहेज प्रताड़ना मामले के एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**मांडर :** मांडर पुलिस ने माण्डर थाना काण्ड सं0-58/2025 दिनांक-13.05.2025 धारा-92/85/115(2)/ 126(2)/352/351(2)/ 3(5) बी0 एन0 एस0 एवं 3/4 दहेज प्रति0 अधि0 के प्राथमिकी अभियुक्त रमजान अंसारी उम्र करीब-26 वर्ष पिता अजमुद्दीन अंसारी स्थायी पता ग्राम नौदी, थाना चान्हो जिला राँची, वर्तमान पता ग्राम कनभीठा, ढौराटोली को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया।

### सीबीएसई में संत जगत ज्ञान पब्लिक स्कूल नगड़ी का शत प्रतिशत परिणाम रहा

**पिस्का नगड़ी :** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई 10वीं तथा 12वीं बोर्ड सत्र 2024-2025 का परीक्षा परिणाम संत जगत ज्ञान पब्लिक स्कूल, पिस्का नगड़ी शत प्रतिशत रहा। 12वीं में विद्यालय के छात्र रिषभ राज ने 95 % अंक प्राप्त किए तथा विद्यालय के टापर्स रहे।अन्य विद्यार्थियों में अभिनव आनन्द 94%, हर्षि रानी 92%, श्रेयसी कश्यप 91%, आदित्य कुमार 90.4%, दिव्या गुप्ता 89%, सिपू यादव 88.2%, एकता तिवारी 86.4%, स्मृति कुमारी 86% तथा रोशन कुमार सिंह ने 85.8% अंक प्राप्त किए ।वहीं 10वीं में निलाक्षी कुमारी ने 93% अंक प्राप्त कर विद्यालय टापर्स रही। रिया कुमारी 87.6%, साक्षी तिग्गा 86.4%, प्रिया कुमारी 84.2%, सनियारा खातून 84.2%, आर्यन राज 84%, प्रिया कुमारी 84%, रोहित कुमार 83.4% , शशि उरांव 83.4% तथा सूरज कुमार ने 83.4% अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। विद्यालय की प्राचार्या जसमंती देवी, निर्देशक डॉ पंकज राज ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

### लोहरदगा ज़िले के विकास के लिए प्रयासरत हूं : डॉ रामेश्वर उरांव

**लोहरदगा :** पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक डॉ रामेश्वर उराँव के कर कमलों द्वारा मंगलवार को लोहरदगा जिलान्तर्गत किस्को प्रखंड के बगडू मोड़ से ऊपर हिसरी पथ 3.35 किलोमीटर सड़क का शिलान्यास किया गया। मौके पर पूर्व मंत्री सह डॉ रामेश्वर उराँव ने कहा कि लोहरदगा ज़िले में प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य किए जा रहे हैं,काफी समय से बगडू भाया उपर हिसरी की सड़क खराब थीं और आवागमन बाधित हो रही थी जिसे ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की आवेदन के साथ अपील की थी जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सड़क निर्माण किया जा रहा है। ज़िले में इससे पूर्व सड़कों का जाल बिछाया गया है और सड़क मार्ग सुगम बनाया गया है ,आगे भी सभी प्रकार कि आधारभूत संरचना का विकास लोहरदगा में तेजी से किया जाएगा।

## शत प्रतिशत रहा महात्मा एन डी ग्रोवर डीएवी पब्लिक स्कूल का रिजल्ट

**तमाड़ :** सी. बी. एस. ई. द्वारा आयोजित दसवीं बोर्ड परीक्षा में महात्मा एन. डी. ग्रोवर डी ए वी पब्लिक स्कूल, गोसाईडीह का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। सी बी एस ई बोर्ड द्वारा आयोजित दसवीं कक्षा के परीक्षा का परिणाम 13 मई को जारी किया गया जिसमे विद्यालय के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। इस वर्ष कुल 31 छात्रों ने दसवीं की परीक्षा दी थी जिसमे सभी विद्यार्थी उतीर्ण हुए। सृष्टि कुमारी एवं मानव साहित्य 92 % लाकर संयुक्त रूप से विद्यालय टॉपर बने। वहीं शौर्य शर्मा -91 %, शुभम कुमार साहू -89%,





आदित्य कुमार गुप्ता- 87% अंक प्राप्त किए। विद्यालय के प्राचार्य दीपक कुमार ने बताया की 17 छात्रों ने 75% से अधिक अंक प्राप्त किया। छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय प्रबंधन समिति ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों ने कड़ी मेहनत एवं लगन से सफलता प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन समिति, प्राचार्य तथा शिक्षकगण ने छात्रों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# सीबीएसई दसवीं परीक्षा में उर्सुलाइन कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

देशप्राण संवाददाता

**खलारी/डकरा, 13 मई :** उर्सुलाइन कॉन्वेंट स्कूल खलारी के विद्यार्थियों का सीबीएसई दशवीं की परीक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस वर्ष कक्षा दश के कुल 74 छात्रों ने परीक्षा दिया था जिसमें प्रथम श्रेणी से 31, द्वितीय श्रेणी से 36 और तृतीय श्रेणी से 07 विद्यार्थियों ने उतीर्ण होकर विद्यालय एवं परिवार का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय के आदित्य राज वर्मा ने 92%अंक लाकर विद्यालय के टॉपर रहे वहीं प्राची दुबे ने 91.8% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, सुहाना सैफी 88.8% अंक से तृतीय, इशांत आर्य 85.6% अंक से चतुर्थ,




एलिना सोरेंग 83.8% अंक से पंचम, प्रकाश कुमार 83.4% अंक से छठे, जीया कुमारी 80.4% अंक से सातवें और शाहीली चौहान 80% अंक लाकर आठवें स्थान से उतीर्ण रहे। सभी सफल परीक्षार्थियों को विद्यालय की प्राचार्या डॉ सिस्टर निर्मला सैमुअल ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी बच्चे अपने आगे की पढ़ाई में अवल दर्जा हासिल करते हुए अपने भविष्य और समाज को ऊंचाइयों पर लेकर जाएं साथ ही अपने परिवार, स्कूल, क्षेत्र और समाज का नाम रौशन करें।

# ऑक्सब्रिज स्कूल के बच्चों का शानदार प्रदर्शन, नाभ्या सिन्हा स्कूल टॉपर

देशप्राण संवाददाता

**मांडर, 13 मई :** सीबीएसई दसवीं बोर्ड परीक्षा में ऑक्सब्रिज स्कूल मांडर के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया है। मंगलवार को जारी दसवीं की परीक्षा परिणाम में ऑक्सब्रिज स्कूल मांडर का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा। स्कूल की प्राचार्य मिस ईवोन ई. एक्का के अनुसार 96 प्रतिशत अंक लाकर नाभ्या सिन्हा स्कूल टॉपर हुई। 94 प्रतिशत अंक लाकर मोहित भगत दूसरा व 93.4 प्रतिशत अंक लाकर आरती कुमारी तीसरा स्थान प्राप्त की। इसके अलावे परीक्षा में अदनान सना ने 93.2 प्रतिशत, सपना कुमारी 92.8 प्रतिशत, रौनक कुमार यादव 92.6 प्रतिशत,




हिमांशु साहू एवं जैद अकरम अंसारी 92 प्रतिशत, रोली कुमारी 91.6 प्रतिशत, शशि उरांव 90.8 प्रतिशत , सक्षम राज 90.4 प्रतिशत एवं अयाज अली 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। इधर नाभ्या सिन्हा ने हिंदी, इंग्लिश , विज्ञान में 96 अंक एवं कम्प्यूटर में 99 अंक हिमांशु साहू ने गणित में 95 अंक एवं मोहित भगत ने समाज अध्ययन में 95 अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल के निदेशक तौफीक आलम, प्राचार्या ईवोन ई. एक्का एवं शिक्षकों ने बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

### एमबी डीएवी पब्लिक स्कूल में होगा स्काउट गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम

**लोहरदगा :** लोहरदगा के एमबी डीएवी पब्लिक स्कूल में स्काउट गाइड का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में 70 छात्र-छात्राएं शामिल होगें। भारत स्काउट और गाइड जिला लोहरदगा के द्वारा 15 मई से द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। स्कूल के प्राचार्य जीपी झा के निदेर्शानुसार प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान भारत स्काउट और गाइड के द्वारा बच्चों को व्हिपिंग, पायोनियरिंग, गाठें, बंधन , क्रॉफ्ट, खेल, गीत संगीत सहित विभिन्न क्रियाकलापों की जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण के पश्चात बच्चों के बीच प्रमाण पत्र का भी वितरण किया जाएगा।

# आदिवासियों की जमीन पर हस्तक्षेप नहीं किया जायेगा बर्दाश्त : सांसद

**लोहरदगा :** लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पबीरा लापुंग में केरकेट्टा 22 पड़हा जतरा का आयोजन किया गया। जिसमें लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए । सांसद का कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर आयोजन समिति के द्वारा उनका पारंपरिक ढंग से स्वागत करते हुए उन्हें मंच तक लाया गया। सांसद ने विधिवत फीता काटकर जतरा कार्यक्रम का शुभारंभ किये। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि जतरा आदिवासियों की पहचान है। यह परंपरा आदिकाल से चली आ रही है। इसे हम सबों को और बेहतर ढंग से करना है। जतरा, अखड़ा, नगडा, मांदर, नृत्य यह सब आदिवासियों की परंपरा से जुड़ा



हुआ है। सुखदेव भगत ने कहा कि हमारी पुरखा की जमीन पर बहुत से स्थानों में हस्तक्षेप किया जा रहा है जो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मेरे संसदीय क्षेत्र में यह सब नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि यह पांचवीं अनुसूचित क्षेत्र में आता है। क्षेत्र के विकास के लिए आदिवासी सब प्लान की राशि आती है । उन्होंने लोगों से हाड़ी-दारु कम करने एवं अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किये । मैंने सरना धर्म कोड़ का मामला को संसद में उठाया है और सरना धर्म कोड़ केंद्र सरकार से लड़कर लेंगे।

# सीबीएसई 10वीं में साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल का जलवा, प्रियांशु दास बने अनुमंडल टॉपर

देशप्राण संवाददाता

**बुंडू, 13 मई :** साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल, बुंडू ने एक बार फिर अपने शानदार शैक्षणिक प्रदर्शन से क्षेत्र में गौरव हासिल किया है। घोषित उइरए 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में स्कूल के मेधावी छात्र प्रियांशु दास ने 96.6% अंक प्राप्त कर अनुमंडल टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया है। प्रियांशु की इस सफलता पर स्कूल परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई है। स्कूल के अन्य छात्रों ने भी इस बार कमाल का प्रदर्शन किया है। राहुल प्रमाणिक ने 95%, आकांक्षा स्वांसी ने 92.8%, अंकिता चेल ने 92%, और देवजीत सेन ने 91.4% अंक अर्जित किए हैं। इन सभी ने 90




प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर स्कूल और क्षेत्र दोनों का नाम रोशन किया है। विद्यालय के प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता बच्चों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। उन्होंने बताया कि स्कूल का उद्देश्य केवल अच्छे अंक लाना ही नहीं, बल्कि बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है, और यह सफलता उसी दिशा में एक मजबूत कदम है। विद्यालय में आज विशेष सभा का आयोजन कर टॉपर्स को सम्मानित किया गया। इस दौरान छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल के अनुशासित वातावरण, नियमित अभ्यास और शिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन को दिया। स्थानीय लोगों, जनप्रतिनिधियों और शिक्षाविदों ने भी स्कूल की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की है और आने वाले वर्षों में इससे भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई है।

साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि मेहनत, समर्पण और सही मार्गदर्शन से किसी भी लक्ष्य को पाया जा सकता है। साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल के प्राचार्य श्री सुभाष कुमार पाटनी ने छात्रों की उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, यह परिणाम हमारे विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और छात्रों की कठिन मेहनत का प्रमाण है। हमें गर्व है कि हमारे विद्यार्थी हर साल नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और अभिभावकों को भी इस सफलता का भागीदार बताया।

# उर्सुलाइन कॉन्वेंट बालिका उच्च विद्यालय में बाल संसद का चुनाव संपन्न

देशप्राण संवाददाता

**लोहरदगा, 13 मई :** उर्सुलाइन कॉन्वेंट बालिका उच्च विद्यालय में प्रत्येक वर्ष बृहद तरीके से बाल संसद का चुनाव किया जाता है। 2025 -26 बाल संसद चुनाव के लिए प्रधानाध्यापिका के नेतृत्व में सभी शिक्षकगण के साथ बाल संसद चुनाव के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि, वर्ग 7 से लेकर वर्ग 10 तक के सभी छात्राओं को विद्यालय के नियम के अनुसार मतदान कराया जाएगा। बाल संसद के चुनाव को संपन्न करने के लिए प्रधानाध्यापिका सिस्टर असरीता को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया। खेल शिक्षक अजय प्रसाद को चुनाव प्रभारी बनाया गया और सभी शिक्षकों को बाल



संसद चुनाव संपन्न करने के लिए पीठासिन पदाधिकारी बनाया गया। दिनांक 7- 5 -25 को प्रधानाध्यापिका के द्वारा अधिसूचना जारी किया गया। दिनांक 8 -5 -25 को उम्मीदवारों के द्वारा नामांकन किया गया, साथ ही चुनाव चिन्ह भी आवंटित किया गया। उम्मीदवारों के द्वारा बड़े-बड़े पोस्टर बनाकर दिनांक 9- 5 -25 से 12- 5- 25 तक चुनाव प्रचार प्रसार किया गया । चुनाव चिन्ह के रूप में किसी को पेन, कार्डबोर्ड, कैलकुलेटर, टीवी, एलईडी, बल्ब, आदि प्रदान की गई। दिनांक 13- 5 -25 को कक्षा 7 से वर्ग 10 तक की छात्राओं ने उत्साह पूर्वक मतदान प्रक्रिया में भाग लिया। इस प्रक्रिया में पहचान पत्र के रूप में छात्राओं का आईडी कार्ड तथा मतदाता सूची के रूप में उपस्थिति पंजी का उपयोग किया गया। मतदाता शांतिपूर्वक लाइन में लगकर अपनी बारी आने पर उंगली पर स्याही लगाकर मत पेटी में पर्ची डालकर मतदान किया। चुनाव समापन पर कुल मत प्रतिशत 97% रहा। इस वर्ष के चुनाव में 104 उम्मीदवारों का भाग्य का फैसला मतपेटी में बंद हो गया। चुनाव प्रक्रिया में प्रधानाध्यापिका के कक्ष को वज्र गृह बनाया गया। मत की गिनती दिनांक 15 -5- 2025 को किया जाएगा। शपथ ग्रहण समारोह दिनांक 17- 5- 25 को भव्य रूप से किया जाएगातथा मंत्रिमंडल का विस्तार किया जाएगा।

# डीएमएफटी मद से साढ़े तीन करोड़ की विकास योजनाओं की रखी गयी आधारशिला

देशप्राण संवाददाता

**रामगढ़, 13 मई :** हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने मंगलवार को अपने रामगढ़ दौरे के क्रम में रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक ममता देवी की उपस्थिति में साढ़े तीन करोड़ की विकास योजनाओं का आधारशिला रखा। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 7 स्थित पोचरा एवं बुजुर्ग जमीरा में 98 लाख रुपए की लागत से उपर पोचरा में राजू साव के घर से सरना होते हुए विक्रम यादव के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का सांसद व विधायक ने नारियल फोड़कर, शिलापट्ट का आवरण कर और फीता काटकर शिलान्यास किया। यहां यह दूसरे फेज में 800 मीटर सड़क निर्माण का कार्य होना है। इससे पहले ही यहां प्रथम फेज में 800 मीटर सड़क निर्माण का कार्य डीएमएफटी मद से किया जा रहा है। इस पथ निर्माण कार्य की मांग इस क्षेत्र के लोगों के लिए पुरानी मांग थी



और जनहित में यह बेहद आवश्यक भी था। सड़क निर्माण होने से स्थानीय लोगों को बड़ी सहूलियत होगी।

मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि विकास एक सतत प्रक्रिया है जो निरंतर जारी रहता है। रामगढ़ में छावनी परिषद और नगर परिषद की व्यवस्था एक साथ चलने से क्षेत्र के विकास में कई अवरुद्ध स्थिति उत्पन्न हो रही थी, लेकिन डीएमएफटी मद का उपयोग छावनी परिषद में शुरू होने से क्षेत्र का समुचित विकास संभव हो सकेगा। तत्पश्चात रामगढ़ ब्लॉक मोड़ के समीप स्थित पुराना रामगढ़ सदर अस्पताल कैंपस में डीएमएफटी मद की राशि करीब ढ़ाई करोड़ की लागत से पतरातु बस्ती में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की नए भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल और रामगढ़ विधायक ममता देवी ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर और शिलापट्ट का अनावरण कर किया। यहां पुराना सदर अस्पताल के सभी जर्जर भवनों को तोड़कर नया डबल स्टोरी भवन का निर्माण होगा।

ऐसे विकास से क्षेत्र के लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं मिलेगी। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, रामगढ़ भाजपा जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी, विजय जायसवाल, रंजन चौधरी, धनंजय कुमार पुटूस, रीमा कुमारी, रंजन सिंह फौजी उर्फ छोटन सिंह, रामगढ़ नगर अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव, अनमोल सिंह, राजद नेता रमेश यादव, आजसू नेता कमलेश यादव, महेश चौधरी, मणिशंकर ठाकुर, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुन्ना पासवान, विनीत यादव, राजेश गुप्ता, शंकर ठाकुर आदि लोग उपस्थित थे।

# नि:शुल्क व्हील चेयर सह श्रवण यन्त्र वितरण समारोह का आयोजन

देशप्राण संवाददाता





**रामगढ़, 13 मई :** लघु उद्योग भारती रामगढ़ इकाई द्वारा शहर के गांधी चौक स्थित होटल शिवम इन के सभागार में मंगलवार को व्हील चेयर सह श्रवण यन्त्र निःशुल्क वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल शामिल हुए। समारोह के दौरान क्षेत्र के कुल 125 दिव्यांगों को व्हील चेयर और 51 दिव्यांगों को श्रवण यन्त्र दिया गया। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सचिव सह प्रांतीय प्रभारी इन्द्र अग्रवाल, सम्मानित अतिथि पूर्व आईपीएस निर्मला कौर, एफजेसीसीआई परेश गट्टानी, ज्योति कुमारी, प्रांतीय अध्यक्ष विजय छापरिया, प्रांतीय महामंत्री विजय मेवाड़, अध्यक्ष अनिल गोयल, सचिव अखिलेश सिंह, प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रवीण झा उपस्थित थे। लघु उद्योग भारती रामगढ़ इकाई ने समाज के विभिन्न जरूरतमंदों की सेवा के साथ-साथ दिव्यांगों की सहायत के लिए लगातार कार्य करती है। समारोह का सभी अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि दिव्यांगता ईश्वर का एक विशेष उपहार है। लघु उद्योग भारती इकाई रामगढ़ ने समाज के ऐसे वर्ग पर अपना सेवा कार्य फोकस किया है, जिन्हें समाज से सालोंभर सहयोग की अपेक्षा रहती है। दिव्यांगों के सुख-दुःख और इनके मानसिक सशक्तता के लिए हम सभी को सदैव खड़े रहने की जरूरत है। उन्हें यह विश्वास दिलाने कि आवश्यकता है कि आपके देखभाल और सहयोग के लिए संपूर्ण मानवता आपके साथ है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों के हितार्थ अभी मेरे पहल पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के हजारीबाग और रामगढ़ परिसदन सभागार में भारत सरकार की कंपनी के सहयोग से एक कैंप लगा था, जिसमें उनका परीक्षण किया गया है संभवतः इस महीने के अंत तक उनके जरूरत के अनुरूप उन्हें उपकरण उपलब्ध कराया जाएगा। दिव्यांगों को सरकार द्वारा निर्धारित 80 फीसदी दिव्यांगता होने पर ही मोटराइज्ड व्हील चेयर दिया जाता है, लेकिन समय गतिशील है और समय के अनुरूप दिव्यांगों की सुविधा के उपकरणों में भी अपग्रेड की जरूरत है। हम प्रयासरत हैं कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के शत-प्रतिशत दिव्यांगों को बैटरी संचालित मोटराइज्ड व्हील चेयर उपलब्ध कराया जाय और इस दिशा में सकारात्मक कार्य शुरू है।

# सीबीएसई बारहवीं की परीक्षा में एंजल्स हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

देशप्राण संवाददाता

**हजारीबाग :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के 12 वीं की परीक्षा में शहर के एंजल्स हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने लगातार 9वीं बार शानदार प्रदर्शन कर स्कूल व जिले का नाम रौशन किया। एंजल्स हाई स्कूल के तीनों संकाय में विज्ञान में मानसी कुमारी 94.2%, वाणिज्य में अक्षया जैन 96.4% और कला विषय में संयुक्त रूप से अभिराज सिंह व अमृतांश कश्यप ने 95.2% अंक लाकर स्कूल टॉपर होने का गौरव हासिल किया।




ज्ञात है की वर्तमान वर्ष 12वीं की बोर्ड परीक्षा में स्कूल के कुल 117 विद्यार्थियों ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में भाग लिया था।

जिसमें विज्ञान संकाय में 45, वाणिज्य संकाय में 45 विद्यार्थी तथा कला संकाय 27 विद्यार्थी शामिल होकर सभी शत- प्रतिशत विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से सफलता प्राप्त किया। 12 वीं की परीक्षा परिणाम में स्कूल के कुल स्कूल का औसत प्रतिशत 84.75% रहा। प्रतिवर्ष की मुताबिक लगातार बढ़ते रिजल्ट प्रतिशत से स्कूल परिवार गदगद है।

स्कूल की निदेशिका निशा जायसवाल ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की और शानदार रिजल्ट के लिए विद्यार्थियों के साथ स्कूल के शिक्षकों एवं अभिभावकों को धन्यवाद बधाई दिया। निशा जायसवाल ने बताया की टीमवर्क से ही यह संभव हो सका है और भविष्य में भी शिक्षा के स्तर को बढ़ावा देने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।

# उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं

देशप्राण संवाददाता



**चतरा, 13 मई :** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में उपायुक्त रमेश घोलप ने समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, पेयजलापूर्ति से संबंधित, कल्याण विभाग से संबंधित, राशन कार्ड, अबुआ आवास, मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना, वृद्धा पेंशन समेत अन्य मामले शामिल है। उपायुक्त ने जनता दरबार में मिलने आये सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमसंगत जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे से 01.00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुनकर उनका निराकरण किया जाता है।

## खबर कोना

### श्री श्री रविशंकर के 69वें जन्मोत्सव पर चतरा में थैलेसीमिया पीड़ितों के लिए रक्तदान सहित कई कार्यक्रम आयोजित




**चतरा :** विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक सह मानवतावादी श्री श्री रविशंकरजी के 69वें जन्मोत्सव पर मंगलवार को दि आर्ट ऑफ लिविंग, चतरा परिवार द्वारा अत्यंत सादगी व शालीनता के साथ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए। इस क्रम में प्रात: 5 बजे से डॉ संध्या रानी व माधवी गुप्ता के नेतृत्व में लिविंग के सदस्यों ने स्थानीय छठ तालाब स्थित सूर्य मंदिर की साफ सफाई की व 6.30 बजे से जिला समन्वयक प्रशिक्षक विकास कुमार स्नेही, दीपक कुमार व रेणु रीना के संयुक्त नेतृत्व में स्थानीय गंदौरी मंदिर कैंपस स्थित अक्षरा पैलेस में प्रात: साधना प्रकल्प के तहत विशेष सामूहिक लम्बी सुदर्शन क्रिया व योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग दो दर्जन से अधिक सदस्य शामिल हुए ।तत्पश्चात सेवा प्रकल्प के तहत प्रात: 11 बजे से स्थानीय रेडक्रॉस भवन स्थित रक्त केंद्र में विकास कुमार स्नेही के नेतृत्व में वालंटरी रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी उर्फ बिरजू तिवारी द्वारा किया गया। मौके पर प्रमुख रूप से लिविंग के माधवी गुप्ता, चंद्रशेखर लाल गुप्ता, प्रकाश राणा, सुशीला जी, प्रिया रंजन, मुकेश कुमार सिंह, निकीस जायसवाल, मालती मिश्रा, अमित कुमार आदि उपस्थित थे। लिविंग के कुल 13 तेरह रक्तवीर सदस्यों ने थैलीसैमिया पीड़ितों के लिए रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया, जिनमें अलोक राज, गौरव कुमार,संध्या रानी, प्रिया रंजन, अवदेश जी, मुकेश कुमार सिंह,आदि के नाम शामिल हैं। स्थानीय गंदौरी मंदिर प्रांगण में अपराह्न 3 बजे से शाम 5 बजे तक चंद्रशेखर लाल गुप्ता व माधवी गुप्ता के नेतृत्व में आम राहगीरों को तपती दुपहरी से राहत के लिए शरबत वितरण का सेवा कार्य किया गया। शाम 6.30 बजे से स्थानीय गंदौरी मंदिर स्थित अक्षरा पैलेस में जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी के सान्निध्य में प्रशिक्षक दीपक कुमार, रेणु रीना व विकास कुमार स्नेही के संयुक्त नेतृत्व में गुरुपूजा, ध्यान व सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमें 50 से अधिक श्रद्धांलु भक्तों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान वरीय प्रशिक्षक दीपक कुमार ने पहलगाम में मारे गए निर्दोष सैलानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भारतीय उपमहाद्वीप में यथाशीघ्र शांति व सद्भाव की त्वरित बहाली व भारत-पाकिस्तान के बीच जारी हालिया तनावों व युद्ध जैसी सैन्य कार्यवाहियों में देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए अपने बहादुर भारतीय जवानों की आत्मा की शांति व सदगति सहित उनके शोकाकुल परिजनों के सम्बलन हेतु विशेष ध्यान-प्रार्थना समर्पित की गयी। शांति पाठ, राष्ट्रगान व दो मिनट के मौन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### मुखिया नीलम मिंज ने विद्यार्थियों के बीच स्कूल बैग का किया वितरण



**बड़कागांव :** प्रखंड के सुदूरवर्ती आंगों पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय देवगढ़ में विद्यार्थियों के बीच मुखिया अनिल मिंज के हाथों स्कूल बैग एवं पुस्तक वितरण किया गया। इस दौरान मुखिया नीलम मिंज ने कहा कि शिक्षक बच्चों की उपस्थिति एंव ठहराव पर दें ध्यान। राज्य सरकार लगातार शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत हैं। सरकार के द्वारा सरकारी विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन योजना के साथ-साथ बच्चों के बीच मुफ्त स्कूल ड्रेस, पुस्तक , कॉपी, साइकिल एंव छात्रवृत्ति सहित स्कूल बैग उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसलिए शिक्षकों से अपील करती हूं कि बच्चों की उपस्थिति पर विशेष ध्यान दें।मौके पर पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि कौलेश्वर गंझू , जागेश्वर गंझू , कपूर्री ठाकुर, अरविंद सिंह , सुधु गंझू, सुधीर सहित अन्य लोगों उपस्थित थे।

# जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी फरियाद, त्वरित समाधान के दिया निर्देश

देशप्राण संवाददाता

**हजारीबाग :** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। उपायुक्त नैन्सी सहाय ने आमजनों की समस्याओं को सुना तथा इसके त्वरित समाधान के निदेश संबंधित अधिकारियों को दिया। इस अवसर पर लगभग एक दर्जन फरियादियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन समर्पित किये। मौके पर शहरी सहित विभिन्न प्रखंड से आये आवेदकों ने शिक्षकों की पुनः नियुक्ति, फर्जी प्रमाण पत्र, एलपीसी निर्गत करने, जमीन पर अवैध कब्जा, दिव्यांग



को ट्राई साईकिल उपलब्ध कराने, पिता की सम्पति में अधिकार, रंगदारी मांगने, जमीन हड़पने, भू-मुआवजा, नियुक्ति, रसीद निर्गत करने, बीपीएल में नामांकन, मारपीट, चिकित्सा अनुदान, प्रधानमंत्री शौचालय योजना का लाभ सहित रोजगार दिलाने संबंधित आवेदन देकर समाधान की मांग की। इसपर उपायुक्त ने बारी-बारी से आवदकों से मिल उनकी समस्याओं संदर्भ में जाना तथा उनके आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को भेजते हुए जांचोपरांत त्वरित करने का निर्देश दिया।

# झारखंड सीएसआर कॉन्क्लेव 20-21 जून को

**मेदिनीनगर :** मिशन ब्लू फाउंडेशन और आई3 फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में झारखंड सीएसआर कॉन्क्लेव 2025 का आयोजन 20 और 21 जून को रांची में किया जाएगा। इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य कॉर्पोरेट, एनजीओ, सिविल सेवाओं के प्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को एक साझा मंच प्रदान कर राज्य में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व को और अधिक प्रभावशाली और सशक्त बनाना है। इस कॉन्क्लेव के आयोजनकर्ता पंकज सोनी और राजीव गुप्ता ने बताया कि इस कॉन्क्लेव में झारखंड में कार्यरत हजारों एनजीओ के प्रतिनिधि और 200 से अधिक से सरकारी एवं निजी कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

यह कार्यक्रम कंपनियों और सामाजिक संस्थाओं के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करेगा, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और आजीविका जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संयुक्त प्रयास किए जा सकें। इसके अतिरिक्त, कॉर्पोरेट हाउसेज एवं संस्थानों के मध्य एमओयू (समझौता ज्ञापन) होने की भी संभावना है, जो स्थायी विकास लक्ष्यों को गति देने में सहायक सिद्ध होगा। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए एनजीओ का पंजीकरण प्रारंभ हो गया है।

### मेदिनीनगर अस्पताल नकली दवा की आपूर्ति कर जनता की जान का दुश्मन बना : सतीश कुमार

**मेदिनीनगर :** पलामू प्रमंडल का सबसे बड़ा अस्पताल एम एम सी एच में मरीजो को नकली दवा देकर साबित कर दिया कि सदर अस्पताल समेत पुरे पलामू का स्वास्थ्य केन्द्र भ्रष्टाचार मे अकंठ डुबा है। स्वास्थय मंत्री से लेकर पलामू सिविल सर्जन की भूमिका संदिग्ध है। 62 तरह कि दवा आपूर्ति सप्लायर्स के द्वारा किया गया। 20 दवा की जांच सेन्ट्रल लैब कलकत्ता मे कराया गया।18 दवा नकली पाई गयी व कम गुणवत्ता की दवा आपूर्ति कि गई। दवा सप्लाई करने वाली हत्यारे कम्पनी पर सबसे पहले मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार होना चाहिए, मगर नही नकली दवा वापस लेने कि बात सिविल सर्जन के द्वारा कहा जा रहा है। हो भी क्यों नही,हो सकता है कमिशन मे बडी रकम जो आपूर्ति के एवज मे ली गई है। सरकार के मंत्री व विभाग के अधिकारियों की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता है।

# प्राणिक हीलिंग फाउंडेशन ट्रस्ट ने वेसाक फुल मून मेडिटेशन का किया सफल आयोजन

देशप्राण संवाददाता

**हजारीबाग :** प्राणिक हीलिंग फाउंडेशन ट्रस्ट ऑफ झारखंड द्वारा बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर वेसाक फुल मून मेडिटेशन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह ध्यान-सत्र बीकानेर एक्सप्रेस परिसर में सोमवार की शाम 4 बजे से 5:30 बजे तक आयोजित किया गया। इसमें शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों, चिकित्सा संस्थानों और आम नागरिकों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही। कार्यक्रम की शुरूआत आध्यात्मिक ऊर्जा और शांति के मंत्रों के साथ हुई। उपस्थित लोगों को वेसाक पर्व का महत्व समझाया गया, जिसे वर्ष का सबसे पवित्र और आध्यात्मिक रूप से शक्तिशाली दिन माना जाता है। इस दिन भगवान बुद्ध के पृथ्वी पर अवतरण और दिव्य ऊर्जा के संचार का प्रतीक माना जाता है। वेसाक फुल मून मेडिटेशन के दौरान सभी प्रतिभागियों ने



सामूहिक रूप से ध्यान किया, अपनी मनोकामनाओं को ब्रह्मांडीय ऊर्जा में समर्पित किया और समस्त जीवों के कल्याण हेतु प्रार्थना की।

ध्यान-सत्र में देश के सीमावर्ती क्षेत्रों में कार्यरत हमारे सैनिकों के लिए भी आंतरिक शक्ति, साहस और मानसिक बल की सामूहिक ऊर्जा भेजी गई। कार्यक्रम में वसुंधा कल्याण संस्था की अंजलि कुमारी अपनी टीम के साथ कार्यक्रम में शामिल हुईं। शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के कई छात्र-छात्राएँ भी इस कार्यक्रम का हिस्सा बने। सत्र के दौरान प्रतिभागियों को प्राणिक हीलिंग के मूल सिद्धांतों से अवगत कराया गया।

बताया गया कि यह एक वैज्ञानिक और आध्यात्मिक विधि है जो शरीर की प्राण ऊर्जा को संतुलित कर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाती है। यह न केवल बीमारियों से लड़ने में सहायक है, बल्कि व्यक्ति के भीतर शांति, संतुलन और आत्मबल भी विकसित करती है। सदस्या लता जैन पांड्या एवं नेहा जैन ने जानकारी दी कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को आत्मिक जागरूकता, ध्यान की महत्ता और सामूहिक ऊर्जा के प्रभाव से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि जब हम एक साथ ध्यान करते हैं, तो एक सकारात्मक शक्ति उत्पन्न होती है, जिसे समाज, राष्ट्र और विश्व शांति के उपयोग किया जा सकता है।

### सीबीएसई दसवीं की परीक्षा में एलिट पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का रहा शानदार प्रदर्शन

**मेदिनीनगर (पलामू) :** सीबीएसई दसवीं की परीक्षा में एलिट पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन रहा। स्कूल के साथ प्रतिशत बच्चों ने सफलता पाई है। दसवीं की परीक्षा में एलिट पब्लिक स्कूल के कूल 99 छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे। छात्र सौरभ आनंद ने 94 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर रहे। तफसीर खान ने 88.2 प्रतिशत, पियूष राज ने 85.4 प्रतिशत, नंदिनी कुमारी ने 85 प्रतिशत, निशा रानी ने 81.4 प्रतिशत, आदित्य कुमार ने 80.4 प्रतिशत, प्रियंका कुमारी 80.4 प्रतिशत, लकी यादव 80 प्रतिशत, अमरेन्द्र कुमार यादव 79.8 प्रतिशत, आयुष कुमार 79.2 प्रतिशत अंक के साथ अपना परचम लहराया है। साथ ही टॉप टेन में जगह बनाने में कामयाब हुए हैं। 32 परीक्षार्थियों ने प्रथम श्रेणी व अन्य ने द्वितीय श्रेणी में सफलता अर्जित की है। परीक्षा के परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय के अध्यक्ष डॉ आरपी सिन्हा ने कहा कि छात्र-छात्राओं की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग व शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है । सचिव डॉ आशा सिन्हा ने बच्चों के परीक्षाफल पर संतोष व्यक्त किया। कहा कि परिणाम करियर की प्रथम सीढ़ी है। छात्र- छात्राओं ने कठिन मेहनत कर सफलता की ऊंचाई को छूने का कोशिश किया है। विद्यालय के प्राचार्य वररुचि राकेश ने परीक्षा के परिणाम पर शिक्षकों, छात्र-छात्राओं व अभिभावकों को बधाई दी।

# डीवीसी की अनदेखी से फिश फार्म रोजगार का साधन बंद

देशप्राण संवाददाता

**चौपारण :** हजारीबाग जिले के मानचित्र पर डीवीसी चौपारण प्रखंड में एक प्रभावशाली एवं रोजगार का सशक्त संस्थान के रूप में जाना जाता हैं। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहर लाल नेहरू ने डीवीसी की स्थापना 7 जुलाई 1948 को स्वतंत्र भारत की पहली बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजना के रूप में स्थापित की गई थी। डीवीसी का गठन केंद्र सरकार एवं बिहार (बाद में झारखंड) और पश्चिम बंगाल की सरकारों की भागीदारी से हुआ था। निगम के मुख्य उद्देश्य बाढ़ नियंत्रण,सिंचाई, बिजली का उत्पादन और संचरण था।

दामोदर घाटी निगम (डीवीसी), जिसे दामोदर वैली कॉर्पोरेशन के नाम से भी जाना जाता हैं। जिसका मुख्य उद्देश्य दामोदर नदी घाटी के विकास और प्रबंधन से संबंधित था। जिसमे दामोदर नदी के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ को नियंत्रित करना। क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा प्रदान करना, बिजली उत्पादन और वितरण सुनिश्चित करना, दामोदर घाटी क्षेत्र में जल संसाधनों का प्रबंधन करना, क्षेत्र में वनरोपण और मृदा संरक्षण गतिविधियों को बढ़ावा देना, डीवीसी ने दामोदर नदी और उसकी सहायक नदियों पर कई बांध बनाए, जैसे कि मैथन, तिलैया, कोनार, पंचेत और बोकारो बांध, डीवीसी ने जलविद्युत संयंत्रों और ताप विद्युत संयंत्रों का संचालन करके बिजली उत्पादन करना, डीवीसी ने नहरों और अन्य सिंचाई प्रणालियों का निर्माण करके सिंचाई सुविधा प्रदान करना,बाढ़ नियंत्रण के लिए बांधों और अन्य संरचनाओं का निर्माण करना, डीवीसी के द्वारा क्षेत्र में वनरोपण और मृदा संरक्षण गतिविधियों को बढ़ावा देना, डीवीसी द्वारा क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा कर रोजगार प्रदान करना।

क्षेत्र में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना सहित कई उद्देश्यों के साथ 5 दशक तक अच्छा कार्य किया। 2000 में झारखंड बनने के बाद से धीरे धीरे डीवीसी और उसकी कार्यशैली की चमक धूमिल होते चला गया और आज विलुप्तता की कगार पर आ गया हैं। विकसित, रोजगार का हब के रूप में रहने वाला डीवीसी फिश फार्म बच्छई का परिणाम हैं कि डेढ़ दर्जन से अधिक मछली पालन वाला तालाब जर्जर होकर सुख कर अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा हैं। साथ ही जो सामान था उसे तीन दशक में डीवीसी के अधिकारी आये और उसे जगह लगाते चले गए।

आज डीवीसी के महल का ढांचा को एक कैटल गार्ड के रूप में सरजू यादव के द्वारा देख रेख किया जा रहा हैं। बता दें कि टिटही सीमाना पर लगभग 25 एकड़ जमीन पर छोटे-बड़े डेढ़ दर्जन तालाब बनाकर फिश फार्म खोला गया था। जिसमें सालोभर पानी भरा रहता था और मछली पालन किया जाता था। जो तिलैया डैम में डाल कर टेंडर के माध्यम से मछली पकड़ा जाता था। जिससे लाखो की आमदनी होती थी। डीवीसी के अनदेखी के कारण आज फिश फार्म के तालाब बंजर बना पड़ा हैं।

## बढ़ता भारत

यूनाइटेड नेंशन्स डेवलपमेंट प्रोग्राम (यूएनडीपी) द्वारा मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) की हालिया जारी रिपोर्ट भारत के लेकर अच्छी खबर लेकर आयी है। भारत की रैंकिंग तीन पायदान सुधरी है, लेकिन यह भी सच है कि अभी भी सुधार की व्यापक गुंजायश है, क्योंकि हम अभी भी 193 देशों वाले इस सूचकांक में निचले हिस्से में ही हैं और 2022 के 133वें स्थान की जगह 2023 में हम 130वां स्थान हासिल कर सके। भारत मानव विकास के मामले में मध्यम श्रेणी में बना हुआ है। हमारा स्वास्थ्य व्यय जीडीपी के 4 और 3.7 फीसदी के बीच रहा है जो दुनिया में सबसे कम है, लेकिन इस नकारात्मक पहलू के अलावा कुछ सकारात्मक पहलू भी हैं। मसलन, भारत का एचडीआई मूल्य 1990 से अब तक 53 फीसदी सुधरा है। यह सुधार वैश्विक और दक्षिण एशियाई दोनों से औसतन बेहतर है। यह बताता है कि कैसे भारत अधिकांश आबादी के लिए बेहतर सामाजिक, आर्थिक नतीजों के साथ अपने एचडीआई मूल्य में सुधार कर सकता है।

रिपोर्ट के अनुसार भारत ने जिन क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की वे हैं, उनमें जीवन प्रत्याशा (लाइफ एक्सपेंटेंसी) प्रमुख है। 1990 में भारत में जहां लाइफ एक्पेंटेंसी 58.6 वर्ष थी वही अब यह सुधरकर 2023 में 72 वर्ष पर आ चुका है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, आयुष्मान भारत और पोषण अभियान जैसे कई कार्यक्रमों के चलते यह बदलाव संभव हुआ है। स्कूली शिक्षा के औसत वर्षों में भी सुधार हुआ है और 1990 में जहां 8.2 वर्ष तक बच्चों के स्कूल में रहने की संभावना होती थी वहीं अब यह सुधार 13 वर्ष हो चुका है। गरीबी में कमी को सुधारों के वर्षों के बाद की सबसे उल्लेखनीय उपलब्धि माना जा सकता है। 2015.16 से 2019.21 के बीच करीब 13.5 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आ गए। इसके बावजूद भारत एचडीआई में पड़ोसी मुल्कों से पीछे है। चीन इस सूचकांक में 75वें स्थान पर है। श्रीलंका और भूटान जैसे छोटे देश 78वें और 127वें स्थान के साथ हमसे बेहतर हैं। बांग्लादेश 130 वें स्थान के साथ भारत की बराबरी पर है। केवल नेपाल 145, म्यांमार 149 और पाकिस्तान 168 ही हमसे पीछे हैं। रिपोर्ट के अनुसार बढ़ती असमानता और लैंगिक असमानता भारत को एचडीआई में पीछे खींच रही हैं। वास्तव में असमानता ने भारत को एचडीआई में 30.7 फीसदी पीछे किया है। यह इस क्षेत्र के सबसे बड़े नुकसान में से एक है।

एचडीआई रिपोर्ट से निकले संकेत स्पष्ट हैं। भारत को अपने सार्वजनिक अधोसंरचना क्षेत्र की आपूर्ति गुणवत्ता पर किए जाने वाले व्यय में तत्काल सुधार करने की आवश्यकता है ताकि अधिक से अधिक नागरिकों के पास गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य पाने का अवसर हो। राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे कार्यक्रम जो बालिकाओं की शिक्षा पर केंद्रित है, ने निस्संदेह मदद की है, परंतु भारत का शिक्षा और स्वास्थ्य व्यय अभी भी काफी कम है जिससे एचडीआई और आर्थिक वृद्धि के क्षेत्र में वह बदलाव नहीं आ पा रहा है जो आना चाहिए और जो दक्षिण पूर्वी एशिया के देशों तथा हॉन्गकॉन्ग, ताइवान, सिंगापुर और दक्षिण कोरिया में आया है। हमारा स्वास्थ्य व्यय जीडीपी के 4 और 3.7 फीसदी के बीच रहा है जो दुनिया में सबसे कम है। इसी तरह शिक्षा पर सरकारी व्यय भी जीडीपी के 3 से 4 फीसदी से अधिक नहीं रहा है। यह चीन के 6.13 फीसदी की तुलना में बेहद कम है।

# भारत-पाक तनाव : अनियंत्रित सोशल मीडिया

संदीप सृजन

पहलगाव हमले के बाद, ऑपरेशन सिंदूर और सीजफायर घोषित होने के दौरान जो शब्दों के, तस्वीरों के और वीडियो रील्स के हमले सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर चल रहे है, उनको देखकर कई बार लगता है कि भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे युद्ध को सोशल मीडिया पर चल रहे वैचारिक युद्ध ने और अधिक तनाव वाली स्थिति ला दी और अधिक जटिल व खतरनाक बना दिया है। सोशल मीडिया, जहां एक ओर सूचना और विचारों के आदान-प्रदान का माध्यम है, वहीं दूसरी ओर यह अनियंत्रित होने पर गलत सूचना, नफरत और हिंसा को बढ़ावा देने का जरिया बन रहा है।




**अनियंत्रित सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों को कम करने के लिए कई कदम उठाये जाने चाहिए। इनमें सरकारी नीतियां, तकनीकी समाधान और सामाजिक जागरूकता शामिल हैं। सोशल मीडिया पर गलत सूचना और नफरत भरे भाषण को नियंत्रित करने के लिए कठोर कानून लागू करने की आवश्यकता है।**

भारत-पाक तनाव के दौरान, सोशल मीडिया का अनियंत्रित उपयोग न केवल दोनों देशों के बीच तनाव को बढ़ा रहा है बल्कि सामाजिक सौहार्द, राष्ट्रीय सुरक्षा और व्यक्तिगत जीवन पर भी गंभीर नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है।

सोशल मीडिया ने पिछले दो दशकों में भारतीय समाज सहित पूरे विश्व को पूरी तरह से बदल दिया है। फेसबुक, ट्विटर (अब), इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म्स ने लोगों को एक-दूसरे से जोड़ा है और सूचनाओं को तुरंत साझा करने की सुविधा प्रदान की है। भारत में जहां इंटरनेट की पहुंच ग्रामीण क्षेत्रों तक फैल चुकी है, सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है। 2025 तक, भारत में लगभग 900 मिलियन से अधिक इंटरनेट उपयोगकर्ता हैं जिनमें से अधिकांश सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं।

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण कश्मीर विवाद, आतंकवाद, और सीमा पर गोलीबारी, इन मुद्दों पर दोनों देशों की सरकारें और नागरिक अपने-अपने दृष्टिकोण रखते हैं। सोशल मीडिया ने इन दृष्टिकोणों को व्यक्त करने का एक खुला मंच प्रदान किया है लेकिन यह मंच अक्सर अनियंत्रित और गैर- जिम्मेदाराना तरीके से उपयोग किया जाता है।

तनाव के दौरान सोशल मीडिया पर गलत सूचनाएं तेजी से फैलती हैं। पहलगाम हमले के बाद से दोनों देशों में सोशल मीडिया पर फर्जी वीडियो, तस्वीरें और खबरें वायरल हुईं जिनमें से कई का उद्देश्य लोगों को भड़काना था। ऐसी सामग्री न केवल दोनों देशों के बीच तनाव को बढ़ाती है बल्कि आम लोगों में डर और अविश्वास का माहौल भी पैदा करती है।

सोशल मीडिया पर कुछ उपयोगकर्ता एक-दूसरे के खिलाफ नफरत भरे भाषण और अपमानजनक टिप्पणियां करते हैं। यह न केवल सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि दोनों देशों के बीच शत्रुता को और बढ़ाता है। कुछ लोग सोशल मीडिया का उपयोग प्रोपेगेंडा फैलाने के लिए करते हैं। कुछ समूह और संगठन सोशल मीडिया पर ऐसी सामग्री साझा करते हैं जो उनके अपने एजेंडे को बढ़ावा देती है। इसके अलावा, साइबर युद्ध के रूप में हैकिंग, फर्जी अकाउंट्स और ट्रोलिंग भी आम हो गया है। सोशल मीडिया पर भड़काऊ सामग्री कभी-कभी वास्तविक हिंसा को जन्म देती है। भारत में कुछ मामलों में सोशल मीडिया पर फैली अफवाहों के कारण सांप्रदायिक दंगे हुए हैं। सोशल मीडिया पर फैली गलत सूचनाओं ने हिंसक प्रदर्शनों को हवा दी है।

भारत बहु-सांस्कृतिक और बहु-धार्मिक समाज हैं। सोशल मीडिया पर फैलने वाली नफरत भरी सामग्री इन समाजों में सांप्रदायिक और धार्मिक तनाव को बढ़ा रही है। भारत में समुदाय विशेष के खिलाफ नफरत भरे भाषणों का बढ़ना चिंता का विषय बन गया है। कई बार गलत सूचनाएं और प्रोपेगेंडा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा कर देते हैं। सीमा पर तनाव के दौरान फैलाई गई फर्जी खबरें सैन्य रणनीतियों को प्रभावित कर सकती हैं या जनता में घबराहट पैदा कर रही हैं। सोशल मीडिया पर लगातार नकारात्मक और भड़काऊ सामग्री का सामना करने से लोगों में तनाव, चिंता और अवसाद बढ़ा रहा है। विशेष रूप से युवा, जो सोशल मीडिया पर अधिक समय बिताते हैं, इस तरह की सामग्री से आसानी से प्रभावित हो रहे हैं।

अनियंत्रित सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों को कम करने के लिए कई कदम उठाये जाने चाहिए। इनमें सरकारी नीतियां, तकनीकी समाधान और सामाजिक जागरूकता शामिल हैं। सोशल मीडिया पर गलत सूचना और नफरत भरे भाषण को नियंत्रित करने के लिए कठोर कानून लागू करने की आवश्यकता है। भारत में पहले से ही सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत कुछ प्रावधान हैं लेकिन इन को और प्रभावी ढंग से लागू करने की जरूरत है। साथ ही, सोशल मीडिया कंपनियों को जवाबदेह बनाना जरूरी है। फेसबुक, ट्विटर, और अन्य प्लेटफॉर्म्स को अपनी सामग्री निगरानी प्रणाली को मजबूत करना चाहिए। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मानव मॉडरेटर के संयोजन से भड़काऊ सामग्री को तुरंत हटाया जा सकता है। इसके अलावा, इन कंपनियों को स्थानीय भाषाओं में सामग्री की निगरानी के लिए अधिक संसाधन आवंटित करने चाहिए। डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना जरूरी है। लोगों को गलत सूचनाओं को पहचानने और सत्यापित करने की शिक्षा दी जानी चाहिए। स्कूलों और कॉलेजों में डिजिटल साक्षरता को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाना चाहिए।

सरकारी, गैर-सरकारी संगठनों और मीडिया को मिलकर सामाजिक जागरूकता अभियान चलाने चाहिए। इन अभियानों का उद्देश्य लोगों को सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग के बारे में शिक्षित करना और नफरत भरे भाषण से बचने के लिए प्रेरित करना होना चाहिए। सरकार, सोशल मीडिया कंपनियों, और नागरिकों को मिलकर काम करना होगा। साथ ही अनियंत्रित सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों को कम करने के लिए कठोर नियम, तकनीकी समाधान, और सामाजिक जागरूकता जरूरी है। केवल एक जिम्मेदार और सकारात्मक दृष्टिकोण ही इस डिजिटल युग में तनाव को कम करने और सामाजिक सौहार्द को बढ़ाने में मदद कर सकता है।

# भारत-पाक युद्धविराम : आर्थिक और कूटनीतिक दबावों की जीत

जयसिंह रावत




10 मई, 2025 को दक्षिण एशिया के दो परमाणु हथियार संपन्न पड़ोसियों, भारत और पाकिस्तान, ने चार दिन की तीव्र सैन्य झड़पों के बाद पूर्ण और तत्काल युद्धविराम की घोषणा की। यह युद्धविराम, जो नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर मिसाइल हमलों और ड्रोन युद्ध तक बढ़ चुका था, न केवल दोनों देशों की सैन्य रणनीतियों को दशार्ता है, बल्कि वैश्विक कूटनीति और आर्थिक दबावों की एक जटिल कहानी भी बयान करता है। इस लेख में हम इस युद्धविराम के पीछे के तथ्यों, अंतरराष्ट्रीय हस्तक्षेप, और इसके दीर्घकालिक प्रभावों का विश्लेषण करते हैं।

पिछले महीने भारतीय नियंत्रित कश्मीर में एक घातक आतंकी हमले ने दोनों देशों के बीच तनाव को फिर से भड़का दिया। यह हमला हिमालय की सुरम्य घाटी कश्मीर पर दशकों पुराने विवाद का हिस्सा था जो भारत और पाकिस्तान के बीच विभाजन के बाद से अनसुलझा रहा है। बुधवार, 6 मई 2025 को शुरू हुई झड़पें जल्द ही हवाई हमलों और ड्रोन युद्ध में तब्दील हो गयीं। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के सैन्य ठिकानों पर हमले किए, जिससे क्षेत्र में अस्थिरता की आशंका बढ़ गयी। यह पहली बार था जब दोनों देशों ने बड़े पैमाने पर ड्रोन का उपयोग किया जिसने भविष्य के युद्धों के लिए नये आयाम खोल दिये।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 10 मई, 2025 को अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर घोषणा की कि भारत और पाकिस्तान ने अमेरिका की मध्यस्थता में 'पूर्ण और तत्काल युद्धविराम' पर सहमति जताई है। ट्रंप ने दोनों देशों की 'विवेक और महान बुद्धिमत्ता' की सराहना की हालांकि, भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिश्री ने कहा कि यह समझौता दोनों देशों के सैन्य महानिदेशकों के बीच सीधी बातचीत से हुआ, जो शनिवार दोपहर 3:35 बजे शुरू हुई और शाम 5 बजे से लागू हो गया। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने भी सोशल मीडिया पर युद्धविराम की पुष्टि की और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ अपनी बातचीत को 'आश्वस्त करने वाला' बताया। यह स्पष्ट है कि युद्धविराम में अमेरिका की भूमिका थी, लेकिन भारत और पाकिस्तान दोनों ने इसे अपनी कूटनीतिक जीत के रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश की। मिश्री ने संकेत दिया कि दोनों देशों के सैन्य महानिदेशक सोमवार को फिर से बात करेंगे, जिससे यह युद्धविराम अस्थायी लगता है।


युद्धविराम के पीछे केवल भारत और पाकिस्तान की इच्छा नहीं थी; इसमें कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की भूमिका थी। सऊदी अरब, कतर, और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे खाड़ी देशों ने दोनों पक्षों के साथ राजनयिक बातचीत की। ये देश जो भारत और पाकिस्तान दोनों के साथ घनिष्ठ संबंध रखते हैं, तनाव को कम करने के लिए सक्रिय थे। गुरुवार को सऊदी और अन्य खाड़ी राजनयिक दोनों देशों के नेताओं से मिले। अमेरिका, हालांकि अब भारत-पाकिस्तान विवाद में सीधे मध्यस्थता से बचता है, ने भी अपनी भूमिका निभायी। मार्को रुबियो ने दोनों देशों के विदेश मंत्रियों से बात की और 'गलत अनुमान' से बचने की सलाह दी। अमेरिका का ध्यान अब चीन को नियंत्रित करने और इंडो-पैसिफिक रणनीति पर है, लेकिन दक्षिण एशिया में अस्थिरता उसके हितों के लिए खतरा है। चीन, जिसे पाकिस्तान अपना 'लौह भाई' कहता है, ने भी युद्धविराम में अप्रत्यक्ष भूमिका निभाई। चाइना-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर (सीपीईसी) में उसका 60 अरब डॉलर से अधिक का निवेश अस्थिर क्षेत्रों से होकर गुजरता है। तनाव बढ़ने से चीनी परियोजनाएं खतरे में पड़ सकती थीं, इसलिए बीजिंग ने पाकिस्तान को संयम बरतने का संदेश दिया।

युद्धविराम का सबसे बड़ा कारण सैन्य रणनीति से अधिक आर्थिक दबाव था। पाकिस्तान, जो मुद्रास्फीति, ऊर्जा संकट, और कमजोर कर आधार से जूझ रहा है, 9 मई 2025 को आईएमएफ से 1.1 अरब डॉलर की राशि प्राप्त करने में सफल रहा। यह 7 अरब डॉलर के बेलआउट का हिस्सा था। लेकिन इस पैसे के साथ शर्तें थीं: सब्सिडी में कटौती, कर सुधार, और सबसे महत्वपूर्ण, युद्ध से बचना। फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की निगरानी ने भी पाकिस्तान पर दबाव डाला। 2022 में ग्रे लिस्ट से हटने के बावजूद, आतंकवाद-निरोधी वित्तपोषण में कोई चूक प्रतिबंधों की वापसी कर सकती थी। सऊदी अरब और यूएई, जो पहले पाकिस्तान को आसानी से नकदी देते थे, अब सुधारों की माँग करते हैं। ये देश भारत को एक बड़े आर्थिक अवसर के रूप में देखते हैं, जिससे पाकिस्तान पर दबाव और बढ़ता है। भारत भी आर्थिक गणित से अछूता नहीं है। ट्रंप प्रशासन के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत और वैश्विक निवेशकों की नजरों में स्थिरता बनाए रखने की जरूरत ने भारत को संयमित प्रतिक्रिया देने के लिए प्रेरित किया। भारत ने 2019 के बालाकोट हमले की तरह लक्षित कार्रवाइयों का सहारा लिया लेकिन इसे व्यापक युद्ध में नहीं बदलने दिया।

**वैश्विक स्तर पर, यह युद्धविराम आर्थिक और कूटनीतिक दबावों की जीत है। आईएमएफ, एफएटीएफ, सऊदी अरब, और अमेरिका जैसे हितधारकों ने स्पष्ट कर दिया कि युद्ध अब केवल सैन्य निर्णय नहीं, बल्कि एक आर्थिक दायित्व है।**

इस संघर्ष में कई अन्य देशों की भूमिका भी उभरकर सामने आई। तुर्की और कतर ने पाकिस्तान को समर्थन दिया, लेकिन उनका प्रभाव सीमित था। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोआन ने पाकिस्तान के पक्ष में बयान दिए जबकि कतर ने ऊर्जा और सैन्य सहयोग की पेशकश की। हालांकि, ये समर्थन प्रतीकात्मक थे और आर्थिक दबावों के सामने अप्रभावी। इजराइल, हालांकि आधिकारिक तौर पर इस कथा में अनुपस्थित, भारत के लिए एक महत्वपूर्ण साझेदार रहा। भारत के ड्रोन, साइबर युद्ध क्षमताएँ, और स्मार्ट हथियारों में इजराइली तकनीक की भूमिका थी। यह साझेदारी भारत को सैन्य बढ़त देती है और इजराइल को एक बड़ा गैर-अरब बाजार। रूस, जो कभी भारत का अटल सहयोगी था, अब तटस्थ है। यह दोनों देशों को हथियार बेचता है और मध्यस्थता की पेशकश करता है लेकिन पक्ष नहीं चुनता। ईरान और अफगानिस्तान ने भी पाकिस्तान के लिए जटिलताएं बढ़ायीं। तालिबान के सत्ता में लौटने से पाकिस्तान की पश्चिमी सीमा पर टीटीपी उग्रवादियों को पनाह मिली जबकि ईरान ने बलूचिस्तान में मिसाइल हमले किए। यह युद्धविराम अस्थायी लगता है। कश्मीर विवाद, जो इस संघर्ष का मूल कारण है, अभी भी अनसुलझा है। दोनों देशों के बीच विश्वास की कमी और क्षेत्रीय अस्थिरता इसे नाजुक बनाती है। भारत और पाकिस्तान के सैन्य महानिदेशकों की बातचीत इस समझौते की दिशा तय करेगी।

वैश्विक स्तर पर, यह युद्धविराम आर्थिक और कूटनीतिक दबावों की जीत है। आईएमएफ, एफएटीएफ, सऊदी अरब, और अमेरिका जैसे हितधारकों ने स्पष्ट कर दिया कि युद्ध अब केवल सैन्य निर्णय नहीं, बल्कि एक आर्थिक दायित्व है। पाकिस्तान की आर्थिक कमजोरी और भारत की वैश्विक छवि ने दोनों को युद्धविराम के लिए मजबूर किया। भारत-पाकिस्तान युद्धविराम दक्षिण एशिया की जटिल भू-राजनीति का एक अध्ययन है। यह दिखाता है कि आज के युद्ध केवल हथियारों से नहीं, बल्कि बहीखातों, कूटनीति, और वैश्विक हितों से लड़े जाते हैं। कश्मीर का मसला अनसुलझा है, और स्थायी शांति के लिए दोनों देशों को आपसी विश्वास और कूटनीति पर काम करना होगा। लेकिन अभी के लिए, यह युद्धविराम वैश्विक समुदाय की सामूहिक इच्छा और आर्थिक वास्तविकताओं की जीत है।



## आत्मबोध

### लोक में शिव

सर्वेश तिवारी श्रीमुख

शिव को पति रूप में पाने के लिए तपस्या करतीं माता पार्वती की परीक्षा लेने गए सप्तर्षियों ने कहा, किसके लिए तप कर रही हो देवी उस शिव के लिए जिसके पास न घर है न द्वार? न खेत है न बाग-बगीचे? कुछ काम धाम करता नहीं, भांग खाकर मस्त पड़ा रहता है। जिसके पास स्वयं पहनने के लिए कपड़े नहीं वह तुमको क्या पहनाएगा भला तुम जैसी विदुषी और सुन्दर कन्या का विवाह तो किसी राजकुल में होना चाहिए, छोड़ो यह तप घर चलो...।

पार्वती जगदम्बा थीं, जानती थीं कि शिव पर केवल और केवल उन्हीं का अधिकार है।

उसी अधिकार से कहा, 'सुनिए साधु बाबा! जिसने भेजा है उससे जा कर कह दीजिये कि वे स्वयं मना करें, तब भी नहीं मानूंगी... शिव के लिए करोड़ जन्म लेने पड़ें, तब भी कोई दिक्कत नहीं पर पति चाहिए तो शिव ही चाहिए...।'

सप्तर्षियों की ड्यूटी पूरी हुई, वह हंसते हुए शिव के लोक चले गए। जाकर बताया, 'विवाह कर लीजिए देवता! माता नहीं मानेंगी...।'

शास्त्रों से इतर लोक में जो शिव-पार्वती का स्वरूप है, उसके हिसाब से शिव इस सृष्टि के सर्वश्रेष्ठ पति हैं। माता पार्वती हमारे घर-बार की सामान्य स्त्रियों की तरह बार बार पति से गुस्सा होती हैं और बेचारे भोले बाबा उनको मनाते रहते हैं और उनकी हर इच्छा पूरी करते रहते हैं। जीवन में धन-धान्य का नाम तक नहीं है, फिर भी पत्नी की कोई इच्छा खाली नहीं जाती।

इसीलिए भारतीय लड़कियां अब भी सावन के सोमबार को शिव की आराधना कर के उन से उन्ही जैसा वर मांगती हैं। 'भोला भाला पति, जिसके हृदय में पत्नी के लिए कोई छल न रहे... धन दौलत तनिक कम भी रहे पर गुस्सा होने पर पति मनाए... उसे उसकी पूरी प्रतिष्ठा, पूरा सम्मान दे, हर इच्छा पूरी करे...।' **(जारी)**




साभार परफॉर्म इंडिया

## लो सुनो ...




**"आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिर्फ भाषण ही नहीं दिया, उन्होंने भारत के नये सिद्धांत को आकार दिया। उनका संबोधन पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों के लिए एक सख्त चेतावनी और दुनिया को ताकत का एक स्पष्ट संदेश था। आज बुद्ध पूर्णिमा है और हम शांति के मार्ग को याद करते हैं। लेकिन, जैसा कि इतिहास हमें सिखाता है, स्थायी शांति ताकत के माध्यम से सुरक्षित होती है। हम शांति के मार्ग पर चलते हैं, लेकिन हम आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस का भी अभ्यास करते हैं।**

चंद्रबाबू नायडू (मुख्यमंत्री, आंध्र प्रदेश)

## कुछ खास ...

### जानवरों की भाषा सुनें!

चीन की एक कंपनी ऐसा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सॉफ्टवेयर बनाने का प्रयास कर रही है, जिसके जरिए जानवरों की भाषा समझना संभव हो सकेगा। यह कंपनी बीजिंग में स्थित है, जिसका नाम बायडू बताया जा रहा है। कंपनी ने पहचाना कि मालिकों ने ठाना कि जानवरों की मानव भाषा में अनुवाद करने वाले एआई का निर्माण करके रहेंगे। उन्होंने एक नई उच्च तकनीक वाली अनुवाद प्रणाली के लिए राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा प्रशासन के पास पेटेंट दायर किया है। यह अनुवाद सॉफ्टवेयर जानवर से विभिन्न प्रकार का डाटा एकत्र करता है, जिसमें उसकी आवाज, शारीरिक भाषा, व्यवहार में परिवर्तन और अन्य जैविक संकेत शामिल होते हैं। इसके बाद, एआई-संचालित एप्लिकेशन डाटा का विश्लेषण करके भावना निर्धारित करता है और इसे लोगों द्वारा चुनी गई भाषा में बदल देता है। इसके जरिए जानवरों और लोगों के बीच का संचार बेहतर बनेगा।



## डिजिटल दुनिया

### अपने इंस्टाग्राम अकाउंट को रखें हमेशा सुरक्षित

मेटा के स्वामित्व वाली इंस्टाग्राम कुछ सबसे लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में से एक है। इंस्टाग्राम अपने यूजर्स को कई सारे सुरक्षा फीचर्स भी देती है, जिसके जरिए यूजर्स अपने अकाउंट को हैकर से सुरक्षित रख सकते हैं। आज के समय में जब साइबर हमले बढ़ रहे हैं, ऐसे में अपने अकाउंट की सुरक्षा करना और भी जरूरी हो गया है। अकाउंट सुरक्षित रखने के लिए सबसे पहले अपने इंस्टाग्राम अकाउंट में टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन जरूर ऑन करें। इससे कोई अनजान व्यक्ति लॉगिन करेगा तो आपके मोबाइल पर एक कोड आएगा।

इसके अलावा, एक मजबूत पासवर्ड बनाएं, जो सिर्फ इंस्टाग्राम के लिए अलग हो। पासवर्ड में अक्षर, अंक और स्पेशल कैरेक्टर का इस्तेमाल करें और जन्मतिथि जैसी जानकारी से बचें। ये छोटे कदम आपकी प्रोफाइल की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी हैं।

अपने इंस्टाग्राम की लॉगिन गतिविधि पर समय-समय पर नजर डालते रहें। इसके लिए सेटिंग्स में जाकर 'सुरक्षा' और फिर 'लॉगिन एक्टिविटी' पर टैप करें। यहां से पता चलेगा कि कौन-कौन से डिवाइस से आपका अकाउंट लॉगिन है। अगर कोई अजनबी डिवाइस या जगह दिखाई दे, तो तुरंत लॉगआउट करें और पासवर्ड बदलें। यह आदत आपके अकाउंट को अनधिकृत एक्सेस से बचा सकती है। अगर आपने इंस्टाग्राम से जुड़े थर्ड पार्टी ऐप को अनुमति दी है, तो उनकी समय-समय पर जांच करें। सेटिंग्स में जाकर 'सुरक्षा' फिर 'ऐप्स और वेबसाइट्स' सेक्शन में देखें और संदिग्ध या गैर-जरूरी ऐप्स की एक्सेस हटाएं।

पीआरजीआई/आरएनआई पंजियन संख्या : 52413/1991 (टाइटल कोड : JHAHIN00860), पोस्टल रजिस्ट्रेशन संख्या : RN/260/2020-22. अध्यक्ष व प्रधान संपादकः **बलबीर दत्त**. देश प्राण (समाचारपत्र, शीर्षक व ट्रेडमार्क) संस्थापक व स्वत्वाधिकारी **बलबीर दत्त** के लिए प्रकाशक **रोहित दत्त*** द्वारा 4/A, तारा टावर, होटल महाराजा के सामने, रेडियम रोड, कचहरी चौक, रांची - 834001 से प्रकाशित तथा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डीबी कॉर्प लिमिटेड), 535/1272, लालगुटवा, रांची से मुद्रित. फोन नंबरः 0651 2361181, 0651 2361182. ईमेलः contact@deshpran.in (*पीआरबी अधिनियम के तहत समाचारों के चयन के लिए जिम्मेवार).

# श्वास के साथ धीमा जहर लेते हम

**सेहत** अनिल शर्मा 'अनिल'



मानव प्रकृति की सर्वोत्तम कृति है जो प्रकृति की अन्य कृतियों का स्वामी बना रहता है। अपने इसी गुण के बल और बौद्धिक क्षमता के आधार पर मानव ने बहुत प्रगति की है। हमने अपनी सुख सुविधा के लिए विभिन्न वस्तुओं का आविष्कार किया। यह खोज जहां एक ओर लाभदायक रही, वहीं दूसरी ओर इनके कारण पर्यावरण में असंतुलन हो गया और प्रदूषण की समस्या आ खड़ी हुई।

प्रदूषण के कारण आम आदमी तो परेशान है ही, यह वैज्ञानिकों के लिए भी चिन्ता का विषय बना हुआ है। यह प्रश्न होना स्वाभाविक है कि प्रदूषण है क्या? प्रकृति ने सभी पदार्थों में संतुलन बनाया है। यह संतुलित वातावरण ही मनुष्य के स्वस्थ जीवन हेतु आवश्यक है। विभिन्न वैज्ञानिक आविष्कारों के कारण वायु-जल-थल के रसायनिक व जैविक गुणों में अवांछनीय परिवर्तन हुए जो मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। इसी स्थिति को भी प्रदूषण कहा जाता है।

इस प्रदूषण से वायु भी नहीं बची और वायु प्रदूषित हुई है। विश्व में तेजी से बढ़ता औद्योगीकरण और शहरीकरण वायु-प्रदूषण का मुख्य कारण है। सड़कों पर दौड़ते वाहनों से निकलता धुआं, उद्योग धंधों से निकली जहरीली गैसें, धुआं धूल आदि सहित कार्बन डाइ ऑक्साइड, कार्बन मोनोआक्साइड, सीसा व एस्बेस्टास पदार्थ वायुमण्डल को प्रदूषित करते हैं।

हमारे श्वास लेने के साथ ही प्रदूषित वायु शरीर में जाकर विभिन्न रोगों को जन्म देती है। भोपाल में हुआ यूनियन कार्बाइड गैस कांड आज भी सबकी स्मृति में ताजा बना हुआ है। उस विषाक्त गैस ने कितनी ही जानें ले ली थी और कितनों को विकलांग व अन्धा बना दिया था।

वर्तमान समय में वायुमण्डल के प्रदूषण की समस्या वैज्ञानिकों के सामने मुंह फाड़े खड़ी है। जर्मन विशषज्ञ डॉ. एच. के हावड़े के मुताबिक वातावरण में सीसे की अधिकता के कारण मानव व पशु शरीर प्रभावित होते हैं।

जब श्वास के साथ अनावश्यक तत्व फेफड़ों में पहुंचते हैं तो फेफड़ों को हानि पहुंचाते हैं। पेड़ पौधों पर भी इसका विपरीत प्रभाव पड़ता है। वायुमण्डल में सल्फर डाइआक्सॉइड की कमी के कारण स्टोन कैंसर होता है। इसकी वजह से ही ताजमहल की दीवारें पीली पड़ने लगी हैं।

थकान, सिरदर्द, काम में मन न लगना, दृष्टिदोष, हृदय रोगों आदि का कारण वायु प्रदूषण ही है। यदि इसी तरह से यह बढ़ता रहा तो एक दिन सांस लेना भी दुश्वार हो जाएगा। मानव का अस्तित्व ही संकट में पड़ जाएगा।

ऐसी संभावनाएं भी वैज्ञानिकों ने व्यक्त की हैं कि वायु प्रदूषण बढ़ने के कारण वायुमण्डल इतना गर्म हो जाएगा कि उत्तरी ध्रुव व दक्षिणी ध्रुव की बर्फ पिघलने लगेगी। पृथ्वी जलमग्न हो जाएगी यानी महाप्रलय सम्भव है। वायुप्रदूषण बढ़ने से सामान्य जन ही नहीं। वैज्ञानिक भी चिन्तित हैं। वे प्रयासरत भी हैं कि यह प्रदूषण कम हो।

बड़े उद्योग धंधों में प्रदूषण नियन्त्रण करने वाले उपकरणों विद्युत स्थैतिक अवक्षेपण और फिल्टर आदि का उपयोग कर प्रदूषण रोका जा सकता है।

इस संबंध में ये उपाय भी कारगर साबित हो सकते हैं। परम्परागत ईंधन लकड़ी-कोयला का प्रयोग न किया जाये जिससे धुआं न हो। विद्युत चूल्हा या गैस चूल्हा प्रयोग किया जाये। उद्योग धंधों में लगी धुआं उगलने वाली चिमनियों की ऊंचाई बढ़ायी जाये।

यह भी प्रयास रहना चाहिए कि औद्योगिक इकाइयां आबादी से दूर रखी जायें। पेड़-पौधे वातावरण में प्रदूषण रोकने में सक्षम होते हैं, अतः नवीन पौधे लगाए जाएं।

इस समय की सबसे बड़ी समस्या है- वायु प्रदूषण। इससे मानव जीवन को खतरा बढ़ता जा रहा है। इस प्रदूषण पर अंकुश लगाने में वृक्षारोपण ही ऐसा उपाय है जिसे आम जन अपना सकता है, अतः अधिकाधिक वृक्ष लगाएं। वृक्षारोपण अभियान चलायें। इस तरह वायु प्रदूषण कम करने में सहयोगी बनें। **(स्वास्थ्य दर्पण)**

**सेहत** सुदर्शन भाटिया

# गिलोय में भी हैं औषधीय गुण



यह एक बेल है जो हमें जीवन प्रदान करने की क्षमता रखती हैं। यदि इस का सेवन चलता रहे तो व्याधियां स्वयं भाग खड़ी होती हैं। विद्वान कहते हैं कि गिलोय को किसी न किसी रूप में लेते रहने वाले व्यक्ति की अकाल मृत्यु नहीं होती। रोगों से बचाए रखती है यह बेल।

यह ऐसी आरोही बेल है जो लम्बे समय तक जीवित रहती है ताकि मनुष्य जाति को भी जीवित रख सके। इस बेल पर फूल आने का समय है अप्रैल, मई तथा फल आने का समय है मई।

गिलोय का काढ़ा/रस कड़वा होता है, इतना भी कड़वा नहीं कि पीने में कठिनाई हो। विभिन्न रोगों में गिलोय का प्रयोग विभिन्न विधियों से करना होता है। फिर भी यदि इस का चूर्ण, क्वाथ, स्वरस तथा सत्व में से जो सुलभ हो पाएं, वह भी फायदा देता है। कुछ उपचार आप भी जानिए गिलोय से।

- कामला रोग में गिलोय का स्वरस लेना बेहतर रहता है।
- वात ज्वर की शिकायत होने पर गिलोय का काढ़ा लें।
- वातरक्त में भी गिलोय का चूर्ण, काढ़ा या सत्व लें। औषधीय गुण जरूरी प्रभाव दिखाएगा।
- यदि किसी को विषम ज्वर हो तो वह इस का स्वरस लेना शुरू करें।
- कुष्ठ रोग में इस की जड़ को प्रयोग में लाएं।
- जीर्ण ज्वर में इस बेल की जड़ का काढ़ा दें।
- प्रमेह में इस बेल की उपयोगिता सराहनीय रहती है। स्वरस लें या काढ़ा।
- मात्राएं चूर्ण 1 से 3 ग्राम, क्वाथ 3 से 8 तोला, भार कम करने के लिए इस बेल के छोटे-छोटे टुकड़ों का काढ़ा बना कर लें। बेल को काट कर टुकड़े सुखा लें तथा जब तक चाहें प्रयोग करते रहें।
- जोड़ों के दर्द में इस बेल का काढ़ा फायदा करता है।
- मधुमेह में भी गिलोय का सेवन करना ठीक रहता है। चाहे किसी रूप में लें, फायदा करता है। **(स्वास्थ्य दर्पण)**

**सेहत** अनिल कुमार

# लक्ष्य को बार-बार न बदलें



प्रायः ऐसा देखा जाता है कि व्यक्ति अपने द्वारा निर्धारित लक्ष्य पर अडिग नहीं रह पाते हैं। वे लक्ष्य को बार-बार अपनी सुविधानुसार बदलते रहते हैं। इससे लक्ष्य की प्राप्ति में लगे आत्मबल भी डगमगाने लगते हैं।

ऐसी प्रवृत्ति वाले लोगों को जीवन में अनेक तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। बार-बार लक्ष्य बदलने की प्रवृत्ति के कारण उन्हें कदम-कदम पर मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। फलस्वरूप वे किसी भी क्षेत्र में सफल नहीं हो पाते। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने निर्धारित लक्ष्य को पाने के लिए सतत प्रयास करते रहना चाहिए। बार-बार लक्ष्य बदलने से जो जो श्रम, ऊर्जा, समय, शक्ति पूर्व काम में लगायी थी, वह बेकार हो जाती है और नये कार्य के लिए पुनः नये सिरे से उतना ही श्रम, ऊर्जा, समय व शक्ति लगानी पड़ती है।

लक्ष्य को निर्धारित करते वक्त ध्यान अपनी योग्यता, क्षमता तथा रूचि पर दें। ऐसा न हो कि आपकी क्षमता तथा योग्यता तो लक्ष्य के अनुरूप हो लेकिन आपकी रुचि लक्ष्य के प्रति न हो क्योंकि ऐसी स्थिति में लक्ष्य को पाना बहुत ही कठिन हो जाता है। लक्ष्य का निर्धारण सोच समझकर करें। लक्ष्य निर्धारित करने से पूर्व खुद को जांच-परख लें। अपनी योग्यता क्षमता तथा रूचि पर विचार कर लें न कि किसी के दबाव, बहकावे या देखा-देखी में लक्ष्य का निर्धारण कर लिया। लक्ष्य निर्धारण के पश्चात उसके प्रति समर्पण भी बहुत मायने रखता है। बिना समर्पण के लक्ष्य को पाना बेहद कठिन होता है। लक्ष्य निर्धारण में आत्मबल तथा आत्मविश्वास की अहम भूमिका होती है। आत्मविश्वास के अभाव में सफलता संदिग्ध हो जाती है।

व्यक्ति की सारी महत्त्वाकांक्षाएं आत्मविश्वास के बल पर ही पूरी होती हैं। साक्षात्कार में आपका आत्मविश्वास ही चयन का कारण बनता है। यही आपको कार्य करने की प्रेरणा देता है और कार्य में सफलता का मार्ग भी दिखलाता है। दुख और निराशा के समय आत्मविश्वास ही ढांढस बंधाता है, सांत्वना देता है और हमारी सुरक्षा करता है। लक्ष्य निर्धारण से पूर्व स?यक उदारवादी दृष्टि तथा लक्ष्य के प्रति सकारात्मक दृष्टि अपनाएं। किसी भी कार्य के प्रति आप उदारवादी दृष्टिकोण को अपनाएंगे, तभी उस विषय या लक्ष्य के प्रति न्याय कर पाएंगे। पूर्वाग्रह या संकीर्ण दृष्टिकोण को अपनाया तो उस विषय या लक्ष्य के प्रति न्याय कर पाना मुश्किल हो जाएगा।

कई बार ऐसा भी होता है कि पूर्व निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति असंभव सी लगती है। ऐसी स्थिति में पूर्व निर्धारित लक्ष्य से संबंधित चीजों पर भी ध्यान देना चाहिए। यदि आप निर्धारित लक्ष्य को पाने में असफल हो गए हैं तो इसका अर्थ यह नहीं है कि उस कार्य को करने में आप असक्षम हैं बल्कि असफलता हमें यह बताती है कि कार्य प्रणाली में कहीं न कहीं कोई त्रुटि रह गई है। आवश्यकता है कार्य प्रणाली में सुधार की न कि असफलता पर बार-बार विचार करने की। असफलता पर बार-बार विचार करना उसकी पुनरावृत्ति को आमंत्रित करना है। अतः लक्ष्य निर्धारण से पूर्व उस पर बार-बार सोच विचार कर लें और लक्ष्य निर्धारण के उपरांत ही प्रयास आरंभ करें। तभी सफलता की मंजिल को आप छू पाएंगे। **(स्वास्थ्य दर्पण)**

# रूटीन में तब्दीली बनाये जिंदगी रसीली

**सेहत** विजेन्द्र कोहली गुरदासपुरी



सुबह होती है शाम होती है, जिंदगी यूंही तमाम होती है। हर व्यक्ति कोल्हू के बैल की भांति अपने खूंटे से बंधे घर से दुकान, दुकान से घर, घर से ऑफिस, ऑफिस से घर चलता रहता है।

कहते हैं एक साइड पर तवे पर रोटी भी पड़ी-पड़ी सड़ जाती है। उसे भी कभी उलट, कभी पलट करना पड़ता है। तालाब में रूका पानी बदलाव सड़ांध मारने लगता है। बहते पानी में कभी दुर्गन्ध नहीं पड़ती।

हर व्यक्ति कुछ बदलाव चाहता है। कुएं का मेंढक भी चाहता है कि मैं बाहर आऊं। मैदानी लोग पहाड़ पर चेंज के लिए जाते हैं और पहाड़ी लोग ठण्ड से बचने के लिए मैदानी इलाकों में घूमने जाते हैं

लोग घर का खाना खा कर ऊब जाते हैं, फिर रेस्टोरेंट जा कर खाकर कुछ नयापन अनुभव करते हैं। यदि आप जिंदगी को खूबसूरत बनाना चाहते हैं तो छोटी-छोटी बातों में खुशी ढूंढें।

आप प्रतिदिन, प्रति सप्ताह अपनी हाबीज डवल्प या रिवाइज करने का प्रयास करें। प्रतिदिन थोड़ा समय गार्डनिग या चित्रकारी, सृजनात्मक लेखन, कविता लिखने में समय लगाएं।

- यदि आप दफ्तर का काम करते हैं तो कभी-कभी किचन का काम करके चाय, टोस्ट, अण्डे बना कर परिवार वालों के लिए नयी डिश बनाएं।
- जो काम भी आप करते हैं, वह शौक एवं आनंद से साथ करें। उसमें नवीनता लाएं। एक ही डिश अलग-अलग ढंगों से बनाएं।
- रविवार को सारा दिन हल्का भोजन करें। काम से ज्यादा आराम करें। संगीत सुनें। पसंद का टीवी देखें।
- हर समय कुछ नया करने के लिए तैयार रहें। अपने को बदलने की कोशिश में रहें। नया हेयर स्टाइल बनाएं।
- यह जिन्दगी अपनी है। अपना सफर कैसे काटना है, यह अपने आप निर्धारित करें। अपनी अपूर्ण हाबी ढूंढें और उसे डवल्प करें। उम्र का ध्यान छोड़ दें। जिम जाएं। गिटार या सितार सीखें।
- अपने आप को समय दें। अपने शरीर मन आत्मा को समय दें। पसंद का संगीत सुनें। अपने आपको खुश रखें।
- यह न सोचें कि आप न होंगे तो दुनिया न चलेगी। हर पल को भरपूर जीने की आदत डालें।
- निराश, मूर्ख, लड़ाई पसंद, झूठे, फरेबी मतलबी, लोगों से किनारा करें। तटस्थ रहें। टेंशन वाली बातें रिपीट न करें। टापिक ही न छेड़ें। जिन्दगी को जीने का अंदाज बदलते रहें।
- जो लोग अपने लिए मनोरंजन, कसरत, हंसने के लिए समय नहीं निकालते, वे अपने बीमार होने के लिए वक्त निकालने के लिए तैयार हो जाएं।
- आइये जीवन का रहस्य जानें। गम के पक्षियों को अपने सिर पर मत बैठने दें। यदि वे आकर मंडराने भी लगें तो उन्हें घोंसला मत बनाने दें। आनंद मग्न रहें। जिन्दगी जीने की कला सीखें। आर्ट आफ लिविंग आपका कायाकल्प करके आपको दीर्घजीवी बनाएगा। **(स्वास्थ्य दर्पण)**

# ब्रिटेन के वैज्ञानिकों ने खोला लंबी आयु का राज

**सेहत** विनोद कुमार पाण्डेय

ब्रिटेन के वैज्ञानिकों के मुताबिक कोई भी व्यक्ति नियमित रूप से सन्तुलित भोजन व व्यायाम करता है तो उसकी आयु लंबी होगी। दूसरे शब्दों में यदि कोई भी व्यक्ति निरन्तर संतुलित भोजन व व्यायाम करता रहता है तो वह ज्यादा समय तक जीवित रह सकता है, कारण बचपन से ही संतुलित खाना जहां एक ओर शरीर को हृष्ट-पुष्ट व बलशाली बनाता है वहीं दूसरी तरफ नियमित व्यायाम से उस खाने को पचाने में मदद मिलने के साथ सभी इंद्रियां स्वस्थ व सक्रि य रहती हैं, लिहाजा बीमारी भी नजदीक नहीं फटकती।


ब्रिटेन के वैज्ञानिक प्रो. लियोनार्दे हेल्फिक के अनुसार लंबी आयु व सदैव जवां रहने के लिए किसी प्रकार की दवा की आवश्यकता नहीं है। इसके लिए आपको पुराने जमाने की कहानियों व किंवदंतियों को अपनाते हुए लंबी आयु व सदैव जवां बने रहने के लिए कुंआरों के साथ सोना, गर्म व ताजा रक्त पीना आदि का भी सहारा नहीं लेना पड़ेगा।

नये शोध के माध्यम से प्रो. हेल्फिक ने इस बात को सिद्ध कर दिया है कि नियमित व्यायाम एवं संतुलित भोजन के माध्यम से लंबी उम्र पायी जा सकती है और इसका अनुसरण करने वाला व्यक्ति सदैव जवान बना रह सकता हैं।

यहां इसका मतलब यह नहीं कि उम्र के साथ-साथ बाल भी सफेद नहीं होंगे और शरीर में वही 20-30 साल वाली स्फूर्ति, जोश 100 साल तक भी बना रहेगा। उम्र ढ़लने के साथ-साथ शरीर में शिथिलता तो आएगी मगर ज्यादा वर्षों तक जीवित रहना मुमंकिन होगा। **(स्वास्थ्य दर्पण)**

**सेहत** सोनी मल्होत्रा

# धूम्रपान आफत में जान



धूम्रपान करने वालों की संख्या सम्पूर्ण विश्व में बहुत तीव्र गति से बढ़ती जा रही है, यह जानते हुए भी कि धूम्रपान के कारण न केवल कितने गंभीर रोगों की संभावना बढ़ जाती है बल्कि व्यक्ति मृत्यु का शिकार भी हो जाते हैं। धूम्रपान के कारण विश्व में हर 10 वयस्कों में से 1 व्यक्ति मृत्यु का ग्रास बन जाता है।

धूम्रपान के कारण हृदय रोग, सांस संबंधी बीमारियां व कैंसर जैसे गंभीर रोगों की संभावना बहुत अधिक बढ़ जाती है। हाल ही में हुए शोधों से यह सामने आया है कि धूम्रपान व आंखों संबंधी बीमारियां, मोतियाबिंद, ग्लूकोमा और आयु बढ़ने के साथ होने वाली आंखों की मांसपेशियों पर पड़ने वाले प्रभाव, जो आंखों में रेटिना को प्रभावित करता है, में गहरा संबंध है।

कई धूम्रपान का सेवन करने वाले लोग इस बात को नहीं मानते कि आंखों को धूम्रपान से फर्क पड़ता है। इस विषय में विशेषज्ञों का मानना है कि तम्बाकू में निकोटिन होती है और निकोटिन ओप्टिक नर्व या दृष्टि की नसों के लिए जहर के बराबर है। लंबे समय तक इसके सेवन से नसों की क्षति के कारण अंधेपन तक की नौबत आ सकती है। निकोटिन आंखों की नसों की क्षमता को कम कर देती है।

फ्री-रेडिकल्स से तो शायद सभी परिचित हैं। ये शरीर में स्वस्थ सेल्स को नुकसान पहुंचाते हैं। धूम्रपान फ्री-रेडिकल्स को बढ़ाता है और एंटीआक्सीडेंट के स्तर को कम करता है और आंखों को नुकसान पहुंचाता है। इनके बढ़ने से हृदय रोग, कैंसर व आंखों संबंधी रोगों की संभावना बढ़ती है।

आयु बढ़ने के साथ होने वाले परिवर्तनों की गति को तेज करने में इन कणों का ही हाथ होता है। कई शोधों से यह भी प्रमाणित हुआ है कि फ्री-रेडिकल्स के नुकसान को कम करने के लिए हमें अपनी डाइट में विटामिन व मिनरल युक्त खाद्य पदार्थों का अधिक सेवन करना चाहिए क्योंकि इनसे हमें एंटी आक्सीडेंट प्राप्त होते हैं पर आंखों को सुरक्षा देने के लिए सबसे महत्त्वपूर्ण है धूम्रपान का त्याग क्योंकि धूम्रपान के कारण ही मोतियाबिंद होने की संभावना दुगुनी हो जाती है व 'मैक्यूलर डिजेनरेशन' की भी संभावना बहुत अधिक होती है।

इसके अतिरिक्त अन्य सहायक जीवनशैली संबंधी परिवर्तन है नियमित एक्सरसाइज। फाइटोन्यूट्रीयिन्टस जो पौधों से प्राप्त होते हैं, हमारे शरीर के लिए बहुत ही अच्छे पोषक तत्व हैं। उनका सेवन भी बहुत आवश्यक है। इन फाइटोन्यूट्रीयिन्टस का अच्छा स्रोत हैं हरी पत्तेदार सब्जियां। इन फाइटोन्यूट्रीयिन्टस के कारण आंखों व मस्तिष्क में रक्त संचार बढ़ता है जो आंखों के स्वास्थ्य के लिए अच्छा है।

धूम्रपान के हानिकारक प्रभाव को जनता तक पहुंचाने और धूम्रपान के शौक को कम करने के लिए विश्व की सरकारें भी सक्रिय हैं। सिगरेट के पैकेट पर भी कई चेतावनियां दी गई होती हैं जो धूम्रपान के दुष्प्रभाव से अवगत कराती हैं पर धूम्रपान का शौक रखने वाले लोग इन चेतावनियों की परवाह नहीं करते। आंखें हमारी आत्मा का दर्पण हैं और इनके बिना दुनिया की कल्पना भी नहीं की जा सकती, इसलिए आंखों को क्षति पहुंचाने वाले हर तत्व से दूर रहना आवश्यक है।


विशेषज्ञों से अधिकतर यह भी प्रश्न पूछा जाता है कि सिगरेट का धुआं आंखों के अन्दर कैसे नुकसान पहुंचा सकता है। इस विषय में विशेषज्ञों का कहना है कि जब सिगरेट का कश अन्दर लिया जाता है तो हजारों की तादाद में कैमिकल्स हमारी रक्तधारा में घुल मिल जाते हैं और पूरे शरीर में पहुंचते हैं। यह कैमिकल 'मैक्यूला' रेटिना के सबसे नाजुक भाग को नुकसान पहुंचाते हैं और 'मैक्यूला' के सेल्स धीरे-धीरे मरने लगते हैं या मैक्यूला को नई छोटी-छोटी रक्त-वाहिनियां क्षतिग्रस्त करती हैं और इससे दृष्टि चले जाने की संभावना बढ़ जाती है।

'मैक्यूलर डिजेनरेशन' का कोई इलाज नहीं पर धूम्रपान न करके आप अपनी आंखों को इससे सुरक्षा दे सकते हैं। मेक्यूलर डीजेनरेशन के इलाज में लेजर ट्रीटमेंट का सहारा लिया जाता है पर इससे कोई खास सुधार नहीं हो पाता। मैंक्यूलर डीजेनरेशन की प्रक्रिया भी कई वर्षों तक होती रहती है और इसका पता भी वृद्धावस्था में चल पाता है।

आंखों के विशेषज्ञ आंखों के क्षतिग्रस्त होने की स्थिति का पता एक साधारण टेस्ट से लगा लेते हैं इसलिए अगर आप ऐसा पाएं कि आपकी एक आंख से आपको ठीक दिखाई नहीं दे रहा या आप अपनी आंख के केन्द्र में कोई गाढ़ा या स्लेटी पैच पाएं तो तुरन्त आंखों के विशेषज्ञ से सम्पर्क करें। **(स्वास्थ्य दर्पण)**

# सेहत का दुश्मन न बन जाये कंप्यूटर

**सेहत** अनिल कुमार



सूचना प्रौद्योगिकी के इस युग को यदि कंप्यूटर युग की संज्ञा दी जाये, तो शायद कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। आईटी क्रांति के इस दौर में जहां कंप्यूटर की उपयोगिता दिनोंदिन बढ़ती जा रही है वहीं दूसरी तरफ कंप्यूटर व्यक्ति के लिए गंभीर स्वास्थ्य संबंधी खतरे का सबब बनता जा रहा है।

मौजूदा समय में कंप्यूटर के तेजी से बढ़ते इस्तेमाल के कारण गर्दन में दर्द, उंगलियों को बेकार कर देने वाले कार्पल टनल सिंड्रोम (सीटीसी) जैसे स्नायु रोगों तथा आंखों की समस्याओं का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है।

अमेरिका के अटलांटा में किए गए एक व्यापक अध्ययन के अनुसार रोजाना दो से तीन घंटे अथवा उससे अधिक समय तक कंप्यूटर का इस्तेमाल करने वाले लोगों में से 50 प्रतिशत लोगों को पांच साल के भीतर गर्दन एवं कमर दर्द की समस्या उत्पन्न हो जाती है।

अमेरिका में न्यूयार्क के बफालो स्थित मर्सी हास्पिटल के न्यूरो सर्जरी विभाग के पूर्व प्रमुख तथा स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयार्क में न्यूरोसर्जरी के प्रोफेसर रह चुके डा? विजयशील कुमार का कहना है कि कलाइयों एवं उंगलियों को बेकार कर देने वाली कार्पल टनल सिंड्रोम जैसी बीमारियां अमेरिका जैसे विकसित देशों में महामारी बन चुकी हैं लेकिन अब ये बीमारियां भारत में भी तेजी से फैल रही हैं। हाथों में सुन्नपन, सनसनाहट अथवा झुनझुनी, छोटी मोटी चीजों को पकड़ने में कमजोरी, हाथ को कंधे तक उठाने में दर्द तथा अंगूठे, तर्जनी एवं मध्यमा में संवेदना की कमी जैसे लक्षण इस बीमारी के संकेत हैं।

साइबर क्रांति के इस युग में हर किसी का वास्ता कंप्यूटर से पड़ता है। दुनियां भर में हुए कई सर्वेक्षणों से यह बात सामने आई है कि कंप्यूटर पर कार्य करने वाले लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का खतरा ज्यादा रहता है लेकिन यदि हम सावधानी और सतर्कता बरतें तो बहुत हद तक स्वास्थ्य समस्याओं को टाला भी जा सकता है। आइये जानें कि कंप्यूटर के उपयोग के साथ-साथ हम सेहत को भी कैसे दुरूस्त रख सकते हैं:-

. कंप्यूटर व इससे जुड़े तमाम उपकरण यथा की-बोर्ड, सीपीयू, प्रिंटर, यूपीएस सभी अपने उपयुक्त स्थान पर रखें और एक दूसरे से जुड़े हों ताकि काम करते समय व्यर्थ की भागदौड़ न करनी पड़े।

. कंप्यूटर की मेज की ऊंचाई सही होनी चाहिए। कंप्यूटर बिलकुल आंखों की सीध में रखना चाहिए।

. कंप्यूटर की मेज से थोड़ी नीची शेल्फ पर की बोर्ड और माउस को रखा जाना चाहिए जिससे हाथ एकदम आराम की स्थिति में रहे वरना हाथों को बार-बार ऊपर ले जाने से नसों में खिंचाव भी आ सकता है।

. कंप्यूटर पर काम करने के समय बैठने की स्थिति बहुत महत्त्वपूर्ण है। इसके लिए कुर्सी का चयन बहुत मायने रखता है। कुर्सी झुकी हुई या राउण्ड न हो बल्कि स्टेऊट हो ताकि पीठ की स्थिति कंट्रोल में रहे। बैठने पर पीठ एकदम कुर्सी से सटी हो।

. गर्दन की स्थिति भी सही हो। इसके लिए कंप्यूटर मेज की ऊंचाई को ठीक-ठीक रखना चाहिए। गर्दन झुका कर या उठा कर ज्यादा देर तक काम नहीं करना चाहिए। इससे गर्दन और रीढ़ की हड्डियों पर स्ट्रेन पड़ता है।

. लंबे समय तक कंप्यूटर स्क्रीन पर काम करने से आंखें थक जाती है। इसलिए जरूरी है कि आप अपने कंप्यूटर स्क्रीन पर ज्यादा लंबे समय तक लगातार काम न करें। कंप्यूटर से कुछ मात्र में घातक किरणें भी निकलती हैं जिसका आंखों तथा शरीर पर बुरा प्रभाव पड़ता है। इससे बचने के लिए कंप्यूटर मॉनिटर पर एंटी ग्लेर स्क्रीन लगाना बेहतर होता है।

. कंप्यूटर को रखने के लिए वातानुकूलित कमरा उपयुक्त माना जाता है जिससे बंद कमरों में सांस की तकलीफ, घुटन या सिरदर्द की शिकायत होती है। इसलिए जरूरी है कि कमरे में एक छोटी खिडकी या होल हो जिससे ताजी हवा भी अंदर आ सके।

. कंप्यूटर यूजर को 2 से 3 घंटे कार्य करने के पश्चात थोड़ा आराम करना चाहिए। लगातार अधिक देर तक कंप्यूटर में काम करने से आंखों में विकार भी आ सकता है और थकावट भी।

. कंप्यूटर पर काम करते समय एक ही मुद्रा में लगातार न बैठें। बीच-बीच में ब्रेक लीजिए। अपने पैरों को दृढ़तापूर्वक जमीन पर रखें। **(स्वास्थ्य दर्पण)**

संक्षिप्त समाचार

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में महिला और बच्चा घायल

**सतगवां :** प्रखंड मंगलवार को मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक महिला और 8 वर्षीय बच्चा घायल हो गया। महिला की पहचान सुनैना देवी 48 वर्ष पति तुलसी यादव, बच्चा प्रिंस कुमार 8 वर्ष ग्राम सिहास निवासी के रूप में की गई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से बच्चा व महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार के लिए ले जाया गया जहां उपचार के बाद स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। बच्चा और महिला रिश्ता में नानी नाती है जो सड़क किनारे जा रही थी जहां बासोडीह से गोविंदपुर की ओर जा रहे अज्ञात वाहन के द्वारा अपने चपेट में ले लिया और दुर्घटना के बाद वाहन फरार हो गया।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से नीलगाय घायल

**मरकच्चो :** मरकच्चो चौबे मार्ग पर कमार्धाम के समीप एक नीलगाय अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घायल हो गयी। नीलगाय का पैर टूट गया है। इसकी सूचना जब वनकर्मियों को लगी तो वनकर्मियों ने पशु चिकित्सक बुलाकर उसका इलाज करवाया। नीलगाय अभी भी उठ नही पा रही है। वनकर्मियों के द्वारा उसकी देखभाल की जा रही है।

### शादी से लौट रहे व्यक्ति को हाथी ने कुचलकर मार डाला

**जयनगर :** प्रखंड के सतडीहा निवासी बासुदेव यादव (63, पिता अमृत यादव) अपने भाई व पुत्र के साथ शादी समारोह से बीती रात्रि लौट रहे थे। अचानक एक हाथी पीछे से आया और लालू चौक सरमाटांड स्टेशन के समीप 1 बजे रात्रि कुचल दिया जिससे उनकी घटना स्थल पर मौत हो गई। सूचना मिलने पर ग्रामीण एवं मुखिया प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद यादव ने थाना फोन किया। थाना प्रभारी बबलू कुमार सिंह घटना स्थल पर पुलिस दल बल के साथ पहुंच कर ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शव को थाना लाया। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के पश्चात शव को परिजनों को सौंप दिया। मुखिया प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद यादव, उप मुखिया प्रतिनिधि उमेश यादव ने वन विभाग के अधिकारियों से मुआवजा देने का मांग किया। शव के दाह-संस्कार के लिए रेंजर के द्वारा 25 हजार रूपए का चेक दिया। वहीं हाथियों के दहशत से ग्रामीण भयभीत है।

### हाथियों ने कर्मा बाबा धाम में मचाया उत्पात

**मरकच्चो :** हाथियों के झुण्ड ने सोमवार की शाम प्रखंड के बेरहवा जंगल स्थित प्रसिद्ध कर्मा बाबा धाम मे जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने कर्मा धाम मंदिर के गेट को भी तोड़ने के साथ साथ एक झोपडी को भी पूरी तरह तहस नहस कर दिया साथ ही वहाँ एक पेड़ को भी गिरा दिया। इसके अलावे मंदिर के आसपास भी कई जगहों पर आंशिक क्षति पंहुचाई है।

# 10वीं और 12वीं में बच्चों की मेहनत रंग लायी, शिक्षकों में हर्ष का माहौल

देशप्राण संवाददाता

**सिंदरी, 13 मई :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 2024- 25 के कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए। डी ए वी पब्लिक स्कूल सिंदरी, एसवीएम स्कूल सिंदरी एवं झारखंड पब्लिक स्कूल बलियापुर के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। इस उपलब्धि से न केवल उनके माता-पिता बल्कि क्षेत्र में विद्यालय का नाम गौरवान्वित हुआ। बच्चों ने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों के नियमित अध्ययन को दिया।




डीएवी पब्लिक स्कूल, सिंदरी विद्यालय के दसवीं कक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। कुल 186 पंजीकृत अभ्यार्थियों में 10 ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर- के अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। आदित्य नारायण ने 98% अंकों के साथ विद्यालय में शीर्ष स्थान हासिल किया। साक्षी सिंह ने 96.4% अंक प्राप्त किए एवं बिपाशा बिष्टू ने 95.2% अंक प्राप्त किए। वहीं विद्यालय के 12वीं कक्षा का परिणाम भी शत प्रतिशत रहा। प्रमोद कुंभकार ने 95.2, कोयल कुमारी ने 90.2 एवं आर्यन कुमार ने 87.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कमर्शियल आर्ट के 12 बच्चों में से कुल पांच बच्चों ने 100 में 100 अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया।

सरस्वती विद्या मंदिर, सिंदरी विद्यालय के 10वीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा। कुल 47 पंजीकृत अभ्यर्थियों में शांभवी झा ने 82. 2% अंक हासिल कर विद्यालय में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। शरद कुमार झा ने 78.2 प्रतिशत अंक एवं जीत राज ने 75.6% अंक प्राप्त किए। वहीं 12वीं का प्रणाम शत प्रतिशत रहा। अनिकेत कुमार मंडल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 94.2 अंक अर्जित किए। सुमन कुमारी ने 93.8% एवं पूर्णिमा मंडल ने 93.4 %अंक अर्जित किए। झारखंड पब्लिक स्कूल, बलियापुर के बच्चों ने अपनी क्षमता को परिश्रम से सिद्ध किया विधालय के दसवीं कक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। शीर्ष तीन अभ्यर्थियों में हरिमोहन महतो ने 98%, मुन्ना कुरैशी ने 96% एवं अर्शिया सौघट ने 95% अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

12वीं के कर्मयोगी विद्यार्थी राधा मिश्रा ने 92.6 प्रतिशत, पलक अग्रवाल ने 95.4 प्रतिशत एवं मुस्क आनंद ने 90.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

### साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

**मरकच्चो :** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार मरकच्चो में ग्रामीण विकास विभाग एवं पंचायती राज विभाग की योजनाओं का समीक्षा बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो की अध्यक्षता में मंगलवार को किया गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो ने मनरेगा अंतर्गत लंबित योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण करने एवं बागवानी योजना में लक्ष्य के अनुरूप समन्वय बनाकर नए आम बागवानी की योजना लेने का निर्देश दिया गया। लक्ष्य के अनुरूप बिरसा सिंचाई कूप की नई योजना लेने तथा कूप का लंबित भुगतान करने का भी निर्देश दिया गया। अबुआ आवास एवं प्रधानमंत्री आवासों में लंबित मजदूरी भुगतान करने साथ ही मानव दिवस सृजन करने पर भी जोर दिया गया। सभी पंचायत के जन्म मृत्यु के रजिस्ट्रार को निदेश दिया गया कि सभी प्रमाण पत्र बनाने या अग्रसारित करने से पूर्व जांच करने के उपरांत ही बनाना सुनिश्चित करेंगे।

## खबरकोना

### बीआईटी सिंदरी कैंपस बना रणक्षेत्र, छात्रों ने हुड़दंगबाजी और मारपीट कर जमकर मचाया उत्पात

**धनबाद :** बीआईटी सिंदरी कैंपस सोमवार देर रात रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। ऐसा नहीं है कि ये पहली बार हुआ, किन्तु इतने बृहत रूप में नहीं हुआ था। छात्रों ने बीआईटी कैंपस के अंदर जमकर उत्पात मचाया। छात्रों के एक गुट ने दूसरे गुट वाले छात्रों के साथ जमकर मारपीट की। हमले में लाठी - डंडे, हॉकी, रॉड और ईंटों से हमला किया गया। जब जूनियर छात्र के परिजनों को घटना की जानकारी मिली को वे भी वाहन लेकर बीआईटी पहुंचे। इस दौरान सीनियर छात्रों ने उनके वाहन में तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया है। घटना की सूचना मिलने के बाद गौशाला ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और उत्पात मचा रहे छात्रों को हिरासत में लिया है। इस घटना को लेकर सामने आए वीडियो में यह सामने आया है कि छात्रों के द्वारा संस्थान में तोड़फोड़ की गई है। उन्होंने हॉस्टल के कमरों में घुसकर छात्रों को निशाना बनाया। इस दौरान छात्र जबरदस्ती कमरे में घुसे और अन्य छात्रों के साथ मारपीट की। इस मारपीट की घटना से डरे सहमे छात्र, रात में ही कैंपस छोड़कर भाग खड़े हुए। कुछ क्षात्रों ने कैम्पस के बाहर निकलकर छुपकर अपनी जान बचाई। इस घटना में कई छात्र घायल हुए हैं, जबकि कई छात्र हॉस्टल छोड़कर अपने घर के लिए रवाना हो गए हैं। आशुतोष कुमार सत्यम, एसडीपीओ, सिंदरी ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची, फिलहाल माहौल शांत एवं काबू में है। पुलिस बीआईटी निदेशक के साथ बैठ कर आगे की कार्रवाई की तैयारी कर रही है।

### लाइन्स पब्लिक स्कूल सिंदरी के रुद्र अभिषेक ने 97 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का नाम किया रौशन

**सिंदरी :** लाइन्स पब्लिक स्कूल सिंदरी में कक्षा दसवीं का परिणाम शत - प्रतिशत रहा। कुल 77 बच्चों ने परीक्षा में भाग लिया, जिसमें परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कुल 10 बच्चों ने 90 % से अधिक अंक प्राप्त करके अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। रुद्र अभिषेक 98 प्रतिशत, रणवीर रवानी 96 प्रतिशत, शेषांक गुप्ता 94 प्रतिशत, अपूर्व सत्यम 94 प्रतिशत, सिद्धार्थ हेम्ब्रम 91 प्रतिशत, शिवानी कुमारी 91 प्रतिशत ला कर स्कूल का नाम रौशन किया। वही इस मौके पर प्रचार्य रमेश शर्मा ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

### मालवाहक वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक घायल

**कोडरमा :** कोडरमा थाना क्षेत्र के शिवम होटल के समीप मंगलवार की सुबह एक मालवाहक वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान गणेश राम (24, पिता बढ़न राम) बासडीह, मरकच्चो निवासी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार युवक अपने रिश्तेदार के यहां से कोडरमा से अपने घर बासडीह की तरफ लौट रहा था। इसी दौरान वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। इसके बाद स्थानीय लोगों की सहायता से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया। जहां इलाज करके गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। युवक की स्थिति नाजुक बताई जा रही है।

### आंगनबाड़ी सेविका, सहायिकाओं का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर का आयोजन

**कोडरमा :** उप विकास आयुक्त ऋतुराज के निदेशानुसार आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आंगनबाडी सेविका, सहायिकाओं का आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु प्रखण्ड परिसर कोडरमा में शिविर का आयोजन किया गया। जिन आंगनबाडी सेविका, सहायिकाओं का आयुष्मान कार्ड नहीं बना था, उनका आयुष्मान कार्ड बनाया गया। साथ ही सक्षम आंगनबाडी केन्द्रो का भौतिक सत्यापन जिला समाज कल्याण पदाधिकार श्रीमती कनक कुमारी तिर्की द्वारा किया गया। इसके अतिरिक्त कोडरमा परियोजना अन्तर्गत पोषण ट्रेकर ऐप में सेविका, सहायिका रिक्ति, आंगनबाडी केन्द्रो का आधार भूत संरचना एवं लाभुको को ऋक्षर से आच्छादित किये जाने से संबंधित समीक्षा की गई। शिविर का आयोजना कोडरमा जिलान्तर्गत सभी प्रखण्डो में 13 से 19 मई तक निर्धारित किया गया है। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने सभी आंगनबाडी सेविका, सहायिकाओं से आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अपील किया है।

### दिगम्बर जैन विद्यालय में दसवीं में आकांक्षा कुमारी बनी विद्यालय टॉपर

**कोडरमा :** जिले के दिगंबर जैन विद्यालय के स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सी.बी.एस.ई. दसवीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी बच्चों ने उत्कृष्ट अंकों के साथ बाजी मारी। बता दें कि सी.बी.एस.ई. द्वारा मंगलवार को बारहवीं के परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। तत्पश्चात बच्चों ने रिजल्ट देख अपनी खुशी जाहिर करते हुए माता पिता व शिक्षकों के योगदान की बात कही उन्होंने अपने परिणाम के लिए विद्यालय के सभी शिक्षकों को अपना श्रेय दिया। दसवीं में आकांक्षा कुमारी शानदार 97.4 प्रतिशत के साथ विद्यालय टॉपर बनी। वहीं छात्र अंशु कुमार 93.8 श्रृष्टि रानी 91.8 सोनाली कुमारी 91.4 प्रतिशत व मो रहमान खान 87.2 प्रतिशत साक्षी वर्मा 85 के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के निदेशक ने बच्चों को ढेरों बधाई दी साथ ही कहा यह पल विद्यालय के लिए बहुत ही गौरव का पल है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा आगे होने वाले आगामी परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए विद्यालय हमेशा तत्पर है व निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन देने में सक्षम है। आकांक्षा के माता-पिता ने कहा कि आकांक्षा बचपन से पढ़ाई के प्रति हमेशा मेहनती रही जिसका परिणाम आज देखने को मिला और आगे भी उम्मीद करते हैं कि ऐसे ही टॉप करती रहे। इस पल में आकांक्षा को बधाई देने वाले में पिता प्रमोद कुमार, माता ममता देवी, दादा दादी मामा दीपक कुमार, भाई अभिषेक कुमार, अनामिका कुमारी, दीपक कुमार, शिवांगी कुमारी, दिव्यांश कुमार, चाचा-चाची शामिल हैं।

## प्रोफेसर सह पत्रकार अनिल आशुतोष का निधन



देशप्राण संवाददाता

**धनबाद :** सिंदरी कॉलेज, सिंदरी के भौतिक शास्त्र के विभागाध्यक्ष और टाइम्स आफ इंडिया के पत्रकार प्रो.अनिल आशुतोष का सोमवार की शाम दिल्ली में निधन हो गया। प्रो. अनिल आशुतोष के पिता डॉ. आर. एन .पांडे सिंदरी कॉलेज, सिंदरी में दर्शन शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष थे। प्रो. अनिल आशुतोष पिछले 6 महीने से बीमार चल रहे थे । लिवर ट्रांसप्लांट के बावजूद डॉक्टर उनकी जान नहीं बचा सके। उनके निधन पर सिंदरी महाविद्यालय परिवार में शोक की लहर है। अनिल आशुतोष सिंदरी महाविद्यालय, सिंदरी में 1985 से कार्यरत थे। 61 वर्ष की आयु के कार्यकाल के बीच में ही उनके निधन से सिंदरी महाविद्यालय, सिंदरी को भारी क्षति हुई है। उनके निधन पर महाविद्यालय में शोकसभा का आयोजन किया गया जिसमें 2 मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकोतार कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बीडीओ ने की विकास योजनाओं की समीक्षा, दिये आवश्यक निर्देश

देशप्राण संवाददाता




**जयनगर, 13 मई :** जयनगर प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, 15 वें वित्त आयोग, आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम, पेंशन योजनाओं सहित विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार ने मनरेगा के तहत संचालित बिरसा हरित योजना के अंतर्गत आम बागवानी गड्ढा खोदो अभियान की प्रगति पर विशेष बल दिया। उन्होंने एक-एक बागवानी की समीक्षा करते हुए योजनाओं को लक्ष्य के अनुरूप प्राथमिकता देने तथा समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना 2023-24 एवं अबुआ आवास योजना के लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही वित्त वर्ष 2024-25 के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए त्वरित एवं प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने को कहा गया। बैठक में पुस्तक ज्ञान केंद्र, जन्म-मृत्यु एवं विवाह निबंधन, पंचायत सहायकों की समय-सारणी एवं आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर भी चर्चा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। पेंशन योजनाओं के अंतर्गत वृद्धावस्था, विधवा, विकलांग एवं अन्य पात्र श्रेणियों की पेंशन स्वीकृति एवं वितरण की प्रगति की समीक्षा की गई। लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक का मुख्य उद्देश्य विभिन्न विभागों के आपसी समन्वय के माध्यम से योजनाओं का द्रुत क्रियान्वयन सुनिश्चित करना एवं जनहित में विकास कार्यों को गति देना रहा। बैठक में सभी विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल तेनुघाट का रहा शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम

देशप्राण संवाददाता




**तेनुघाट (बोकारो), 13 मई :** सीबीएसई ने दसवीं एवं बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया जिसमें विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन रहा। बारहवीं में नीशू मुखर्जी 92.4 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान एवं रोशनी कुमारी व पल्लवी कुमारी क्रमशः दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रहीं। इसी प्रकार दसवीं कक्षा में शुभम शर्मा(94.8), साबिक जुनैद (92.8) एवं मो. अरशद अली (92 .6) ने क्रमशः प्रथम , द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्य विद्यार्थियों में सात बच्चों को 90% से अधिक अंक मिलें, 80-90% के बीच आठ एवं 75-80% अंक नौ बच्चों ने प्राप्त किए। इस प्रकार विद्यालय का शानदार प्रदर्शन रहा। प्राचार्या स्तुति सिन्हा ने सभी सफल परीक्षार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्या ने इस सफलता का श्रेय बच्चों की लगन,उनकी कड़ी मेहनत एवं शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन को बताया है। वहीं तेनुघाट जवाहर नवोदय विद्यालय में आयुष कुमार 95.6 प्रतिशत। प्रेम कुमार बरनवाल 91.60 %। प्रेम कुमार महतो 90.2% तथा 10+2 साइंस में रजनीश कुमार 90.4% आयुष कुमार 88.4%। कॉमर्स में खुशबू कुमारी 85.2% अंक लाया। जवाहर नवोदय के प्राचार्य बिपिन कुमार ने सभी छात्रों को उज्वल भविष्य के लिए शुभकामना दिए साथ ही उन्हें बताए कि सत प्रतिशत रिजल्ट रहा।

## बारात में आये युवक की कुएं में गिरने से मौत

**डोमचांच :** थाना क्षेत्र अंतर्गत बेहराडीह गांव में बीती रात एक युवक के कुएं में गिर जाने के कारण मौत हो गई है। मृतक की पहचान तिलैया थाना क्षेत्र के इंदरवा बस्ती निवासी 26 वर्षीय अमन कुमार (पिता उमेश सिन्हा) के रूप में की गई है। घटना को लेकर मृतक के चाचा सोनू कुमार ने बताया कि बीती रात अमन अपने कुछ साथियों के साथ इंदरवा बस्ती से एक बारात जो कि डोमचांच स्थित बेहराडीह गांव गई थी, वहीं गया हुआ था। सुबह को जब वह घर वापस नहीं लौटा तो हमने उसकी खोजबीन शुरू की। हमलोग डोमचांच के बेहराडीह गांव गए तो वहाँ पर भी कुछ पता नहीं चल पाया। हमलोग खोजबीन कर ही रहे थे कि इसी बीच बेहराडीह के मुखिया का अमन के पिता के मोबाइल फोन पर कॉल आया और उन्होंने बताया कि गांव में बीती रात जहां शादी हुई थी, उसी जगह पर स्थित एक कुएं से युवक का शव बरामद हुआ है। जब हमलोग वहां पहुंचे तो देखा कि वह शव अमन का ही था। जिसके पश्चात हमलोगों ने इसकी सूचना डोमचांच पुलिस को दी। जिसके बाद डोमचांच थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में ले लिया और मामले की जांच में जुट गए। शव को जांच करने के पश्चात उसके शरीर पर किसी भी प्रकार के चोट का निशान नहीं मिला। वहीं परिजनों ने इसे संदेहास्पद मौत बताते हुए डोमचांच पुलिस से गंभीरता पूर्वक जांच की मांग की है। जानकारी के अनुसार उक्त कुएं के पास से पुलिस को शराब की बोतलें भी बरमाद हुई है। ऐसे में लोगों को संदेह है कि उक्त युवक शराब के नशे में कुएं की तरफ आया होगा और अनियंत्रित होने से कुएं में गिर गया होगा, जिससे उसकी मौत हो गई।

## सीबीएसई दसवीं बोर्ड की परीक्षा में सेक्रेड हर्ट स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

देशप्राण संवाददाता




**झुमरीतिलैया, 13 मई :** सीबीएसई बोर्ड के द्वारा दसवीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। इसमें सेक्रेड हार्ट स्कूल के छात्रों ने शानदार उपलब्धि हासिल की है। इस परीक्षा में विद्यालय के 10 छात्र छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किया है। विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार, प्राचार्य प्रमोद शर्मा और उप प्राचार्य प्रवीण कुमार ने बताया कि अनिंदिता को 95 प्रतिशत, सृष्टि मिश्रा को 94 प्रतिशत, उज्जवल कुमार शर्मा को 92.8 प्रतिशत,अनुकल्प कुमार को 92.4 प्रतिशत आर्ची कुमारी को 92 प्रतिशत, समय कुमारी को 91 प्रतिशत, आदित्य राज को 90.6 प्रतिशत, राजा बाबू गौतम को 90.4 प्रतिशत, शिवम कुमार को 90.2 प्रतिशत और निखिल राज शर्मा को 90 प्रतिशत अंक हासिल हुआ है अगर विषय वार चर्चा की जाए तो आनंदित कुमारी को अंग्रेजी में 96, उज्जवल कुमार शर्मा को हिंदी में 97, आदित्य राज को गणित में 97, अनुकल्प को साइंस में 97, अनिंदिता को एसएसटी में 96, दिव्यानी सिंह को आईटी में 96, शुभम राज को आईटी में 96 और सृष्टि मिश्रा को संस्कृत में सर्वाधिक 99 अंक प्राप्त हुए हैं। प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने सभी सफल छात्रों को बधाई दी और कहा कि यह परीक्षा परिणाम छात्रों की कड़ी मेहनत, अभिभावकों का सहयोग और शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है। निदेशक प्रमोद कुमार, उपनिदेशक विनोद कुमार, प्राचार्य प्रमोद शर्मा, उप प्राचार्य प्रवीण कुमार, रूटिंग इंचार्ज दीपक सर्राफ, शंकर कुमार, पायल सिंह, अभिलाषा सिंह, भोला कुमार, सुनील पाठक, पवन ठाकुर, संजय तिवारी, रणजीत सिंह, विक्रम कुमार और टिंकू कुमार ने बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। दूसरी ओर सीबीएसई बोर्ड के द्वारा जारी 12वीं के परीक्षा परिणाम में सेक्रेड हार्ट स्कूल के छात्रों की शानदार उपलब्धि रही है।

## आदर्श उच्च विद्यालय ने 12वीं परीक्षा में रिकॉर्ड तोड़ा, अनन्या सिंह बनी टॉपर

देशप्राण संवाददाता




**जयनगर, 13 मई :** प्रखंड के आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड़ ने सत्र 2024 - 25 कक्षा बारहवीं के परीक्षा परिणाम में चौंकाने वाला प्रदर्शन किया। कक्षा बारहवीं के तीनों संकाय में विद्यालय के बच्चों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। ज्ञात हो कि विद्यालय से कुल 134 विद्यार्थी सत्र 2024 - 25 उच्चतर माध्यमिक परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। जिसमें कुल 91 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए जबकि शेष सभी विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। शानदार सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य पुनीत यादव ने प्रफुल्लित होते हुए हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जो संघर्ष की राह अपनाते हैं वही सफलता की कदम चूमते हैं, संघर्ष करने वाले हमेशा सफल होते हैं। केंद्रीय मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, पूर्व मंत्री सह विधायक डॉ नीरा यादव, विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जिप अध्यक्ष रामधन यादव, उपाध्यक्ष निर्मला देवी, केदारनाथ यादव, जिप प्रतिनिधि देवनारायण यादव, मुखिया गणपत यादव, मुखिया रामेश्वर प्रसाद यादव, मुखिया बिनोद दास, मुखिया रुपाली कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि बलदेव यादव, मुखिया प्रतिनिधि मनोज यादव के साथ साथ विद्यालय के उप प्राचार्य अर्जुन चन्द्र यादव, रवींद्र कुमार रवि, विद्यालय के कॉर्डिनेटर महेन्द्र कुमार राणा, विद्यालय के प्रशासक दीपक कुमार , वरिष्ठ शिक्षक महेन्द्र कुमार पांडेय, गोपाल कुमार यादव, नरेश सिंह, मुकेश राणा, सीताराम यादव, फुलंगी चन्द्र यादव, सनोज कुमार, सुनील कुमार यादव, पप्पु कुमार, शाहिद हुसैन, शमशेर आलम, पंकज कुमार साव, केदार यादव, सतीश कुमार पासवान, रवि रंजन, इस्तियाक अंसारी, रामचंद्र यादव, बिट्टू कुमार, नीलम प्रभा, रिंकी देवी, सुनिता कुमारी, जन्नत परवीन, पम्मी रॉय, संदीप तिवारी, लक्ष्मण चन्द्र यादव, मिथलेश पांडेय के अलावे विद्यालय के शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने सभी सफलतम विद्यार्थियों को उनके शानदार सफलता पर बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सीबीएसई की 12वीं व 10वीं की परीक्षा में एमके डीएवी के विद्यार्थियों का रहा शानदार प्रदर्शन

देशप्राण संवाददाता




**मेदिनीनगर (पलामू) :** सीबीएसई की परीक्षा में एमके डीएवी के विद्यार्थियों ने परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। इस वर्ष 12वीं विज्ञान वर्ग में कूल 181 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इसमें सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण घोषित हुए। वाणिज्य वर्ग में कूल 73 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इसमें भी सभी उतीर्ण घोषित हुए। विज्ञान वर्ग में 9 विद्यार्थियों ने व वाणिज्य वर्ग में 3 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। विज्ञान वर्ग में 169 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए व वाणिज्य वर्ग में 59 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विज्ञान वर्ग में 93 व वाणिज्य में 33 विद्यार्थियों ने डिस्टिंक्शन मार्क्स प्राप्त किए। आयुषी व प्राची त्रिपाठी ने 95.4 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, सुमन यादव 95.2 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय व रिचा श्रावणी व वर्तिका सिंह 94.02 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रही।

अंग्रेजी में प्रेरणा व प्राची त्रिपाठी ने 99, मैथ्स में राजनंद पटेल ने 87, फिजिक्स में सुमन यादव ने 92, केमिस्ट्री में आयुषी त्रिपाठी व वर्तिका शाह ने 99, बायोलॉजी में आकृति कुजूर ने 97, आईपी में प्राची त्रिपाठी ने 98, अकाउंटेंसी में आकृति अग्रवाल व राजनंदिनी कुमारी ने 95, बिजनेस स्टडीज में शिवांगी दुबे ने 97, इकोनॉमिक्स में अदिति प्रिया ने 98, कंप्यूटर साइंस में प्रेरणा कुमारी ने 96 व हिंदी कोर में अमृतांज अंशु ने 94 तथा फिजिकल एजुकेशन में आयुषी त्रिपाठी ने 98 अंक प्राप्त किए। 10वीं की परीक्षा में कूल 339 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। इनमें सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण घोषित हुए। कूल 35 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। साथ ही 155 विद्यार्थियों ने विशेष योग्यता प्राप्त की। परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। आदित्य कुमार ने 97.8 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान व अनामिका कुमारी 96 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान व क्षितिज अग्रवाल 95.02 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किए। अंग्रेजी में अनामिका कुमारी ने 97, हिंदी में हिमांशु शेखर वर्मा, कुमारी सौम्या, सृष्टिरानी 96 अंक, संस्कृत में आदित्य तिवारी ने 99, मैथ्स में आदित्य कुमार तिवारी व अनिमेष कुमार ने 100, विज्ञान में आदित्य कुमार तिवारी, हिमांशु शेखर वर्मा, शुभम कुमार तिवारी व अतुल कुमार ने 97, सोशल साइंस में अनामिका कुमारी ने 98 एवं इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी में क्षितिज अग्रवाल ने 99 अंक प्राप्त किए।

विद्यार्थियों की इस सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य ओमप्रकाश मिश्रा ने परीक्षा परिणाम को शानदार बताया। कहा कि शानदार परिणाम छात्रों के अथक परिश्रम, जिज्ञासा व अनुभवी अध्यापकों के निष्ठा पूर्वक शिक्षण व अभिभावकों के सतर्क योगदान का परिणाम है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को उनके उच्च शिक्षा व प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता की बधाई के साथ शुभकामनाएं दी हैं।

## खबरकोना

### सीबीएसई की 10वीं व 12वीं परीक्षा में संत मरियम स्कूल के विद्यार्थियों का रहा जलवा




**मेदिनीनगर (पलामू)** : केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के 10वीं व 12वीं परीक्षा परिणाम में संत मरियम स्कूल का जलवा रहा। स्कूल के शत प्रतिशत बच्चों ने सफलता अर्जित कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। 12वीं की परीक्षा में संत मरियम स्कूल का परिणाम उत्कृष्ट रहा। परीक्षा में 119 छात्र व छात्राओं ने भाग लिया। 12वीं की परीक्षा में 118 उत्तीर्ण हुए। विज्ञान संकाय में आयुष रंजन सिंह 95.2 प्रतिशत के साथ विद्यालय टॉपर रहे। वहीं नीरज महतो 92.4 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान व आदित्य गौरव 90.6 प्रतिशत अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे। वाणिज्य संकाय में अभिजीत अग्रवाल 71.4 प्रतिशत के साथ विद्यालय टॉपर हुए। मोमिना कौसर 66.8 प्रतिशत व आर्यन कुमार मेहता 66.4 प्रतिशत अंक के साथ क्रमशः दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। वहीं दसवीं कक्षा की परीक्षा में 366 छात्र-छात्रा शामिल हुए थे। इसमें 95.2 प्रतिशत के साथ रविकांत कुमार विद्यालय टॉपर रहा। दीपांशु पांडे 94 प्रतिशत द्वितीय स्थान एवं सिबतेन राजा 92.2 के साथ तृतीय स्थान पर रहे। मौके पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि विगत वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष परीक्षा परिणाम काफी उत्कृष्ट रहा। बच्चे, अभिभावक व शिक्षक काफी प्रसन्न हैं। विद्यालय हर बार अपना नया रिकॉर्ड बनाता जा रहा है। चाहे वह शैक्षणिक शिक्षा की बात हो या फिर अन्य खेल गतिविधियों की। विभिन्न क्षेत्रों में संत मरियम के बच्चे सफलता का झंडा गाड रहे हैं। कहा कि जल्द ही 10वीं एवं 12वीं कक्षा में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित किया जाएगा।

### विश्वविद्यालय में बड़े पैमाने पर हो रहे स्थानांतरण से छात्रों का कार्य प्रभावित : आजसू



**मेदिनीनगर** : आजसू छात्र नेता अभिषेक राज ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय में नए कुलपति के आने के बाद से लगातार बड़े पैमाने पर हो रहे स्थानांतरण से विश्वविद्यालय की व्यवस्था में अवरोध पैदा हो रहा है। बड़े पैमाने पर अनुभवी क्लर्क - कर्मचारी एवं अधिकारी के स्थानांतरण से छात्रों का कार्य भी प्रभावित हो रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति को समझना चाहिए इतने बड़े स्थनांतरण से विश्वविद्यालय की गति धीमी पड़ रही है। कही इससे छात्रों का भविष्य अधर में ना चला जाए। इससे बेहतर होता की राजभवन से स्थाई अधिकारियो की मांग की जाती। जिससे विश्वविद्यालय की विधि व्यवस्था सुदृढ़ होती और स्थायी अधिकारी के होने से कोई भी कार्य समय पर होता और विश्वविद्यालय की गति बरकरार रहती। साथ ही विश्वविद्यालय के कुलपति को प्रभार पर चल रहे नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय के अंगीभूत महाविद्यालयों पर जहां स्थाई प्राचर्य की नियुक्ति कर देना चाहिए। विश्वविद्यालय में कर्मियों की भी बहुत कमी है जिसके कारण कार्य समय से नहीं हो पाते। इन सभी मुद्दों को छोड़ कुलपति सिर्फ और सिर्फ स्थानांतरण पर ध्यान दे रहे हैं जो कि छात्र हित मे बिल्कुल भी सही नहीं है।

# सेना के जवान राजेन्द्र ठाकुर के घर पहुंचे सांसद, परिजनों को दी सांत्वना

देशप्राण संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू) :** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम अपने संसदीय क्षेत्र अंतर्गत चैनपुर प्रखंड के ग्राम बरांव निवासी व लेह - लद्दाख मे सेना में पदस्थापित जवान राजेन्द्र ठाकुर की सड़क दुर्घटना मे हुई मौत की खबर सुनकर उनके घर पहुंचे। उन्होंने पार्थिव शरीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। साथ ही परिजनों को सांत्वना दी। मौके पर सांसद ने जवान के मौत को अपूरणीय क्षति बताया। कहा कि वे परिवार के लोगों को हर संभव मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि राजेन्द्र ठाकुर के माता-पिता ने ही सिर्फ अपने लाल को नहीं खोया है बल्कि आज वे सभी पलामू वासियों ने एक होनहार लाल को हमेशा के लिए खो दिया है। विदित हो कि बीते दिनों भारतीय सेना के जवान राजेंद्र कुमार ठाकुर की एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी थी। राजेंद्र कुमार ठाकुर बीते 11 मार्च को छुट्टी पर अपने घर आये थे। जानकारी के अनुसार राजेंद्र कुमार ठाकुर रविवार की रात रेहला थाना क्षेत्र के तोलरा इलाके में अपने एक करीबी रिश्तेदार के विवाह समारोह में भाग लेने के लिए बाइक से जा रहे थे। रास्ते में उनकी बाइक एक अन्य बाइक से टक्कर हो गयी थी। हादसे में जवान गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें तत्काल विश्रामपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार किया। उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल रेफर कर दिया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सक ने राजेंद्र कुमार ठाकुर को मृत घोषित कर दिया। मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रमोद सिंह, रामलव प्रसाद, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, भोला पाण्डेय, मथुरा पासवान, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, सिकंदर चौधरी, जय दुबे शाहिद बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# समाजसेवी नारद यादव के निधन से क्षेत्र में शोक

देशप्राण संवाददाता



**पंडवा (पलामू) :** पंडवा प्रखंड के झरी निवासी युवा समाजसेवी चालीस वर्षीय नारद यादव का निधन मंगलवार को रांची के सैनफोर्ड अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। झरी निवासी संजय चंद्रवंशी ने बताया कि नारद यादव के असमय निधन से पूरे गांव व पंचायत को अपूरनीय क्षति हुई है। बताया कि नारद क्षेत्र के सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे। नारद यादव का अंतिम संस्कार सदाबह नदी के तट पर किया गया। मुखाग्नि बड़े पुत्र पवन ने दी। परिवार वालों का रो रोकर बुरा हाल है। मौके पर जितेन्द्र चंद्रवंशी, उदय सिंह सहित दर्जनों क्षेत्र वासी उनके घर पहुंच कर शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया।

# विश्रामपुर पुलिस ने चलाया जागरुकता अभियान

## बच्चों को 'गुड टच' और 'बैड टच' के बारे में दी गयी जानकारी

देशप्राण संवाददाता



**विश्रामपुर (पलामू) :** पलामू एसपी रिष्मा रमेशन के निर्देशानुसार मंगलवार को विश्रामपुर पुलिस द्वारा थाना परिसर में जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके तहत स्कूली बच्चों को पुलिस व थाने से जुड़ी कई जानकारियां दी गई। वही 'गुड टच' और 'बैड टच' के बारे में बताया गया। साथ हीं डायल 112 के बारे में भी विस्तृत रूप से जानकारों दी गई। बच्चों को कानून से संबंधित जानकारी को बारीकियों से समझाया गया। विश्रामपुर थाना प्रभारी सौरभ कुमार चौबे ने कहा कि किसी भी विकट परिस्थिति में 112 पर डायल कर अपनी समस्याओं की जानकारी नजदीकी पुलिस को दें। पुलिस आपकी समस्याओं को जान उससे निजात दिलाएगी। साथ हीं पुलिस आपकी हर संभव मदद भी करेगी। उन्होंने बच्चों को पुलिस की कार्यप्रणाली के सम्बंध में कई महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए उन्हें कानूनी रूप से जागरूक करने का प्रयास किया। थाना में बच्चों को बुलाकर अंधविश्वास व यातायात से भी जुड़ी जानकारियां उनसे साझा किया गया। इसके अलावा महिला अपराध से बचने को ले कई टिप्स देते हुए बच्चों को प्राथमिकी दर्ज कैसे कराई जाती है, उनसे कैसा व्यवहार किया जाना चाहिए सहित कई अन्य रोचक जानकारी भी दी गई। मौके पर एसआई शिवनाथ रंजन, प्रदीप शर्मा, समाजिक कार्यकर्ता राजन पांडेय सहित कई लोग मौजूद थे।


# लहलहे में 19 से बहेगी अमृत की धार, श्रद्धालु व भक्तजन हैं आमंत्रित

देशप्राण संवाददाता




**मेदिनीनगर (पलामू) :** सदर प्रखंड अंतर्गत लहलहे गांव में 19 मई से श्री श्री 1008 मारुति किंकर जी महाराज के श्रीमुख से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होगा। इसमें सभी श्रद्धालु भक्त ज्यादा संख्या में भाग लें। उक्त बातें श्रीमद् भागवत यज्ञ कमेटी के मुख्य यजमान विवेकानंद त्रिपाठी ने कही। उन्होंने बताया कि स्वामी जी महाराज आगामी 19 मई से 25 मई तक संगीतमय भागवत कथा कहेंगे। इसमें 18 मई को हनुमत पूजा, 19 मई को कलश यात्रा व 19 मई संध्या 7 बजे से 25 मई तक श्रद्धालु भक्त श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करेंगे। इसमें ज्यादा संख्या में श्रद्धालु भक्तजन शामिल होकर पुण्य के भागी बनें। कहा कि 26 मई को हवन उपरांत विशाल भंडारा का आयोजन भी यज्ञ कमेटी के द्वारा किया जाएगा। इधर कार्यक्रम की सफलता के लिए यज्ञ कमेटी की बैठक विवेकानन्द त्रिपाठी के आवास पर हुई। इसमें सुरेश्वरी तिवारी, अनूप तिवारी, प्रशांत तिवारी, ट्विंकल तिवारी, मनीष तिवारी, मृत्युंजय तिवारी, मनु तिवारी, अनिरुद्ध तिवारी, विनोद तिवारी, महिमानंद तिवारी सहित काफी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# सीबीएसई 10वीं बोर्ड की परीक्षा में डीएवी का शुभ आदित्य बना टॉपर



**भवनाथपुर (गढ़वा), 13 मई :** सीबीएसई बोर्ड द्वारा जारी 10वीं की परीक्षाफल में डीएवी शताब्दी प्लस टू पब्लिक स्कूल का प्रदर्शन काफी शानदार रहा। विद्यालय के छात्र शुभ आदित्य ने दसवीं बोर्ड की परीक्षा में सर्वाधिक 96.80 प्रतिशत अंक लाकर जिला में दूसरा स्थान हासिल किया जबकि अपने विद्यालय का टॉपर बना है। इसके अलावा जय सिंह ने 93.20 प्रतिशत लाकर दूसरा, हर्ष कुमार ने 91.80 प्रतिशत अंक लाकर तीसरा, सात्विक कुमार चौबे 91 प्रतिशत अंक लाकर चौथा, विराज कुमार चौबे 90.60 प्रतिशत अंक लाकर पांचवां, पीयूष कुमार सोनी 90.20 प्रतिशत के साथ छठा, तनिष्क कुमार 90.20 प्रतिशत अंक लाकर सातवां, विशिका रानी 89.60 प्रतिशत अंक लाकर आठवां, सूर्यांश पाण्डेय 89 प्रतिशत अंक लाकर नौवां और आदिल आलम 88.80 प्रतिशत अंक लाकर दसवां साथ प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य राजेन्द्र सचदेवा ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बधाई दी तथा छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

**शुभ आदित्य कंप्यूटर इंजीनियर बनकर करेगा देश की सेवा**

10वीं बोर्ड में टॉपर रहे शुभ आदित्य भवनाथपुर डीएवी स्कूल में कार्यरत समाजिक विज्ञान के शिक्षक ब्रजेन्द्र कुमार और प्रतिभा पल्लवी का बड़ा पुत्र है। शुभ आदित्य ने बताया कि वह आगे कंप्यूटर इंजीनियर बनकर देश की सेवा करना चाहता है। सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और विद्यालय के शिक्षक को दिया।

# पर्यावरणविद डॉ कौशल ने भगवान बुद्ध की जयंती पर किया पौधरोपण

देशप्राण संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू) :** भगवान गौतम बुद्ध के जन्मदिन पर हैदरनगर देवी मंदिर परिसर में सोमवार को विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने धर्मपत्नी सह संस्था की प्रधान सचिव सज्ञ डाली बाजार की मुखिया पूनम जायसवाल के साथ पौधा रोपन किया। साथ ही सत्यनारायण भगवान की कथा सुनी। उनके साथ भाई सत्येंद्र प्रसाद व सुचित कुमार, बहू गीता देवी व अल्पना देवी, बहन चिंता देवी व अन्य शामिल थे। सभी ने वृक्ष देव की पूजा कर पौधरोपण किया। उन्होंने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ प्रांगण में हिमाचल के कपूर व कर्नाटक का चंदन पौधा लगाकर उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मत्रों की शपथ दिलाई।

बताते चलें कि डॉक्टर कौशल किशोर जायसवाल ने वर्ष 2005 से सभी देवस्थलों पर पौधरोपण करने का अभियान चलाया था। पुनः 20 वर्षों के बाद भगवान बुद्ध की जयंती पर देवी धाम परिसर पहुंचकर पूजा अर्चना के बाद पौधरोपण किया। भगवान गौतम बुद्ध के जन्मदिन पर दुनिया के तमाम लोगों को शुभकामना देते हुए डॉ कौशल ने कहा कि भगवान गौतम बुद्ध का जन्म नेपाल के लुंबिनी, ज्ञान बिहार के बोधगया पीपल पेड़ के नीचे, उपदेश का शुभारंभ उत्तर प्रदेश के बनारस सारनाथ व मृत्यु उत्तर प्रदेश के कुशीनगर समाधि स्थल पर तो पौधा लगाया है। इसके साथ ही नेपाल, भूटान, बर्मा, मलेशिया, थाईलैंड, इंडोनेशिया में उनके चाहने वालों के बीच जाकर भी उनके मंदिर प्रांगण में पौधा लगाया है। मौके पर मंदिर के पुजारी को जीवन रूपी पौधा दान कर उन्हें सम्मानित किया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के मैनपाट स्थित भगवान गौतम बुद्ध के मंदिर में भी पूजा अर्चना किया। वनराखी मूवमेंट के प्रणेता डॉ कौशल ने कहा कि भगवान बुद्ध की जयंती मानना तभी सार्थक होगा जब सभी लोग उनकी भावनाओं के अनुरूप ज्यादा से ज्यादा पीपल का पौधा लगाएंगे। पीपल पेड़ के नीचे ही उन्हें ज्ञान प्राप्त हुआ था। पीपल लगाने से धरती व ब्रह्मांड की 84 लाख योनी जीवों की सुरक्षा होगी। मौके पर प्रदीप जायसवाल सत्येंद्र दुबे, सत्य सिंह, कौशल उपाध्याय, संतोष प्रजापति आदि शामिल थे।

# ग्रासिम सीएसआर ने किया महिलाओं के लिए विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन

देशप्राण संवाददाता




**विश्रामपुर (पलामू) :** ग्रासिम सीएसआर के तत्वावधान में मंगलवार को रेहला -बिशुनपुर स्थित प्रशिक्षण केंद्र के प्रांगण में महिलाओं के लिए विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 76 महिलाओं का उपचार के बाद निशुल्क दवाईंया दी गई। शिविर का उद्‌घाटन मुख्य अतिथि महिला मंडल की अध्यक्ष नमिता अवस्थी, सदस्य वंदना कोहली, निशा पाठक, महिला चिकित्सक डॉ अनूपा कुजूर व सीएसआर के चिकित्सक डॉ प्रेम प्रकाश पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन समारोह का संचालन सीएसआर पदाधिकारी अनिल गिरी ने किया। नमिता अवस्थी ने कहा कि महिलाएं परिवार की रीढ़ होती हैं। उन पर पूरे परिवार की जिम्मेवारी होती है। सभी के लिये साप्ताहिक अवकाश होते हैं लेकिन महिलाओं के लिए कभी भी किसी तरह का कोई अवकाश नहीं होता है। ऐसे में महिलाओं को अपना समुचित ध्यान खूद का रखना चाहिए। उन्हें स्वास्थ्य के प्रति स्वयं सजग रहने की जरूरत है। किसी भी तरह की कोई स्वास्थ्य संबंधी परेशानी हो तो बेझिझक चिकित्सक से मिलकर अपना इलाज करना चाहिए। कहा कि कई बार महिलाएं अपने तकलीफों व रोगों को छुपाती हैं। इससे समय के साथ समस्या और बढ़ जाती है। इसलिए रोगों को ना छुपाए। डॉक्टर से समय पर उचित परामर्श लें। श्रीमती अवस्थी ने सीएसआर टीम को इस तरह के आयोजन के लिये आभार व्यक्त किया। डॉ अनूपा कुजूर ने सभी महिलाओं को अपने स्वास्थ्य की समुचित देखभाल व खान-पान से संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। मौके पर जनसंपर्क प्रबंधक विकास कुमार, अनुपमा मिश्रा, प्रभा सिंह, अनुश्री नायक, दीपिका उपाध्याय, जन सेवा ट्रस्ट के मो कैफ, आफताब अंसारी, नागेंद्र यादव, अनीता देवी, योगेश पाल, भोला सिंह, सतेंद्र सिंह, मारुति नंदन त्रिपाठी सहित कई मौजूद थे।

### नौगढ़ा सत्य साईं नर्सिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट में अंतरराष्ट्रीय नर्सेस वीक समारोह का आयोजन

**विश्रामपुर पलामू** : पलामू जिले के नौगढ़ा स्थित सत्य साईं नर्सिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर 7 मई से 12 मई के बीच नर्सेस वीक समारोह का आयोजन किया गया। जहां अलग-अलग प्रतियोगता का आयोजन किया गया। जिसमें बीएससी नर्सिंग, जीएनएम व एएनएम के सभी छात्रझछात्राओ ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। साथ हीं अपने प्रतिभा का प्रदर्शन क्विज कंपीटिशन, मेहंदी शो, फूड फेस्ट, स्पीच कंपीटिशन, रंगोली कंपीटिशन, पोस्टर कंपीटिशन के माध्यम से किया। नर्सेस वीक समापन समारोह को संबोधित करते हुए संस्थान के चेयरमैन नितेश कुमार पाठक ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हर साल 12 मई को आधुनिक नर्सिंग के जनक फ्लोरेंस नाइटिंगल की याद में उनकी जयंती पर दुनिया भर में नर्स दिवस मनाया जाता है। यह दिन स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र के नर्सिंग कर्मियों को समर्पित है। स्वास्थ्य क्षेत्र व चिकित्सा कार्यों में नर्सेज के बेहद महत्वपूर्ण योगदान के सम्मान में विश्व भर में नर्सेज दिवस मनाया जाता है। चैयरमेन श्री पाठक ने कहा कि आज का यह दिन नर्सों के सेवाभाव को सलाम करने का दिन रहा है।

# आईसीसी महिला वनडे रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचीं स्मृति मंधाना




**नयी दिल्ली, 13 मई (हि.स.) :** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने महिला त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में अपनी मैच जिताऊ शतकीय पारी की बदौलत बल्लेबाजों की आईसीसी महिला वनडे रैंकिंग में एक स्थान ऊपर चढ़ते हुए दूसरा स्थान हासिल कर लिया है।

श्रीलंका के खिलाफ फाइनल में 116 रन की पारी खेलते हुए मंधाना ने अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने अर्धशतक भी लगाया था। इस शानदार प्रदर्शन के बाद मंधाना ने 727 रेटिंग अंक प्राप्त किए हैं और वह अब नंबर एक बल्लेबाज लौरा वोल्वार्ड्ट से केवल 11 अंक पीछे हैं।

मंधाना की टीम की साथी जेमिमा रोड्रिग्स भी अपनी शानदार 123 रनों की पारी की बदौलत 5 स्थान ऊपर चढ़कर करियर के सर्वोच्च 15वें स्थान पर पहुंच गई हैं। वहीं, दीप्ति शर्मा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 93 रन बनाकर 13 स्थान ऊपर चढ़ते हुए संयुक्त 32वें स्थान पर पहुंची हैं।

रनर-अप श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू ने 2 स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त सातवां स्थान प्राप्त किया है जबकि विश्मी गुनारत्ने 8 स्थान ऊपर चढ़कर 63वें स्थान पर पहुंच गई हैं। अनुश्का संजीवनी ने सबसे बड़ी छलांग लगाते हुए 19 स्थान ऊपर चढ़कर 75वें स्थान पर जगह बनाई है।

हालांकि दक्षिण अफ्रीका का टीम प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा, लेकिन उनके बल्लेबाजों ने व्यक्तिगत तौर पर अच्छा प्रदर्शन किया। उप-कप्तान क्लोई ट्रायन ने 67 और 74 रनों की पारी खेली और 9 स्थान ऊपर चढ़कर 18वें स्थान पर पहुंच गईं। ट्रायन ने श्रीलंका के खिलाफ मैच में हैट्रिक भी ली, जिसके बाद वह 14 स्थान ऊपर चढ़कर 50वें स्थान पर आ गईं। साथ ही उन्होंने ऑलराउंडर्स की सूची में 3 स्थान ऊपर चढ़कर 11वां स्थान हासिल किया।

**आलराउंडर और गेंदबाजों की रैंकिंग में भी बदलाव**

ट्रायन की साथी ताजमिन ब्रिट्स, अनेरी डर्कसेन और नाडिन डी क्लर्क भी क्रमशः 32वें, 50वें और 54वें स्थान पर पहुंची हैं। डर्कसेन ने ऑलराउंडर्स सूची में 19 स्थान की छलांग लगाई और 44वें स्थान पर पहुंची हैं।

महिला वनडे गेंदबाजी रैंकिंग के टॉप 20 में कोई बदलाव नहीं हुआ है, लेकिन भारत की स्नेह राणा 4 स्थान ऊपर चढ़कर करियर की सर्वोत्तम संयुक्त 34वें स्थान पर पहुंच गई हैं। श्रीलंका की सुगांदिका कुमारी भी 4 स्थान ऊपर चढ़कर 37वें स्थान पर आ गई हैं।

## 17 मई से शुरू हो रहे हैं आईपीएल 2025 के बचे हुए मैच

# फ्रेंचाइजीज के लिए टीमों को फिर से जोड़ना होगी एक बड़ी चुनौती

### आरसीबी और केकेआर के बीच 17 मई को होगा पहला मुकाबला, पंजाब और दिल्ली के बीच फिर से होगा मैच

**नई दिल्ली, 13 मई (हि.स.) :** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार देर रात इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 का संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया। टूनामेंट अब 17 मई से दोबारा शुरू होगा और फाइनल मुकाबला 3 जून को खेला जाएगा। आईपीएल को भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर बढ़ते तनाव के कारण 9 मई को एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया गया था। अब बाकी बचे 17 मुकाबले बेंगलुरु, जयपुर, दिल्ली, लखनऊ, मुंबई और अहमदाबाद में खेले जाएंगे। प्लेऑफ के स्थानों की घोषणा बाद में की जाएगी।




टूनामेंट के दोबारा शुरू होने के बाद कुल 17 मुकाबले खेले जाएंगे, जिसमें दो डबल हेडर (रविवार को) होंगे। कुल मिलाकर 13 लीग मुकाबले और 4 प्लेऑफ मैच बाकी हैं।

आईपीएल के फिर शुरू होने के साथ पहला मुकाबला 17 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच बेंगलुरु में खेला जाएगा। वहीं 8 मई को धर्मशाला में अधूरा छोड़ा गया पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) और दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) का मुकाबला अब 24 मई को जयपुर में होगा, जो पंजाब का अस्थायी होम ग्राउंड होगा।

पंजाब को 26 मई को मुंबई इंडियंस के खिलाफ भी जयपुर में ही खेलना होगा। पहले यह मैच धर्मशाला में होना था।

**घरेलू मैदान से वंचित रह जाएंगी ये टीमें**

शेड्यूल में बदलाव के चलते तीन टीमें–पंजाब, चेन्नई और हैदराबाद–अब अपने होम ग्राउंड पर कोई मुकाबला नहीं खेल पाएंगी। हालांकि चेन्नई और हैदराबाद पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुके हैं, लेकिन पंजाब को यह बड़ा झटका माना जा रहा है, क्योंकि वे 11 मैचों में 15 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर थे।

**विदेशी खिलाड़ियों की उपलब्धता बनी चुनौती**

आईपीएल का फाइनल अब 3 जून को खेला जाएगा, जो इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच 29 मई से शुरू हो रही एकदिनी सीरीज के साथ टकराएगा। इससे वेस्टइंडीज के खिलाड़ी रोमारियो शेफर्ड (आरसीबी), शामार जोसेफ (एलएसजी) और शेरफेन रदरफोर्ड (गुजरात) आईपीएल प्लेऑफ से बाहर हो सकते हैं। इंग्लैंड की टीम ने स्क्वॉड की घोषणा नहीं की है, लेकिन जोस बटलर, फिल सॉल्ट, लियाम लिविंगस्टोन, विल जैक्स और रीसे टॉपली जैसे खिलाड़ी भी प्रभावित हो सकते हैं।

**डब्ल्यूटीसी फाइनल और इंडिया ए दौरे पर भी असर**

आईपीएल फाइनल के सिर्फ सात दिन बाद 11 जून से इंग्लैंड के लॉर्ड्स में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल खेला जाएगा, जिसमें ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका आमने-सामने होंगे। आईपीएल में खेल रहे कई ऑस्ट्रेलियाई और दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों पर इसका असर पड़ सकता है। वहीं 30 मई से शुरू हो रहे इंडिया ए के इंग्लैंड दौरे के लिए संभावित खिलाड़ियों की उपलब्धता भी अब संदेह में है।

**टीमों को फिर से जोड़ने की चुनौती**

बीसीसीआई के अनुसार, आईपीएल को दोबारा शुरू करने से पहले सरकार और सुरक्षा एजेंसियों के साथ व्यापक विचार-विमर्श किया गया। अब फ्रेंचाइजियों के सामने सबसे बड़ी चुनौती होगी–खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ को फिर से भारत बुलाना। गुजरात टाइटंस को इसका सबसे कम असर पड़ा है क्योंकि उनके सिर्फ दो विदेशी खिलाड़ी (बटलर और कोएट्जी) बाहर गए थे और बाकी टीम अहमदाबाद में अभ्यास कर रही थी।

## डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की टीमें घोषित

# कमिंस, हेजलवुड और ग्रीन टेस्ट टीम में शामिल

**मेलबर्न, 13 मई (हि.स.) :** ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2023-25 फाइनल के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है।

कप्तान पैट कमिंस, तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड और ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन को 15 सदस्यों में शामिल किया गया है, जो बाद के कैरेबियाई दौरे में भी खेलेंगे। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल लॉर्ड्स में 11 जून से खेला जाना है।




ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने एक बयान में कहा, भारत को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में हराने के बाद टीम ने श्रीलंका में एक प्रभावशाली श्रृंखला जीत के साथ डब्ल्यूटीसी चक्र का समापन किया। इन सीरीज ने दो साल के चक्र में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया और अब हमारे पास विश्व टेस्ट चैंपियनशिप को बचाने का अविश्वसनीय रूप से रोमांचक अवसर है। कैमरन ग्रीन पीठ की सर्जरी से उबरने के बाद टेस्ट टीम में वापस आ गए हैं, जबकि शेफील्ड शील्ड के फाइनल के खिलाड़ी ब्रेंडन डोगेट को ट्रैवलिंग रिजर्व के रूप में नामित किया गया है। ऑस्ट्रेलिया आईसीसी इवेंट तकनीकी समिति की मंजूरी से फाइनल से पहले अपनी टीम में बदलाव कर सकता है।

**ऑस्ट्रेलियाई टीम**

पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मैट कुहनेमैन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, स्टीव स्मिथ (उपकप्तान), मिशेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर।

# दक्षिण अफ्रीका की टीम में लुंगी एनगिडी की वापसी

**नई दिल्ली, 13 मई (हि.स.) :** दक्षिण अफ्रीका ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2023-25 फाइनल के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है।




टेम्बा बावुमा 15 सदस्यीय टीम की अगुआई करेंगे, जिसमें तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी की भी वापसी हुई है, जो चोट के कारण गर्मियों में घरेलू सीरीज से बाहर रहे थे।

एनगिडी तेज गेंदबाजी लाइनअप में शामिल हो गए हैं, जिसमें कगिसो रबाडा, मार्को जेनसन, डेन पैटरसन और कॉर्बिन बॉश शामिल हैं। केशव महाराज सेनुरन मुथुसामी के साथ स्पिन विभाग संभालेंगे।

मुख्य कोच शुकरी कॉनराड ने कहा, पिछले 18 महीनों में, हमने एक प्रतिस्पर्धी रेड-बॉल इकाई बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है और यह उपलब्धि उस प्रगति को दशार्ती है। उन्होंने कहा, हमारी सफलता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा चयन में निरंतरता है और हम उन खिलाड़ियों के मुख्य समूह के साथ बने हुए हैं जो इस डब्ल्यूटीसी चक्र का हिस्सा रहे हैं। हमने लॉर्ड्स में अपेक्षित परिस्थितियों के लिए एक संतुलित टीम का चयन किया है। डब्ल्यूटीसी फाइनल 11 जून से लॉर्ड्स में होगा।

**दक्षिण अफ्रीकी टीम**

टेम्बा बावुमा (कप्तान), टोनी डी जोरजी, एडेन मार्कराम, वियान मुल्डर, मार्को जेनसन, कगिसो रबाडा, केशव महाराज, लुंगी एनगिडी, कॉर्बिन बॉश, काइल वेरिन, डेविड बेडिंघम, ट्रिस्टन स्टब्स, रयान रिकेल्टन, सेनुरन मुथुसामी, डेन पैटरसन।

# गुजरात टाइटन्स ने अहमदाबाद में प्रशिक्षण सत्र किया आयोजित

**नई दिल्ली, 13 मई (हि.स.) :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 17 मई से फिर से शुरू होने के साथ ही गुजरात टाइटन्स (जीटी) अपने घरेलू मैदान अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में प्रशिक्षण के लिए लौट आई है। पिछले हफ्ते भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते सीमा पार तनाव के कारण भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टूनामेंट के बाकी मैचों को एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया था।




जीटी के कप्तान शुभमन गिल, तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज, बल्लेबाज साई सुदर्शन, वाशिंगटन सुंदर और शेरफेन रदरफोर्ड सत्र में उपस्थित थे।

टाइटंस वर्तमान में 11 मैचों में से आठ जीत और 0.793 के नेट रन रेट के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, जीटी का अगला मुकाबला दिल्ली में दिल्ली कैपिटल्स से होगा और फिर अहमदाबाद लौटकर लखनऊ सुपर जायंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अपने लीग चरण का समापन करेगी।

# कार्लो एंसेलोटी बने ब्राजील फुटबॉल टीम के नए कोच

**नयी दिल्ली, 13 मई (हि.स.) :** इटली के दिग्गज फुटबॉल मैनेजर कार्लो एंसेलोटी अब ब्राजील पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम की कमान संभालेंगे। ब्राजील फुटबॉल संघ (सीबीएफ) ने सोमवार को यह घोषणा की। एंसेलोटी इस सीजन के अंत में रियल मैड्रिड छोड़ देंगे और जून से ब्राजील के कोच के रूप में कार्यभार संभालेंगे। सीबीएफ के अध्यक्ष एडनाल्डो रोड्रिग्स ने एक बयान में कहा, कार्लो एंसेलोटी को ब्राजील लाना सिर्फ एक रणनीतिक कदम नहीं है, बल्कि यह दुनिया को यह दिखाने का ऐलान है कि हम फिर से शीर्ष पर लौटने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, वह इतिहास के सबसे महान कोच हैं और अब वह दुनिया की सबसे महान राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व करेंगे। हम साथ मिलकर ब्राजीलियाई फुटबॉल का एक और स्वर्णिम अध्याय लिखेंगे।

एंसेलोटी रियल मैड्रिड के सबसे सफल मैनेजर रहे हैं। उनके नेतृत्व में क्लब ने अब तक 15 खिताब जीते, लेकिन 2024-25 का सीजन वह बिना किसी ट्रॉफी के समाप्त करेंगे।

एंसेलोटी ब्राजील के पहले विदेशी कोच बनेंगे। वह डोरिवाल जूनियर की जगह लेंगे, जिन्हें अर्जेंटीना से 4-1 की हार के बाद मार्च में बर्खास्त कर दिया गया था।

# गुजरात टाइटन्स टीम से 14 मई को जुड़ेंगे बटलर, कोएट्जी

**नई दिल्ली, 13 मई (हि.स.) :** इंग्लैंड के बल्लेबाज जोस बटलर और दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज जेराल्ड कोएट्जी 14 मई को गुजरात टाइटंस की टीम से दोबारा जुड़ेंगे। आईपीएल 2025 के 17 मई से फिर शुरू होने से पहले ये दोनों विदेशी खिलाड़ी टीम में वापसी करेंगे।




ये दोनों ही खिलाड़ी 9 मई को भारत-पाकिस्तान के बीच सीमा पर बढ़ते तनाव के कारण आईपीएल के एक सप्ताह के लिए निलंबन के बाद भारत से रवाना हुए थे। गुजरात टाइटंस के अन्य विदेशी खिलाड़ी राशिद खान, शेर्फेन रदरफोर्ड, कागिसो रबाडा और करीम जनत - उस दौरान टीम के साथ भारत में ही बने रहे।

हालांकि रदरफोर्ड को वेस्टइंडीज की वनडे टीम में इंग्लैंड दौरे (29 मई से 3 जून) के लिए चुना गया है। यह सीरीज आईपीएल 2025 के प्लेऑफ चरण से टकरा सकती है। ऐसे में उनका टूर्नामेंट में आगे खेलना संदिग्ध है। इंग्लैंड ने अब तक इस सीरीज के लिए अपनी टीम की घोषणा नहीं की है, लेकिन जोस बटलर का उस टीम में चुना जाना लगभग तय माना जा रहा है। गुजरात टाइटंस फिलहाल आईपीएल 2025 की पॉइंट्स टेबल में 16 अंकों के साथ टॉप पर है। नेट रन रेट के आधार पर गुजरात, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से आगे है। लीग चरण में गुजरात को अब तीन मुकाबले और खेलने हैं। गुजरात टाइटंस अपना अगला मुकाबला 18 मई को दिल्ली में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेलेगी। इसके बाद टीम अपने दो होम मैच अहमदाबाद में खेलेगी–22 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स और 25 मई को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ।

आईपीएल ने सोमवार को सीजन के बचे हुए मैचों का संशोधित कार्यक्रम जारी किया। इसमें 13 लीग मुकाबले और चार प्लेऑफ मैच शामिल हैं। बाकी बचे लीग मुकाबले दिल्ली, जयपुर, लखनऊ, अहमदाबाद, मुंबई और बेंगलुरु में खेले जाएंगे। हालांकि प्लेऑफ के स्थानों की घोषणा अभी नहीं की गई है, लेकिन तारीखें तय हैं।

# फ्रेंच ओपन 2025 से पहले जोकोविच और कोच एंडी मरे हुए अलग

**नयी दिल्ली, 13 मई (हि.स.) :** सर्बियाई टेनिस चैंपियन नोवाक जोकोविच और एंडी मरे ने छह महीने के बाद अपनी कोचिंग साझेदारी समाप्त कर दी है। इसकी घोषणा सोशल मीडिया पर की गई है।



जोकोविच ने इंस्टाग्राम पर लिखा, कोच एंडी, पिछले छह महीनों में कोर्ट पर और बाहर की सारी मेहनत, मौज-मस्ती और समर्थन के लिए आपका धन्यवाद। मुझे हमारी दोस्ती को और गहरा करने में बहुत मजा आया।


पूर्व विश्व नंबर एक मरे इस साल के ऑस्ट्रेलियन ओपन से कुछ समय पहले कोच के रूप में अपने पूर्व ऑन-कोर्ट प्रतिद्वंद्वी के साथ शामिल हुए, जहां जोकोविच अलेक्जेंडर जेवरेव से हारने से पहले सेमीफाइनल में पहुंचे थे।

हालांकि, यह साझेदारी अब नहीं रहेगी क्योंकि जोकोविच क्ले सीजन के दौरान अपने खराब फॉर्म को कम करने की कोशिश कर रहे हैं, जिसकी शुरूआत अगले सप्ताह जिनेवा ओपन से होगी और 25 मई को रोलैंड गैरोस में अपने चौथे फ्रेंच ओपन खिताब की तलाश में हैं।

मरे ने कहा, नोवाक को साथ काम करने के अविश्वसनीय अवसर के लिए धन्यवाद और पिछले छह महीनों में उनकी कड़ी मेहनत के लिए उनकी टीम को धन्यवाद। मैं नोवाक को बाकी सीजन के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

# डोपिंग बैन के बाद जैनिक सिनर की शानदार वापसी, इटैलियन ओपन के प्री-क्वार्टर फाइनल में

**रोम, 13 मई (हि.स.) :** दुनिया के नंबर 1 टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने इटालियन ओपन 2025 में डोपिंग बैन से वापसी के बाद लगातार दूसरा मुकाबला जीत लिया है। सोमवार को खेले गए मुकाबले में उन्होंने डच क्वालिफायर जेस्पर डी योंग को 6-4, 6-2 से हराकर अंतिम 16 में जगह बना ली। यह उनका होम क्राउड के सामने पहला टूनामेंट है, और फैन्स का जोश चरम पर नजर आया।



**पहले सेट में दिखी चूक, फिर की जोरदार वापसी**

मैच की शुरुआत में सिनर ने 4-1 की बढ़त बना ली थी, लेकिन कुछ गलत ड्रॉप शॉट्स, एक डबल फॉल्ट और अन्य त्रुटियों की वजह से डी योंग ने स्कोर 4-4 से बराबर कर दिया। हालांकि इसके बाद सिनर ने अपने दमदार ग्राउंडस्ट्रोक्स और तेज सर्व के दम पर मैच पर पूरी तरह से नियंत्रण बना लिया।

इस जीत के साथ सिनर की जीत की लय अब 23 मुकाबलों तक पहुंच गई है, जो अक्टूबर 2024 से जारी है। यह इटालियन ओपन उनके लिए ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 में ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के बाद पहला टूनामेंट है।

**डोपिंग बैन के बाद उठे थे सवाल**

फरवरी में वर्ल्ड एंटी-डोपिंग एजेंसी (वाडा) के साथ समझौते के तहत सिनर को तीन महीने का बैन झेलना पड़ा। यह फैसला विवादों में रहा क्योंकि इसकी टाइमिंग कुछ ऐसी रही कि वे कोई ग्रैंड स्लैम मिस नहीं कर पाए और सीधे अपने होम टूनामेंट से वापसी कर पाए।

**फैन्स का भरपूर समर्थन, अगला मुकाबला सेरुंडोलो से**

शनिवार को पहले राउंड में मारियानो नवोन पर जीत की तरह ही इस मैच में भी रोम के फोरो इटालिको स्टेडियम में मौजूद फैन्स ने वाय जैनिक के नारे लगाकर उन्हें पूरा समर्थन दिया। अगले राउंड में अब उनका सामना अर्जेंटीना के 17वें वरीय फ्रांसिस्को सेरुंडोलो से होगा, जो मैड्रिड ओपन के सेमीफाइनल तक पहुंचे थे।

**खेल भावना भी दिखी, डी योंग की मदद को आए आगे**

दूसरे सेट के दौरान डी योंग एक पासिंग शॉट के प्रयास में गिर पड़े और उनकी कलाई चोटिल हो गई। सिनर तुरंत नेट के पार जाकर उनका हालचाल जानने पहुंचे, उन्होंने उनके रैकेट का हैंडल पोंछा और मेडिकल टीम को बुलाया। डी योंग ने इसके बाद मेडिकल ट्रीटमेंट के बाद मैच खेला।

**अन्य मुकाबलों में गॉफ, डी मिनौर और पाओलिनी जीते**

पुरुषों में सातवें वरीय एलेक्स डी मिनौर ने ह्यूगो डेलियन को हराया, हालांकि मैच के दौरान एक दर्शक की तबीयत बिगड़ने और एयरफोर्स फ्लाईओवर के चलते दो बार मैच रुका।

महिलाओं में कोको गॉफ ने एमा राडुकानु को 6-1, 6-2 से हराकर जोरदार जीत दर्ज की।

पेयटन स्टर्न्स ने नाओमी ओसाका को तीन सेटों तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में 6-4, 3-6, 7-6 (4) से हराया।

वहीं जैस्मिन पाओलिनी ने पूर्व फ्रेंच ओपन चैंपियन जेलेना ओस्टापेंको को 7-5, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

फ्रेंच ओपन 25 मई से शुरू होने वाला है, ऐसे में इटालियन ओपन उसके लिए आखिरी बड़ा वार्मअप टूनामेंट माना जा रहा है। जैनिक सिनर की वापसी और लय दोनों रोम के दर्शकों को काफी उम्मीदें दे रही हैं।

संक्षिप्त समाचार

### 10 वीं की परीक्षा में उदय रौनक मुर्मू बने स्कूल टॉपर

**हिरणपुर (पाकुड़):** सीबीएसई 10 वी बोर्ड परीक्षा में प्रधानमंत्री श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बागशिशा से लिट्टीपाड़ा निवासी उदय रौनक मुर्मू विद्यालय टॉपर बने। विद्यालय के प्रचार्य डा. अवधेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस परीक्षा में 39 बच्चों ने भाग लिया था। जिसमे सभी बच्चे उत्तीर्ण हुए। इसमे 94.4 प्रतिशत अंक लाकर उदय रौनक मुर्मू विद्यालय टॉपर बने। वही पार्थो मण्डल अमड़ापाड़ा 94 प्रतिशत लाकर द्वितीय व बासकेन्द्री महेशपुर के फैजुद्दीन अंसारी ने 93.6 अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### पुलिस ने अलग अलग मामले के दो वारंटियों को भेजा जेल

**हिरणपुर (पाकुड़):** पुलिस ने मंगलवार को अलग अलग मामले के दो वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक उपास्थापन में पाकुड़ भेजा। वर्ष 2025 में दहेज प्रताड़ना को लेकर दर्ज मामले में महेशपुर थाना के प्यारदाहा गांव निवासी वारंटी शेखावत अंसारी को एएसआई गोविंद कुमार साहा ने उसके घर से गिरफ्तार किया। वही वर्ष 2012 में दर्ज मारपीट मामले के आरोपी ठाकरान टुडू को महिला पुलिस की उपस्थिति में एएसआई साधन कर्मकार ने पोखरिया स्थित घर से गिरफ्तार किया। इस सम्बंध में थाना प्रभारी गोपाल कुमार महतो ने बताया कि दोनों वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक उपास्थापन में भेजा गया है।

### कोयला लदे ट्रक को पुलिस ने किया जब्त

**लिट्टीपाड़ा(पाकुड़):** थाना क्षेत्र के लिट्टीपाड़ा हिरणपुर मुख्य सड़क जोबोडीह के समीप सोमवार देर शाम को पुलिस ने कोयला लदा एक ट्रक को जब्त कर थाना लाया। जानकारी के अनुसार ट्रक संख्या एनएल 01 एसी 5882 लातेहार मगद से कोयला लोड कर फरक्का जा रहा था कि जोबोडीह के समीप पुलिस ने ट्रक को जांच के लिए रोका और चालक से कागजातों की मांग की। कागजात संतोषजनक नही पाए जाने पर ट्रक को थाना लाया गया। प्रभारी थाना प्रभारी अनिल कुमार पंडित ने बताया कोयला लदा ट्रक को जांच के लिए थाना लाया गया है। कागजातों की जांच के लिए माइनिंग को लिखा गया है। जांच के बाद आगे की करवाई किया जाएगा।

### आयुष जांच शिविर में 59 लोगों के स्वास्थ्य की हुई जांच

**पाकुड़:** पाकुड़ प्रखंड के ईलामी एवं हिरणपुर प्रखंड के करनडंगा में आयुष विभाग की ओर से मंगलवार को आयुष कैंप लगाकर कुल 59 लोगों का स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवा दिया गया। डॉ० अबूतालिब शेख एवं डॉ लवकुश यादव ने बताया की इस कैंप में आज रक्तचाप, मधुमेह, जॉइंट पेन, गठिया, बच्चों से संबंधित आदि रोगों का जांच निःशुल्क किया गया। साथ ही सभी को मुफ्त दवा भी दी गई। वहीं शिविर में आने वाले मरीजों को शुगर, ब्लड प्रेशर का भी जांच की गई।

### पोषण ट्रेकर एप को लेकर एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**हिरणपुर(पाकुड़):** मंगलवार को घाघरजानि स्थित प्रखण्ड कार्यालय सभागार में पोषण ट्रेकर एप्प को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुई। जिसमें सभी आंगनवाड़ी सेविकाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण में प्रबन्धक इबादत हुसैन ने सेविकाओं को जानकारी देते हुए बताया कि इस एप्प की आवश्यकता सभी सेविकाओं की है।जिसमे आंगनवाड़ी से सम्बंधित सभी लाभार्थी धातृ माता , बच्चे व कुमारियों की आधार व मोबाइल नम्बर की सत्यापन व ईकेवाईसी किया जाना है।

# सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में डीपीएस का शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम, विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**देशप्राण संवाददाता**

**पाकुड़, 13 मई :** सीबीएसई की बारहवीं कक्षा का साइंस और आट्र्स का रिजल्ट मंगलवार को घोषित कर दिया गया है। इस परीक्षा में दिल्ली पब्लिक स्कूल पाकुड़ के 29 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दिया था। डीपीएस के सभी 29 बच्चों ने सफलता हासिल किया। वही डीएवी पब्लिक स्कूल के कुल 33 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दिया था। दिल्ली पब्लिक स्कूल के 12वीं के विज्ञान वर्ग के ध्रुबा ज्योति पॉल 93 % अंक लाकर प्रथम स्थान, आदित्य राज 87% प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर और सक्षम मिश्रा (77%) अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान हासिल किया। वाणिज्य वर्ग के रुपेश ठाकुर ने विद्यालय में 81.4% अंक प्राप्त कर प्रथम, अमन हासमी (79.4%) द्वितीय तथा रितिका भगत (65%) तृतीय स्थान पर रहे । वहीं 10 वीं के परिणामों में ओम भगत (97.6%) अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान, अभिनव कुमार (96.8%) अंक प्राप्त कर द्वितीय एवम् कुमार अंश(95%) अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय के निदेशक अरुणेंद्र कुमार ने बच्चों की सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, समस्त शिक्षकगणों, अभिवाकगणों एवम् छात्र छात्राओं को बधाई दी और आशा व्यक्त की कि सभी बच्चे अपने परिवार, विद्यालय और जिले साथ ही अपने देश का नाम भी रौशन करेंगे। डीपीएस पाकुड़ के प्रधानाचार्य जे के शर्मा ने सभी छात्र-छात्राओं को उनकी सफलता पर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। महेशपुर पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय तेलियापोखर में साइंस और आट्र्स में शत प्रतिशत रिजल्ट हुआ है। साइंस में कुल 34 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था। जिसमें 34 उत्तीर्ण हुए हैं। सुमेरा तब्बसूम, कुल अंक 443- 88.6%, पंकज कुमार पाल- कुल अंक 421- 84.2%, प्रेम कुमार भगत- कुल अंक 421-84.2%, शिवप्रसाद सिंह, कुल आंख 411- 82.2%, सुशील रविदास, कुल अंक 383-76 6%, पवन कुमार पाल, कुल अंक 382- 76.4%, अपने विद्यालय में साइंस में टॉप करने वाली सुमेरा तब्बसूम के पिता मो. शमीम अंसारी हैं। उनकी माता हाजरा बानो- हिरणपुर की हैं। अपनी सफलता का श्रेय सुमेरा तब्बसूम अपने माता-पिता तथा शिक्षक को देती हैं। आगे पढ़ाई कर सुमेरा तब्बसूम डॉक्टर बनने की ख्वाहिश रखती है। पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय तेलियापोखर में साइंस में अपने विद्यालय में दुसरा स्थान प्राप्त करने वाले पंकज कुमार पाल के पिता महावीर पाल हैं। उनकी माता गौरी देवी-पाकुड़ हैं। अपनी सफलता का श्रेय पंकज कुमार पाल अपने अभिभावक तथा विद्यालय के शिक्षकों को देते है। आगे पढ़ाई कर पंकज कुमार पाल इंजिनियर बनकर लोगों की सेवा करने की ख्वाहिश रखता है।

जवाहर नवोदय विद्यालय तेलियापोखर साइंस में अपने विद्यालय में संयुक्त रुप से दुसरा स्थान प्राप्त करने वाले प्रेम कुमार भगत के पिता सूरज कुमार भगत हैं। उनकी माता सरिता देवी-पाकुड़िया हैं। अपनी सफलता का श्रेय प्रेम कुमार भगत अपने अभिभावक तथा विद्यालय के शिक्षकों को देते है। आगे पढ़ाई कर प्रेम कुमार भगत इंजिनियर बनकर लोगों की सेवा करने की ख्वाहिश रखता है। पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय तेलियापोखर में साइंस में अपने विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले शिवप्रसाद सिंह के पिता माधव कुमार सिंह हैं। उनकी माता बेबी कुमारी- महेशपुर हैं। अपनी सफलता का श्रेय शिवप्रसाद सिंह अपने अभिभावकों तथा विद्यालय के शिक्षकों व सहपाठियों को देते है। आगे पढ़ाई कर शिवप्रसाद सिंह एनडीए में आर्मी ऑफिसर बनकर देश की सेवा करने की ख्वाहिश रखता है।

**सीबीएसई साइंस 12वीं के जिला टॉपर**

| | | |
|---|---|---|
| ध्रुव ज्योति पाल | - डीपीएस | - 93.00 फीसद |
| अर्जुन साहा | - एलीट पब्लिक स्कूल | - 89.40 फीसद |
| सुजय पांडेय | - एलीट पब्लिक स्कूल | - 87.00 फीसद |
| सगनिक पात्रा | - एलीट पब्लिक स्कूल | -86.00 फीसद |
| अदिति कुमारी | - डीएवी | -84.80 फीसद |
| तमन्ना रैहान | - डीएवी | - 84.60 फीसद |
| दीप्ति प्रिया | - एलीट पब्लिक स्कूल | - 83.00 फीसद |
| मरीनल हेंब्रम | - एलीट पब्लिक स्कूल | - 81.80 फीसद |
| ऋचा कुमारी | - एलीट पब्लिक स्कूल | - 81.20 फीसद |
| हरिओम भारती | - एलीट पब्लिक स्कूल | - 80.80 फीसद |
| सत्यम कुमार ओझा | - डीएवी | - 84.80 फीसद |
| युवराज उपाध्याय | - डीएवी | - 83.20 फीसद |
| अहसान जमील | - डीपीएस | - 81.00 फीसद |

**सीबीएसई 12वीं कार्मस टॉप टेन**

| | | |
|---|---|---|
| जिज्ञासा मिश्रा | - डीएवी | - 91.00 प्रतिशत |
| कृष्णा घवरी | - डीएवी | - 90.00 प्रतिशत |
| शिवानी सिंह | - डीएवी | - 89.00 प्रतिशत |
| रूपेश ठाकुर | - डीपीएस | - 81.40 प्रतिशत |
| अमन हासमी | - डीपीएस | - 79.40 प्रतिशत |
| चेतन दत्ता | - एलीट पब्लिक स्कूल | - 78.40 प्रतिशत |
| अंजली कुमारी | - एलीट पब्लिक स्कूल | - 78.20 प्रतिशत |
| श्रेया कुमारी | - एलीट पब्लिक स्कूल | - 74.40 प्रतिशत |
| रितिका भगत | - डीपीएस | - 64.60 प्रतिशत |

## कुंआ में महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी

**देशप्राण संवाददाता**

**गोड्डा 13 मई :** ठाकुरगंगटी थाना अंतर्गत अमरपुर गांव में आज एक कुआं से महिला का शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार गांव के ही 27 वर्षीय सारबीन खातुन अपने घर से शनिवार दोपहर से गायब थी जहां ससुराल वालों ने काफी खोजबीन की पर कुछ नहीं पता चल पाया। बताया गया कि मंगलवार की सुबह घर के बगल के कुआं में जब गांव वालों ने महिला की लाश को तैरता देखा तो इसकी सूचना पूरे गांव में आग की तरह फैल गई जहां काफी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए और मामले की सूचना स्थानीय थाना को दी गई । सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंह घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की जानकारी ली और लाश को कुएं से बाहर निकलवाया। ग्रामीणों ने बताया कि शव के कुआं से बाहर निकाले जाने के बाद शव से आ रही बदबू से लोग दूर भागने लगे। मौके पर पहुंचे पंचायत के मुखिया पति मोहम्मद असदुल्ला अंसारी ने मृत महिला के परिजनों को इसकी जानकारी दी सूचना मिलते ही मायके वालों ने मृतिका के घर पहुंचे और मृतका के पिता आलमगीर अंसारी ने ठाकुरगंगटी थाने में मृतका के पुत्री का पूर्व से ही दिमागी हालत ठीक नहीं होने की लिखित जानकारी देते हुए बताया कि घटना में किसी का कोई दोष नहीं है। मालूम हो कि मृतिका के पति फैयाज मुंबई में रहकर मजदूरी करने का काम करते है जो सोमवार की रात्रि अपने घर अमरपुर लौटे थे जहां अपनी पत्नी की गायब की सूचना को पाकर काफी खोजबीन में लगे हुए थे।

## बाल आधार कार्ड बनाने के लिए जिले के सात आंगनबाड़ी केंद्रों में कैंप आयोजित

**देशप्राण संवाददाता**



**पाकुड़, 13 मई :** जिला प्रशासन के द्वारा अब प्रखंड स्तर पर भी बच्चों के आधार (बाल आधार) बनाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन के सहयोग से बच्चों के आधार बनाने का काम निःशुल्क किया जा रहा है। बच्चों के पास आधार कार्ड नहीं होने के कारण छात्रवृत्ति का लाभ एवं अन्य योजना लेने में कठिनाई होती हैं। इसको लेकर अमड़ापाड़ा प्रखंड अंतर्गत पचुआड़ा पंचायत के पचुआड़ा टोला आंगनबाड़ी केंद्र, अमड़ापाड़ा संथाली पंचायत के अमड़ापाड़ा बाजार आंगनबाड़ी केंद्र, अमड़ापाड़ा हरिजन टोला 1 आंगनबाड़ी केंद्र, हिरणपुर प्रखंड अंतर्गत डांगापाड़ा पंचायत के डांगापाड़ा 1 आंगनबाड़ी केंद्र, बागशीशा पंचायत के बागशीशा 1 आंगनबाड़ी केंद्र, धोवाडांगा पंचायत के धोवाडांगा 1 आंगनबाड़ी केंद्रों के सभी बच्चों को बाल आधार कार्ड बनवाने को लेकर बाल आधार कैंप का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य सभी बच्चों को आधार कार्ड बनाने का था। शिविर में जिले के विभिन्न प्रखंड कार्यालय में कार्यरत आधार ऑपरेटर ने मौके पर बच्चों का नया आधार बनाया। वहीं शिविर में मौजूद कर्मचारियों ने लोगों को आधार कार्ड से जुड़ी सभी जानकारी दी और उनकी समस्याओं का समाधान किया।

## साहिबगंज के जन सेवक के आकस्मिक निधन पर शोक की लहर

**देशप्राण संवाददाता**



**साहिबगंज, 13 मई :** साहिबगंज प्रखण्ड में पदस्थापित जनसेवक नीरज कुमार वर्मा का समुचित इलाज के आभाव में आकस्मिक निधन हो जाने का मामला प्रकाश में आया है।इस बाबत नीरज कुमार वर्मा की धर्मपत्नी रिंकी कुमारी के अनुसार वे 49 वर्ष के थे। साहिबगंज प्रखण्ड से पूर्व स्व. वर्मा उधवा प्रखण्ड में पदस्थापित थे। उधवा प्रखण्ड से पिछले सात महीने से उन्हें वेतन नहीं मिला था। वेतन न मिलने के कारण वे आर्थिक और मानसिक रूप से काफी परेशान हो रहे थे। इसी दौरान उन्हें किडनी से संबंधित बीमारी हो गई और वे डाईलेसिस पर आ गए। काफी बीमार होने की स्थिति में भी वह उधवा प्रखंड के आतापुर पंचायत में आवास योजना से संबंधित सभी कार्य करते रहे थे, और वेतन के लिए लगातार व्यक्तिगत रूप से प्रखण्ड कार्यालय में जाकर गुहार भी लगाते रहे। अनुरोधोंपरांत अंत में उप विकास आयुक्त, साहिबगंज के द्वारा उनका स्थानांतरण विगत अप्रैल के अंतिम सप्ताह में प्रखण्ड साहिबगंज कर दिया गया था। उन्होंने बतायी कि मार्च महीने में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, उधवा के द्वारा काफी राशि सरेंडर कर दिया गया था वावजूद कर्मचारियों को बकाया वेतन नहीं दिया गया था। जिसके कारण उनका समुचित इलाज भी नहीं हो पा रहा था। बता दें कि स्व. वर्मा अपने पीछे पत्नी समेत एक बारह वर्षीय पुत्र एवं एक छः वर्षीय पुत्री को छोड़ गए हैं। उनके निधन की खबर सूनकर साहिबगंज प्रखण्ड एवं जनसेवक संवर्ग शोकाकुल हो गया। वही प्रखण्ड विकास पदाधिकारी साहिबगंज के द्वारा दो मिनट का सामूहिक मौन सभा का भी आयोजन किया गया और उनके आत्मा की शांति तथा परिवार को इस विकट परिस्थिति में सहनशक्ति प्रदान करने के लिए प्रार्थना की। वही आकस्मिक निधन से संबंधित जानकारी स्वर्गीय नीरज कुमार वर्मा की धर्मपत्नी रिंकी कुमारी के द्वारा साहिबगंज उपायुक्त को भी मंगलवार को लिखित रूप से दिया गया है।

## व्यवसायी हत्याकांड मामले के मुख्य अभियुक्त गिरफ्तार

**साहिबगंज :** साहिबगंज के चर्चित व्यवसायी हत्याकांड के मुख्य अभियुक्त को साहिबगंज पुलिस ने पकड़ने में सफलता हासिल किया है। इस बाबा मंगलवार को साहिबगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से बताया कि साहिबगंज चैती दुर्गा मंदिर के समीप स्थित जी एस इलेक्ट्रॉनिक के संचालक संजीव कुमार साह उर्फ गुड्डू की हत्या दुकान में घुसकर अज्ञात नकाबपोशों के द्वारा गोली मारकर हत्या कर दिया गया था। जिसके आलोक में साहिबगंज पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह के निर्देश पर एसआईटी टीम का गठन करते हुए जहां घटना में शामिल पांच अभियुक्त को पुलिस ने तत्परता से पकड़कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं उक्त घटना के मुख्य अभियुक्त पंकज कुमार



मंडल पिता नवल किशोर मंडल उमर 42 वर्ष कॉलेज रोड चैती दुर्गा साहिबगंज को भी गिरफ्तार कर मंगलवार को पुलिस ने मुख्य अभियुक्त पंकज मंडल को शहर में पैदल घुमाकर थाना लेकर आई। इस बाबत पूछताछ के दौरान पंकज कुमार मंडल के स्वीकारोक्ति बयान में यह भी बातें सामने आई की आपसी रंजिश के कारण 100000 देकर संजीव कुमार गुप्ता उर्फ गुड्डू को जान से मारने की सुपारी दी गई थी, साथ ही साथ शुटरों को हथियार भी पंकज कुमार मंडल के द्वारा उपलब्ध कराया गया था।

# जनता की समस्याओं पर तत्परता से कार्य करें अधिकारी : उपायुक्त

**देशप्राण संवाददाता**



**साहिबगंज, 13 मई :** साहिबगंज कार्यालय प्रकोष्ठ में मंगलवार को जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी।और यथाशीघ्र समाधान हेतु संम्बधित अधिकारी को निर्देशित किया है। जनता दरबार में जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया।इस बाबत उपायुक्त हेमंत सती ने लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी। साथ ही उनके सामाधान को लेकर उन्हें आश्वस्त कराया। एवं संज्ञान में आए हुए शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान करने की बात कहें है। गौरतलब है कि जनता दरबार के दौरान शिकायत के रूप में आए आवेदन विभिन्न विभागों व योजना से संबंधित रहे। जनता दरबार में शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को उनका समाधान करने को लेकर निर्देशित किया। सभी आवेदनों की भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें।

### +2 हाई स्कूल अमड़ापाड़ा में समर कैम्प का हुआ आयोजन

**पाकुड़:** जिले में प्रोजेक्ट संपूर्णा झारखण्ड सरकार द्वारा संचालित एक सामाजिक एवं भावनात्मक शिक्षण पद्धति आधारित कार्यक्रम है। जिसका मुख्य उद्देश्य राज्य के विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित विद्यालयों में कहानी कहने और माइंडफुलनेस जैसी गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में आत्म-जागरूकता, आत्मविश्वास, आत्मसम्मान, निर्णय लेने की क्षमता, टीम वर्क, समस्या समाधान, विकास की मानसिकता और समानुभूति जैसे नौ महत्वपूर्ण जीवन कौशलों का विकास लक्षित है। वर्तमान में, चयनित विद्यालयों में शिक्षक 'हर्ष जोहार' शिक्षक पुस्तिका एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से इन कौशलों के विकास में सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं।

## खबर कोना

### सेनानियों की भावना और समाज के भविष्य के साथ धोखा

**गोड्डा :** स्थानीय कारगिल चौक स्थित सिद्धू-कान्हू जैसे महान स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमा के पीछे विदेशी शराब को हटाने की मांग अब जोर पकड़ने लगी है । स्थानीय लोगों का कहना है कि यह दुकान यह सिर्फ एक दुकान नहीं बल्कि समाज के नैतिक पतन का प्रतीक बन चुकी है। लोगों ने बताया कि उक्त शराब की दुकान रात 10 बजे के बाद भी खुली रहती है।लोग दबी जुबान से बताते हैं कि दुकान कागज पर बंद है लेकिन धंधा खुलेआम जारी है! सबसे अहम बात यह है कि लोग दुकान के सामने ही लोग शराब पीते हैं जबकि आसपास के किताबों की दुकान पर छोटे-छोटे बच्चे आते हैं जिसका सिधा उन बच्चों पर पड़ता है। बताते हैं कि कुछ दुकानदारों द्वारा शराब दुकान का विरोध करने पर उनके साथ बदसलूकी की जाती है। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि सिद्धू कानू प्रतिमा स्थल के आसपास नशेड़ियों के अड्डा बाजी से महिलाओं का उधर जाना मुश्किल हो गया है जबकि शराब दुकान के आसपास दर्जनों दुकानें भी हैं। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा है कि शहर का मुख्य चौक कारगिल चौक से उक्त दुकान को तत्काल बंद किया जाए जिससे आम लोगों के साथ-साथ बच्चों का जीवन प्रभावित नहीं हो सके। लोगों का कहना है कि यह सिर्फ नियमों का उल्लंघन नहीं बल्कि सिद्धू-कान्हू जैसे सेनानियों की भावना और समाज के भविष्य के साथ धोखा है तथा सिद्धू-कान्हू की प्रतिमा के अपमान को अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### कोटालपोखर के ग्रामीणों ने सीओ से जमीन चिन्हित करने की मांग की

**बरहरवा (साहिबगंज) :** कोटालपोखर के स्थानीय लोगों ने एक संयुक्त ग्रामीण आवेदन बरहरवा अंचल अधिकारी राम जी वर्मा को देते हुए पाकुड़ बरहरवा दिग्घी एन एच 80 लिंक पथ के तहत अधिग्रहण किए गए जमीन को चिन्हित करने का मांग किया है। प्रेषित आवेदन के माध्यम से उन्होंने बताया कि पाकुड़ बरहरवा दिग्घी रोड एनएच 80 लिंक पथ निर्माण अंतर्गत जो कोटालपोखर बाजार में ग्रामीणों का जमीन अधिग्रहण किया गया है, उस जमीन का चौड़ीकरण का मापी कर सीमांकन किया जाए, ताकि हम ग्रामीण ससमय स्वेछा से अपनी अपनी मकान को खाली करवा सके। जिससे न ही स्थानीय प्रशासन को परेशानी होगी और ना ही हम ग्रामीणों को खाली करने में असुविधाएं होगी। प्रेषित आवेदन में मुख्य रूप से त्रिवेणी प्रसाद साह, विनोद भगत, रोहन भंडारी, महमूद आलम, अमित भगत, जयप्रकाश साह, सोनू गुप्ता, धीरेंद्र प्रसाद जायसवाल, संतोष कुमार साह, मनोज कुमार अग्रवाल, सुभाष चंद्र साह, सरिता देवी, विश्वनाथ साह, दिनेश कुमार, राजकुमार साह सहित अन्य का हस्ताक्षर दर्ज है।

### जनता दरबार पहुंचे लोगों के मामलों पर अपर समाहर्ता ने की सुनवाई

**पाकुड़:** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में मंगलवार को उपायुक्त मनीष कुमार के निर्देश पर अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन ने आयोजित जनता दरबार में आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। अपर समाहर्ता ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में कृषि ऋण माफी योजना से संबंधित, अबुआ आवास से संबंधित, एवं रोजगार आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे।

### सीबीएसई 10वीं परीक्षा में ज्ञानस्थली ने अपना दबदबा रखा बरकरार

**गोड्डा :** सीबीएसई की 10वीं बोर्ड में इस वर्ष भी ज्ञानस्थली कोचिंग क्लासेस के बच्चों ने अपने शानदार प्रदर्शन से संस्थान का दबदबा बरकरार रखा है। ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल के निदेशक समीर कुमार दुबे ने बच्चों के शानदार परिणाम पर हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि मेही प्रिया ने सर्वाधिक 94 प्रतिशत के साथ संस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्नेहा मंडल दूसरे स्थान पर रही तथा अदिति रानी और मोहम्मद वकार आलम तीसरे स्थान पर रहे । 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्रों की संख्या 09 है जिसमें मेही प्रिया, स्नेहा मंडल,अदिति रानी,वकार आलम, शम्स जुलकर नैन अंसारी, सत्यम राज, रिया कुमारी, ऋचा सुमन तथा सूरज कुमार शामिल है तथा 85 प्रतिशत से 89 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या 10 है वही 80 प्रतिशत से 84 प्रतिशत के बीच अंक लाने वाले छात्रों की संख्या 21 है। इस प्रकार 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्रों की संख्या 40 है जबकि 75 प्रतिशत से 79 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या 15 है। 70 प्रतिशत से 74 प्रतिशत के बीच अंक लाने वाले छात्रों की संख्या 17 है इस प्रकार 70 प्रतिशत से ऊपर अंक लाने वाले छात्रों की संख्या 72 है शेष छात्र 70 प्रतिशत से नीचे अंक प्राप्त किये । संस्थान के निर्देशक ने बताया कि छात्र-छात्राओं ने सफलता हासिल कर ज्ञान स्थली कोचिंग क्लासेस का कीर्तिमान बरकरार रखा है । कहा की विद्यालय प्रबंधन का प्रयास रहा है की बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य लाभकारी क्रियाकलापों में भी अनुशासन में रखते हुए एक अच्छे संस्कार के साथ आगे बढ़ावें । छात्रों के इस सफलता पर संस्थान के सलाहकार रवि रौशन दुबे, प्राचार्य गोपाल कृष्ण मिश्रा तथा उप प्राचार्य आर. एन. चौधरी के अलावा शिक्षका सुप्रिया दुबे, दिनेश मिश्रा, रफसन जानी, रतन मिश्रा, गुलाम मोहम्मद, अंबिका गोस्वामी, खेल शिक्षक कुमार आनंद, रवि चंद्र गुप्ता, शिव शरण झा, आलोक कुमार, दयानंद शाह, मथुरा नंद ठाकुर, देवनंदन, मनोवर आलम आदि ने सभी सफल छात्र-छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

# छत्तीसगढ़ के सुकमा में 16 लाख के इनामी 14 हार्डकोर नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

एजेंसी

**सुकमा, 13 मई :** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के दक्षिण बस्तर डिवीजन में सक्रिय 05 महिला नक्सली सहित कुल 14 हार्डकोर नक्सलियों ने मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधीक्षक किरण चौहान ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि आत्मसमर्पित 05 महिला, 03 पुरूष नक्सली पर 02-02 लाख, कुल 16 लाख रुपए के इनाम घोषित है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन की 'छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण पुनर्वासनीति' एवं 'नियदनेल्लानार' योजना से प्रभावित होने और पुलिस के बढ़ते प्रभाव व बाहरी नक्सलियों के द्वारा भेदभाव करने के साथ स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर नक्सली संगठन में सक्रिय 14 नक्सलियों के द्वारा आत्मसमर्पण किया गया है।



आत्मसमर्पित नक्सलियों में दो-दो लाख के इनामी 37 वर्षीय कुहरम भीमा (कटेकल्याण एरिया कमेटी पार्टी सदस्य, जंगमपाल पंचायत डीएकेएमएस अध्यक्ष) निवासी जंगमपाल पटेलपारा थाना कुकानार जिला सुकमा, तेलाम हिड़मा (55 वर्ष) (नगाराम आरपीसी डीएकेएमएस अध्यक्ष) निवासी केरलापेंदा (केड़वाल) थाना चिंतलनार जिला सुकमा, महिला माड़वी (30 वर्ष ), प्लाटून नम्बर 26 पार्टी सदस्या निवासी नागाराम डब्बापारा थाना चिंतलनार जिला सुकमा, महिला पोड़ियाम (20 वर्ष), प्लाटून नम्बर 26 पार्टी सदस्या निवासी नागाराम ताड़पारा थाना चिंतलनार जिला सुकमा, महिला माड़वी मंगड़ी (30 वर्ष), पेद्दाबोड़केल आरपीसी केएमएस, निवासी तिम्मापुरम सेन्नेपारा थाना चिंतलनार जिला सुकमा, सोड़ी सोना (33 वर्ष) गोलापल्ली एलओएस पार्टी सदस्य निवासी गोटोड़ नेण्डूमपारा जिला बीजापुर हाल कयैर दुलेड़ थाना चिन्तागुफा जिला सुकमा, महिला मड़कम हुंगी (25 वर्ष) दक्षिण बस्तर डिवीजन सीएनएम पार्टी सदस्य, निवासी तिम्मापुरम थाना चिंतलनार जिला सुकमा, महिला रवा लख्खे (35 वर्ष) नागाराम आरपीसी केएमएस अध्यक्ष निवासी केरलापेन्दा केडवाल थाना चिन्तलनार जिला सुकमा शामिल हैं।

इनके साथ 50 वर्षीय गोंगे उर्फ सरियम आयता, पालाचलमा आरपीसी मिलिशिया निवासी पालाचलमा थाना किस्टाराम जिला सुकमा, 32 वर्षीय सोड़ी केसा, कंचाल आरपीसी मिलिशिया सदस्य, निवासी कंचाल बड़ापारा थाना पामेड़ जिला बीजापुर, 28 वर्षीय कुंजाम गंगा, साकलेर आरपीसी मिलिशिया सदस्य, निवासी साकलेर थाना किस्टाराम जिला सुकमा, 30 वर्षीय माडवी मूका, साकलेर आरपीसी मिलिशिया सदस्य, निवासी साकलेर कोयाबुण्डा थाना किस्टाराम जिला सुकमा, 45 वर्षीय माड़वी देवा उर्फ पाड़ा देवा पालागुड़ा आरपीसी डीएकेएमएस उपाध्यक्ष, निवासी गोमगुड़ा पोड़ियापारा थाना पामेड़ जिला बीजापुर तथा तेलाम पोज्जा, नागाराम आरपीसी मिलिशिया सेक्शन 'डिप्टी कमाण्डर, निवासी केरलापेंदा थाना चिंतलनार जिला सुकमा ने भी आत्म समर्पण किया है। इन सभी नक्सलियों ने आज सुकमा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी किरण चव्हाण, धनसिंह बिष्ट, कमाण्डेन्ट 226 वाहिनी सीआरपीएफ, बिरेन्द्र कुमार खंतवाल, द्वितीय कमान अधिकारी, 226 वाहिनी सीआरपीएफ, सुरेश सिंह पायल, द्वितीय कमान अधिकारी, डीआईजी रेंज सीआरपीएफ सुकमा, नीरसिंह मीणा, द्वितीय कमान अधिकारी, 217 वाहिनी सीआरपीएफ, मौली मोहन कुमार द्वितीय कमान अधिकारी, 131 वाहिनी सीआरपीएफ, अनामी शरण द्वितीय कमान अधिकारी, 02 वाहिनी सीआरपीएफ, तेज कुमार सिंह सहायक कमान अधिकारी, 223 वाहिनी सीआरपीएफ, उमेश प्रसाद गुप्ता, अति. पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स सुकमा, मनीष रात्रे, उप पुलिस अधीक्षक नक्सल अभियान सुकमा एवं सुरेन्द्र सरकी, 203 वाहिनी कोबरा, के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया।

उक्त सभी आत्मसमर्पित नक्सलियों को शासन की 'छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति-2025' के तहत 50-50 हजार रुपए के मान से प्रत्येक को प्रोत्साहन राशि व कपड़े प्रदान किया गया एवं अन्य सुविधा प्रदान की जाएगी।

## खबर कोना

### सागरमाथा संवाद में 175 विदेशी मेहमान लेंगे भाग

आशुतोष झा, देश प्राण



**काठमांडू :** सागरमाथा वार्ता में 175 विदेशी प्रतिनिधियों के भाग लेने का कार्यक्रम है। मंगलवार को सिंह दरबार में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में विदेश मंत्री डॉ. अर्जुन राणा देउबा ने बताया कि सागरमाथा संवाद में 175 विदेशी मेहमान भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि इस संवाद में 350 लोग भाग लेंगे। बताया जा रहा है कि सागरमाथा संवाद में संसदीय उपाध्यक्ष से लेकर मंत्री तक शामिल होंगे। बताया गया है कि वार्ता में भाग लेने वाले उच्चस्तरीय विदेशी प्रतिनिधियों के लिए प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली से शिष्टाचार भेंट करने तथा अपने समकक्षों के साथ बैठक करने की व्यवस्था की गई है। मंत्री राणा के अनुसार, वार्ता की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने तैयारी के तौर पर लगभग 10 पूर्व-वार्ता कार्यक्रम आयोजित किये हैं। इनमें जुमला में 'हिमाली डायलॉग', काठमांडू में 'वायु संवाद' और 'प्री संवाद' शामिल हैं। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली तीन दिवसीय संवाद कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। विदेश मंत्री डॉ. राणा ने बताया कि अतिथियों के स्वागत का कार्यक्रम होगा तथा संवाद का परिचय देने वाला एक वीडियो भी प्रस्तुत किया जाएगा। इसी प्रकार, चीन और भारत के प्रतिनिधियों के साथ-साथ सीओपी 29 के अध्यक्ष और अजरबैजान के राष्ट्रपति के जलवायु दूत द्वारा विशेष संबोधन दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस वार्ता में 12 विषयों पर चर्चा होगी, जिनमें तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस से नीचे सीमित रखना, पर्वतीय अर्थव्यवस्था को बनाए रखना, द्वीपों पर नुकसान और क्षति, तथा लैंगिक और अंतर-पीढ़ीगत समानता शामिल हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जलवायु और पर्वतीय मुद्दों पर क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग पर केंद्रित चर्चा करना है।

### सिंगापुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में फिल्म चम्पारण सत्याग्रह का जलवा बरकरार

**पूर्वी चंपारण :** युवराज मीडिया एण्ड एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित, डा. राजेश अस्थाना की बहुचर्चित फिल्म 'चम्पारण सत्याग्रह' नेपाल, बांग्लादेश, म्यांमार (वर्मा) के बाद विदेश की धरती पर सिंगापुर लायंस इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2025 में देश विदेश की 8,575 फिल्मों के बीच बेस्ट डायरेक्टर ऑफ द ईयर (रियलिस्टिक फिल्म) समेत छः अवॉर्ड बेस्ट डायरेक्टर ऑफ द ईयर (रियलिस्टिक फिल्म), बेस्ट डायरेक्टर, बेस्ट फिल्म, बेस्ट स्क्रीनप्ले, बेस्ट एडिटर एवं बेस्ट सिनेमेटोग्राफर फिल्म चम्पारण सत्याग्रह ने अपने नाम किया है। इस संदर्भ में सर्टिफिकेट जारी होने पर आयोजन समिति के कोऑर्डिनेटर फि ल्म फेस्टिवल जंक्शन, इंडिया ने ईमेल पर सूचना देते हुए बधाई दी है। उल्लेखनीय है,कि फिल्म फेस्टिवल बिहार महोत्सव दिल्ली, गोवा इंटरनेशनल फिल्म कंप्टीशन गोवा, नेपाल विंग्स इंटरनेशनल क्रिटिक्स फिल्म फेस्टिवल का छठा आयोजन, स्वर्ण भारत इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल मुम्बई, बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल मुम्बई, कन्याकुमारी इंटरनेशनल फिल्म अवार्ड का छठा आयोजन, छठे क्राउन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल बंगलादेश एवं म्यांमार (वर्मा) इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में बिहार की फि ल्म चम्पारण सत्याग्रह ने दर्जनों अवॉर्ड अपने नाम कर एक कीर्तिमान स्थापित किया है। बिहार की फि ल्म चम्पारण सत्याग्रह के इतने सारे अवार्ड जीतने के पश्चात फि ल्म के अभिनेता व निर्देशक डा. राजेश अस्थाना ने बताया कि यह अवार्ड चम्पारण सत्याग्रह से जुड़े सभी स्वतंत्रता सेनानियों और उनके परिवार के साथ साथ मेरी सम्पूर्ण टीम को समर्पित है।

# चुनाव आयोग ने सुलझाई 20 साल पुरानी समान एपिक नंबरों की समस्या

**नई दिल्ली :** चुनाव आयोग (ईसीआई) ने मतदाता सूची को ठीक और अपडेट रखने के अपने प्रयासों के तहत पिछले लगभग 20 वर्षों से लंबित एपिक (मतदाता फोटो पहचान पत्र) नंबरों से जुड़ी जटिल समस्या का समाधान कर लिया है। गलती से अलग-अलग निर्वाचन क्षेत्रों में वैध मतदाताओं को एक जैसे एपिक नम्बर जारी हो गए थे। आयोग के सूत्रों के अनुसार 2005 से एपिक नम्बर के लिए विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में विधानसभा क्षेत्रों के आधार पर अलग-अलग 'अल्फान्यूमेरिक' सीरीज इस्तेमाल की जा रही थीं। 2008 में परिसीमन के बाद इन सीरीज को




बदला गया। हालांकि कुछ क्षेत्रों में पुराने सीरीज या टाइपो में त्रुटियों के कारण गलत सीरीज का उपयोग होता रहा। जमीनी स्तर पर सत्यापन में यह स्पष्ट हुआ कि समान एपिक नंबर वाले सभी मतदाता अलग-अलग निर्वाचन क्षेत्रों और मतदान केंद्रों के वैध और वास्तविक मतदाता थे। अब सभी ऐसे मतदाताओं को नए एपिक नंबर के साथ नए पहचान पत्र जारी कर दिए गए हैं। सूत्रों ने स्पष्ट किया है कि एपिक नंबर की समानता से किसी भी मतदाता को दूसरे केंद्र पर मतदान करने का अधिकार नहीं मिला और न ही इससे किसी चुनाव के परिणाम प्रभावित हुए। यह कदम केवल चुनावी पारदर्शिता बढ़ाने और भविष्य में ऐसी किसी भ्रम की स्थिति से बचने के लिए उठाया गया है। इस समस्या के समाधान के लिए देशभर के 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) ने 4123 विधानसभा क्षेत्रों के 10.5 लाख से अधिक मतदान केंद्रों में फैली 99 करोड़ से अधिक मतदाताओं की पूरी चुनावी सूची की जांच की। औसतन एक मतदान केंद्र में 1000 मतदाता हैं। जांच के दौरान पाया गया कि हर चार मतदान केंद्रों में औसतन एक ही ऐसा मामला था, जहां एपिक नंबर समान थे।

# भाजपा तमिलनाडु में 4 चरणों की यात्रा आयोजित करेगी

**चेन्नई, 13 मई (हि.स.) :** भाजपा की राज्य इकाई आतंकवादी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए भारतीय सेना और प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार व्यक्त करने को लेकर तमिलनाडु में चार चरणों में यात्रा आयोजित करेगी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय सशस्त्र बलों के दृढ़ नेतृत्व को उजागर करने के लिए अगले कुछ दिनों में राज्य भर में बड़े पैमाने पर तिरंगा यात्राएं आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। ये यात्राएं चार चरणों में की जाएंगी।



1. 14 मई को राज्य की राजधानी चेन्नई में। 2. 15 मई को अन्य प्रमुख शहरों में। 3. 16 और 17 मई को अन्य जिला और कस्बों में। 4. यह निर्णय लिया गया है कि 18 से 23 मई तक विधानसभा क्षेत्रों और तालुकों के कस्बों और बड़े गांवों में राष्ट्रीय ध्वज के साथ जुलूस निकाला जाएगा। इसके लिए नेतृत्व से लगातार दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। जनता से भी इस यात्रा में शामिल होने की अपील की गई है।

# सच्चा सशक्तीकरण व्यक्तियों का हाथ थामकर संभव होता है : उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली, 13 मई (हि.स.) :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि किसी व्यक्ति को मुफ्त में कुछ देकर उसकी जेब भरना, सच्चा सशक्तीकरण नहीं है। सच्चा सशक्तीकरण वह है जब आप उस व्यक्ति का हाथ थामते हैं ताकि वह खुद सशक्त हो जाए। इससे खुशी मिलती है, संतुष्टि मिलती है, आपको आंतरिक शक्ति मिलती है और आपको अपने परिवारों पर गर्व भी होता है। आज नई दिल्ली में गारो हिल्स, खासी हिल्स और जैंतिया हिल्स क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले मेघालय के स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के सदस्यों को संबोधित करते हुए धनखड़ ने



कहा कि हमारे देश का उत्तर-पूर्वी हिस्सा हमारा गहना है। 90 के दशक में, यानी लगभग तीन दशक पहले, भारत सरकार की एक नीति थी और वह नीति थी 'लुक ईस्ट'। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस नीति को एक अतिरिक्त आयाम दिया- 'लुक ईस्ट' से 'एक्ट ईस्ट'। यह कार्रवाई बहुत प्रभावी ढंग से हुई है। मेघालय पर्यटकों के लिए स्वर्ग है। प्रकृति का भरपूर उपहार है। उपराष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि मेघालय में पर्यटन, खनन, आईटी और सेवाओं के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने आर्थिक विकास और महिला सशक्तीकरण में राज्य की उपलब्धियों की सराहना की और केंद्र तथा राज्य दोनों स्तरों पर दूरदर्शी नेतृत्व को इसका श्रेय दिया। उपराष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एक दशक से अधिक समय से चल रहे शासन सुधारों और विकास की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह दूरदर्शी नेतृत्व ही है जो अधिकारियों को सही दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करता है। सौभाग्य से हमारे देश में यह पिछले एक दशक से हो रहा है और यह आपके राज्य में भी हो रहा है।

# अमेरिका में कार दुर्घटना में दो भारतीय छात्रों की मौत

**वाशिंगटन, 13 मई (हि.स.) :** अमेरिका की क्लीवलैंड स्टेट यूनिवर्सिटी के दो भारतीय छात्रों की 10 मई की सुबह लैंकेस्टर काउंटी में पेंसिल्वेनिया टर्नपाइक पर एक कार दुर्घटना में जान चली गई। न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने शोक संतप्त परिवारों को सहायता का आश्वासन दिया है। इस हादसे में एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। गल्फ न्यूज की खबर के अनुसार, स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में मृतकों की पहचान 23 वर्षीय सौरव प्रभाकर और 20 वर्षीय मानव पटेल के रूप में हुई है। पेंसिल्वेनिया स्टेट पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना रीडिंग इंटरचेंज के करीब ब्रेकनॉक टाउनशिप में माइलपोस्ट 286.5 के पास सुबह 7:08 बजे हुई। पुलिस के अनुसार, कार सड़क से उतर गई। पहले कार एक पेड़ से टकराई और इसके बाद एक पुल से टकराकर रुक गई।

आपातकालीन टीम ने पाया कि कार चला रहे प्रभाकर और पीछे की सीट पर बैठे पटेल मृत मिले। अधिकारियों के अनुसार, कार की अगली सीट पर बैठा एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। उसे स्थानीय रीडिंग अस्पताल पहुंचाया गया। लैंकेस्टर काउंटी कोरोनर के कार्यालय ने पुष्टि की है कि दोनों छात्रों की मृत्यु दर्दनाक चोटों से हुई है। पेंसिल्वेनिया राज्य पुलिस फॉरेंसिक सेवा इकाई दुर्घटना की जांच में सहायता कर रही है।

# बदरीनाथ धाम में 15 मई से शुरू होगा पुष्कर कुंभ मेला, दक्षिण भारत से पहुंचेंगे आचार्य

**देहरादून :** सरस्वती नदी के उद्गम स्थल भू-बैकुंठ बदरीनाथ धाम में 12 साल बाद 15 मई से पुष्कर कुंभ मेला आयोजित होने जा रहा है। इसके लिए दक्षिण भारत से आचार्यों का बड़ा दल बदरीनाथ धाम पहुंचेगा और यहां अनुष्ठान कर मां सरस्वती से ज्ञान प्राप्ति के लिए प्रार्थना करेगा। बदरीनाथ धाम से कुछ ही दूरी पर माणा गांव के पास सरस्वती नदी का प्रवाह क्षेत्र है जो करीब एक किलोमीटर है। दक्षिण भारतीय आचार्यों की परंपरा में यहां 12 वर्ष में एक बार पुष्कर कुंभ मेला का आयोजन होता है। बृहस्पति ग्रह 14 मई 2025 की रात 11 बजकर 20 मिनट पर मिथुन राशि में प्रवेश करेंगे, इसके अगले दिन से यानी 15 मई से पुष्कर कुंभ मेला शुरू हो जाएगा।



यह मेला 25 मई तक चलेगा। दक्षिण भारत के आचार्यों की मान्यता के अनुसार इस दिन पुष्कर कुंभ मेला का आयोजन कर मां सरस्वती से ज्ञान की प्रार्थना की जाती है। इन आचार्यों की मान्यता है कि दक्षिण के शंकराचार्य रामानुजाचार्य, माधवाचार्य और निंबा को इसी पवन स्थान पर ज्ञान प्राप्त हुआ था। यह परंपरा दक्षिण भारत आज भी निभा रहा है।

**क्या है मान्यता ?**

मान्यता है कि सरस्वती नदी के इस तट पर वेद व्यास ने महाभारत की रचना की। इसको लिखते समय सरस्वती नदी की भारी गर्जना उनका ध्यान भंग करती थी। कहते हैं कि वेद व्यास की प्रार्थना पर सरस्वती यहां स्थापित हुईं और केशव प्रयाग में विलुप्त हो गईं। इस स्थान पर श्वेत और गर्जन तर्जन से बहती नदी दिखती है लेकिन वह कहां समा जाती हैं, यह आश्चर्य में डाल देता है। यह भी मान्यता है कि आदि जगतगुरू शंकराचार्य को भी वेद व्यास ने यहां ज्ञान दिया था। उन्हीं परम्पराओं के लिए दक्षिण भारत के अभी आचार्य पंडित यहां हर 12 वर्ष में पुष्कर कुंभ में पहुंचते हैं और सरस्वती नदी के उद्गम में पुष्कर कुंभ मनाते हैं।

# छत्तीसगढ़ के 3,00,767 पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति : शिवराज

**रायपुर, 13 मई (हि.स.) :** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को बताया कि छत्तीसगढ़ के 3,00,767 पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी जा रही है। साथ ही उन्होंने छत्तीसगढ़ के किसानों को और अधिक सशक्त बनाने की बात कही। नवा रायपुर के महानदी भवन में आज प्रेस कांफ्रेंस में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर कई बड़े ऐलान किए और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने जो वादा किया था उसे निभाया है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए केंद्र से आई राशि को राज्य में पात्र हितग्राहियों तक नहीं पहुंचाया जिसके चलते लाखों जरूरतमंद परिवार घर से वंचित रह गए। उन्होंने कहा की गरीब को घर न देना एक पाप था। भाजपा ने 18 लाख प्रधानमंत्री आवास देने का वादा किया था आज हम उसे पूरा कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि कांग्रेस देश की सेना और एकता पर सवाल उठाकर राष्ट्रविरोधी रवैया अपना रही है, जो गलत है।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा की तू इधर-उधर की बात न कर बता काफिला क्यों लुटा। उन्होंने कांग्रेस की तुलना 'नाच न जाने आंगन टेढ़ा' से की और कहा कि कांग्रेस की खुद की नीयत और नीति दोषपूर्ण रही है। पत्रकारों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में 'मोर आवास मोर अधिकार' आंदोलन हुआ था क्योंकि लोगों को उनका हक नहीं मिल रहा था। भाजपा सरकार ने उसी अधिकार को सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि 15,000 आत्मसमर्पित नक्सलियों को भी



प्रधानमंत्री आवास की सुविधा दी गई है।

इसके अलावा प्रधानमंत्री जन मन योजना के तहत हजारों घर बने हैं और छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा सड़कों का निर्माण भी इसी योजना के तहत हुआ है। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार 'लैब टू लैंड' के तहत किसानों तक वैज्ञानिक सलाह पहुंचा रही है। इसके लिए चार वैज्ञानिकों की टीम जिलों में जाकर किसानों से खेती-बाड़ी पर चर्चा करेगी। पीएम आवास पर चर्चा करते हुए शिवराज सिंह ने कहा कि वो सरगुजा के कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए छत्तीसगढ़ आए हैं। जहां वो पीएम आवास के हितग्राहियों को मकान की चाबी सौंपेंगे।

साथ ही साथ नए पीएम आवास बनाने को लेकर कई घोषणाएं करेंगे। शिवराज ने पीएम आवास के पिछली सरकार के बचे हुए कामों को भी पूरा करने के लिए सीएम विष्णुदेव साय को धन्यवाद कहा। उन्होंने कहा कि जन मन योजना के तहत अति पिछड़े वर्ग को भी मकान का लाभ दिया जा रहा है। नक्सलियों के आत्मसमर्पण करने के बाद उन्हें भी पीएम आवास के तहत मकान देने की बात कही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में इसके लिए सरकार अलग से अभियान चला रही है। इस अभियान में केंद्र सरकार भी प्रदेश सरकार के साथ है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में अब सड़कों का जाल बिछा है। 42471 किलोमीटर की सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से बनाई गई है,472 नए पुल बनाए गए हैं। इस योजना के तहत नई सड़कें भी बनीं हैं। प्रदेश में 715 सड़कें 1192 करोड़ की राशि से बनीं हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए भी बढ़िया काम कर रही है। आजीविका मिशन के तहत 4 लाख 32 हजार लखपति बहनें बनाने का लक्ष्य है। समावेशी आजीविका में छत्तीसगढ़ ने काम किया है वो अविश्वसनीय है, 3 लाख 23 हजार लखपति दीदियां प्रदेश में बन चुकी हैं। छत्तीसगढ़ राज्य में किसान आईडी बनाने में अच्छा काम किया है। इस पत्रकार वार्ता में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी उपस्थित थे।

# प्राणी उद्यानों में बर्ड फ्लू से सुरक्षा के लिए कड़ी सावधानी बरती जाये : मुख्यमंत्री

**लखनऊ 13 मई (हि.स.) :** प्रदेश में एच-5 एवियन इंफ्लुएंजा (बर्ड फ्लू) संक्रमण की आशंका को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को संबंधित अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रदेश के समस्त प्राणी उद्यानों, पक्षी विहारों, नेशनल पार्कों, वेटलैंड क्षेत्रों और गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित पशु-पक्षियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता पर सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस संक्रमण को रोकने के लिए केंद्र व राज्य सरकार की गाइडलाइनों के अनुरूप सभी आवश्यक कदम तत्परता से उठाए जाएं। प्राणी उद्यान परिसरों को नियमित रूप से सैनेटाइज किया जाए। आवश्यकतानुसार ब्लो टॉर्चिंग की प्रक्रिया भी अपनाई जाए। सभी वन्य जीवों एवं पक्षियों की जांच की जाए और गहन जांच के उपरांत ही उन्हें आहार उपलब्ध कराया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी कर्मचारियों को एवियन इंफ्लुएंजा से संबंधित



विस्तृत जानकारी दी जाए तथा उन्हें व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई किट) सहित आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएं।

बाड़ों में नियुक्त कर्मचारियों की ड्यूटी इस जोखिम के स्तर को ध्यान में रखते हुए तय की जाए। राज्य के सभी पोल्ट्री फार्मों की मानकों के अनुरूप विशेष निगरानी की जाए और पोल्ट्री उत्पादों के आवागमन पर सतत नियंत्रण रखा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि एवियन इंफ्लुएंजा के मनुष्यों पर पड़ने वाले प्रभावों की भी स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से गहन समीक्षा हो, ताकि संक्रमण की कोई भी कड़ी मानव समाज तक न पहुंच पाए। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, नई दिल्ली, राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, स्वास्थ्य मंत्रालय, मत्स्यपालन एवं डेयरी विभाग, भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, इज्जतनगर (बरेली) आदि से लगातार संपर्क बनाकर सुझाव लिए जाएं और आवश्यकतानुसार क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि जिला प्रशासन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी और मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के बीच समन्वय को सशक्त बनाया जाए ताकि सभी निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित हो सके।